सुप्रभात
रांची, मंगलवार
23.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 279

12 योगी जैसा साथी मेरे लिए गर्व की बात : मोदी

## न्यूज डायरी

### जेपीएससी पीटी का रिजल्ट जारी

**रांची।** जेपीएससी की ओर से झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के पीटी का रिजल्ट सोमवार देर शाम जारी कर दिया गया। जेपीएससी की ओर से 17 मार्च को पीटी की परीक्षा आयोजित की गयी थी। इस परीक्षा में अभ्यर्थियों ने अनियमितता का भी आरोप लगाया था। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि अभ्यर्थी पीटी का रिजल्ट जेपीएससी की वेबसाइट पर देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य परीक्षा की संभावित तिथि 22 से 24 जून प्रस्तावित है।

### योगेंद्र की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद-बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा ईडी की जांच में हुआ है।

### 30 देशों के भक्तों ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान श्रीरामलला का दर्शन करने सोमवार को 30 देशों से 90 विदेशी श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं का नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड अंबेस्डर व दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं का स्वागत रामनामी अंगवस्त्र देकर व माथे पर चंदन का तिलक लगाकर किया गया। इस दौरान प्रवासी भारतीयों की 400 श्रद्धालुओं की टोली ने भी रामलला के दर्शन किये।

### गिरिडीह में 34 गोवंश बरामद, चार गिरफ्तार

**गिरिडीह।** बगोदर थाना पुलिस ने सोमवार को गोवंश लोड गाड़ियों को जब्त किया, जिसमें कई बछड़ों समेत 34 गोवंश लदे थे। इस दौरान पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। इस बाबत थाना प्रभारी सुख सागर सिंह ने बताया कि वाहनों में लोड गोवंश को बिहार से पश्चिम बंगाल पहुंचाया जा रहा था। गोवंश को मुक्त कराकर मधुबन गोशाला भेजा दिया गया है।

### हेमंत की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

**रांची।** बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गयी थी।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 68300 रु./10 ग्राम
चांदी : 86000 रु./प्रति किलो




## गोड्डा लोकसभा चुनाव बना हॉट केक, कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों की जुबानी जंग तेज

# जीता तो जनसेवा, हारा तो राजनीति से संन्यास : प्रदीप यादव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में गोड्डा लोकसभा चुनाव हॉट केक बनता जा रहा है। यहां पर दो पुराने प्रतिद्वंदियों के बीच मुकाबला है। प्रत्याशियों के बीच जुबानी जंग तेज हो गया है। एक तरफ भाजपा के लगातार तीनबार के सांसद निशिकांत दुबे ने अपने प्रतिद्वंदी प्रदीप यादव के खिलाफ चुनाव प्रचार नहीं करने का एलान कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ



कांग्रेस उम्मीदवार की ओर से भी उन्हें करारा जवाब दिया गया है। गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव ने बहुत बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मेरा आखिरी चुनाव है। अगर लोकसभा चुनाव जीता तो जनता की सेवा करूंगा नहीं तो राजनीति से संन्यास लेने का प्रयास करूंगा, विधानसभा चुनाव भी नहीं लड़ूंगा। प्रदीप यादव ने कहा कि पांच बार विधानसभा से जीत चुका हूं, विधानसभा में क्षेत्र की आवाज उठा चुका हूं, लोगों का आशीर्वाद ले चुका हूं, अब दिल्ली में लोगों की आवाज उठाउंगा।

**फालतू बातों पर ध्यान न दें :** वहीं पार्टी प्रत्याशी बदने जाने पर प्रदीप यादव ने कहा कि यह फैसला पार्टी नेतृत्व का है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि फालतू बातों पर ध्याम नहीं दें। उन्होंने कहा कि निशिकान्त दुबे क्या लिखते हैं उस पर नहीं जाना है। हम सभी घटक दल को एक साथ होकर देश को बचाने के लिए संविधान को बचाने के लिए चुनाव लड़ना है। (शेष पेज 11 पर)

### नहीं करूंगा प्रचार, सिर्फ रिजल्ट लेने जाउंगा : निशिकांत

#### बलात्कार के आरोपी के खिलाफ कोई प्रचार नहीं

वहीं गोड्डा सीट से कांग्रेस द्वारा प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाये जाने के बाद निशिकांत दुबे ने प्रचार नहीं करने का एलान किया है। उन्होंने पहले ही कहा था कि अगर प्रदीप यादव उनके सामने चुनाव प्रचार के लिए आते हैं तो वे प्रचार नहीं



करेंगे। वे सीधा रिजल्ट लेने जायेंगे। गोड्डा से प्रदीप यादव के नाम की घोषणा के साथ ही निशिकांत दुबे ने ऐलान कर दिया है कि वह अब चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। अब वे सिर्फ चाय, नाश्ता करेंगे और क्रिकेट खेलेंगे। वे रिजल्ट वाले दिन सीधे अपना रिजल्ट लेने जायेंगे। उन्होंने आगे कहा था कि अगर कांग्रेस प्रदीप यादव के अलावा किसी और को अपना उम्मीदवार बनाती है तब वह प्रचार करते।

## एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा ने भरा पर्चा, कहा-

# जोबा लड़ें या चंपई, मोदी की गारंटी पड़ेगी भारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने चाईबासा से सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया है। वहीं खूंटी से भारत आदिवासी पार्टी की बेलोसा बबीता कच्छप ने नॉमिनेशन किया है। चाईबासा समाहरणालय में पर्चा दाखिल करने के बाद गीता कोड़ा ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि सिंहभूम लोकसभा सीट से जोबा मांझी चुनाव लड़े या मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इन सब पर मोदी सरकार की 10 साल की गारंटी भारी पड़ेगी। गीता कोड़ा के नामांकन के समय राज्य के दो पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी और मधु कोड़ा संगठन महासचिव कर्मवीर सिंह, समेत अन्य मौजूद थे। चाईबासा संसदीय सीट के लिए 13 मई को वोट पड़ेगा। यहां गीता कोड़ा का सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन की ओर से ओर से झामुमो उम्मीदवार जोबा मांझी से है। वह 23 मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। नामांकन करने के पूर्व गीता कोड़ा अपने पति पूर्व सीएम मधु कोड़ा के साथ चाईबासा के गांधी मैदान पहुंचे। गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद गीता कोड़ा ने कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा शुरू की। खुंटाकाटी मैदान पहुंचकर उन्होंने सभा में लोगों को संबोधित भी किया।



### संविधान के खिलाफ बात नहीं की : कच्छप

वहीं पत्थलगड़ी आंदोलन से चर्चा में आयी बेलोसा बबीता कच्छप ने भी खूंटी लोकसभा सीट से अपना परचा दाखिल कर दिया है। समर्थकों संग निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में जाकर अपना नामांकन दाखिल किया। वह, पतरा मैदान से रोड शो करते हुए समाहरणालय पहुंचीं। बेलोसा बबीता कच्छप भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के टिकट पर लोकसभा का चुनाव खूंटी से लड़ रहीं हैं। खूंटी में ही पत्थलगड़ी आंदोलन हुआ था, जिसमें बड़ी संख्या में कई गांवों के लोगों ने अपने सारे सरकारी दस्तावेज जला दिये थे। सरकार के खिलाफ बगावत का ऐलान कर दिया था। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी संविधान के खिलाफ बात नहीं की। संविधान के दायरे में आदिवासियों को उनका अधिकार दिलाने की बात की।

# आज अर्जुन मुंडा, जोबा समेत कई करेंगे नामांकन

## खूंटी में रहेंगे राजनाथ सिंह, सिंहभूम में सीएम, कल्पना और बसंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण और झारखंड में पहले चरण के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। मंगलवार को खूंटी लोकसभा सीट से एनडीए की ओर से भाजपा के अर्जुन मुंडा, इंडिया ब्लाक की ओर से कांग्रेस के नीलकंठ सिंह मुंडा, सिंहभूम लोकसभा सीट से झामुमो जोबा माझी और पलामू से राजद की ममता भुईंया नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

### कल्पना की मौजूदगी में जोबा भरेंगी पर्चा

सिहंभूम सीट से जोबा माझी के नामांकन में सीएम चमांई सोरेन, झामुमो की स्टार प्रचारक पूर्व सीएम हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और राज्य के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन साथ रहेंगे। नामांकन



से पूर्व चाईबासा के खुटकट्टी मैदान में आयोजित जनसभा को स्टार प्रचारकों के अलावा कोल्हान से पार्टी के विधायक, मंत्री समेत गठबंधन दलों के नेतागण संबोधित करेंगे। नामांकन कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में झामुमो समेत गठबंधन दलों के नेता, कार्यकर्ता और समर्थकों के भाग लेने की संभावना है। जोबा माझी चक्रधरपुर स्थित अपने आवास में दिवंगत पति शहीद देवेंद्र माझी को श्रद्धांजलि अर्पित कर समर्थकों के साथ चाईबासा के लिए रवाना होगी।



सोमवार को जोबा माझी को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने सिंबल प्रदान किया। नामांकन कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए झामुमो-कांग्रेस और राजद की ओर से व्यापक तैयारी की गयी है।

**रक्षा मंत्री राजनाथ आज आयेंगे :** 23 अप्रैल को खूंटी सीट से अर्जुन मुंडा नामांकन करेंगे। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह भी रहेंगे। श्री मुंडा के प्रतिद्वंद्वी कालीचरण मुंडी भी मंगलवार को अपने समर्थकों संग नामांकन करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### कल समीर, बीडी राम व सुखदेव भरेंगे पर्चा

बुधवार 24 को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव और पलामू लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बीडी राम अपना नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं, इंडिया की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए नॉमिनेशन करेंगे। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस के बड़े नेताओं के मौजूद रहने की उम्मीद है। समीर उरांव के नामांकन के समय गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहेंगे। 24 को पलामू और लोहरदगा से क्रमश: वीडी राम और समीर उरांव नामांकन करेंगे। वीडी राम के साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह जबकि समीर उरांव के साथ गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल भी रहेंगे। श्री पटेल रांची आकर यहां से लोहरदगा जाएंगे।

## आदिवासियों की सुरक्षा, सम्मान मोदी की गारंटी है

# दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे : शाह

**एजेंसी**

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां कहा कि जब तक नक्सलवाद है, तब तक सुख सुविधाएं नहीं पहुंच सकतीं। उन्होंने कहा कि नक्सलवादी अगर आत्मसमर्पण करने के लिए ना समझे तो वे जान लें कि दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंक दिया जायेगा। गृह मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने जैसे आतंकवाद को समाप्त किया, वैसे ही नक्सलवाद के समाप्त कर रहे हैं। पिछले चार महीने में 90 से ज्यादा नक्सली मारे गये और 250 ने आत्मसमर्पण किया। दो साल के अंदर छत्तीसगढ़ से नक्सलियों को उखाड़ फेकेंगे। उन्होंने बचे हुए नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की



सलाह दी। उन्होंने कहा कि जल, जंगल जमीन के साथ आदिवासियों की सुरक्षा के साथ सम्मान की गारंटी भी मोदी देते हैं। संसाधन पर पहला हक आदिवासियों और गरीबों का है, पर कांग्रेस की सोच इससे अलग है। श्री शाह बस्तर संभाग के कांकेर लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, जिससे भारत दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए। पिछले दस साल में देश में बड़ा परिवर्तन हुआ है। श्री शाह ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर निमंत्रण पत्र भेजा गया। (शेष पेज 11 पर)

### वेंकैया नायडू समेत कई हस्तियां पद्म पुरस्कारों से सम्मानित

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-कमें वर्ष 2024 के लिए 3 पद्म विभूषण, 7 पद्म भूषण और 55 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किये। दरबार हाल में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉ. पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण प्रदान किया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पाठक की पत्नी अमोला ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

राष्ट्रपति ने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, पॉप गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक, डॉ. सीताराम जिन्दल, हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो. तेजस मधुसूदन पटेल, दत्तात्रेय अंबादास मायालू और डॉ. सीपी ठाकुर को पद्म भूषण प्रदान किया। राष्ट्रपति ने इसके अलावा टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और असम के ओजपली लोक नर्तक द्रोण भुइयां सहित अन्य को पद्मश्री प्रदान किया। इस मौके पर उपराष्ट्रपति पीएम मोदी , अमित शाह सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते हैं।

## ट्रिपल मर्डर से दहला लातेहार

# सिरफिरे पुत्र ने पिता, भाभी और भांजी को मार डाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरयू (लातेहार)।** जिले के सरयू टिओपी क्षेत्र के डबरी गांव में एक सरफिरे बेटे ने अपने घर के तीन सदस्य पिता और चचेरी भाभी व भांजी को कुल्हाड़ी से काट कर मौत का घाट उतार दिया। बड़े भाई और अपने पत्नी को कुल्हाड़ी से मार कर घायल कर दिया। इस ट्रिपल मर्डर की वारदात से पूरे इलाके में दहशत है। मृतकों में आरोपी के पिता सूरज उरांव, भाभी अनुपमा देवी और भगिनी मंसूरिया देवी शामिल हैं। सूचना मिलने पर पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**मार देने की धमकी देता था**

ग्रामीणों ने बताया कि रंजन उरांव नामक कुछ दिनों से दिमागी हालत से ठीक नहीं था और अपने घर परिवार लोगों को बार बार जान से मारने का धमकी देता था। घर-परिवार के लोगों इस बात को नहीं समझ पा रहे थे। ग्रामीणों रामावतार नायक, जवाहर उरांव, वासुदेव उरांव ने बताया कि रविवार की देर रात रंजन उरांव ने पिता सूरज उरांव (62) चचेरी भाभी अनूपा देवी ( 31) और भगिनी मंसूरी देवी (28) को कुल्हाड़ी से काट दिया। दोनों महिलाएं उस वक्त कुएं के पास बर्तन धो रही थी। युवक ने दोनों का सिर कुल्हाड़ी से काट अलग कर दिया। ग्रामीण इलाका होने के कारण लोगों और पुलिस को सोमवार को इसकी खबर मिली। बीच बचाव करने आए बड़े भाई अमलेश उरांव और पत्नी हीरा मुनी देवी को भी निशाना बनाते हुए कुल्हाड़ी से मार कर गंभीर रूप से घायल कर। इस दर्दनाक घटना को देखते हुए डबरी समेत आस पास के गांवो में दहशत का माहौल बना गया है। वहीं गारू थाना प्रभारी सोनू कुमार, सरयू टीओपी प्रभारी राजेश मुर्मू ने घटनास्थल पर पहुंच कर तीनों शव को अपने कब्जे में लिया। फिर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

# सरयू राय की घोषणा, धनबाद से पार्टी चुनाव लड़ेगी

### 24 घंटे के भीतर करेंगे प्रत्याशी के नाम की घोषणा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**धनबाद।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ( भाजमो ) सुप्रीमो सरयू राय ने कहा कि उनकी पार्टी धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगी। पार्टी अगले 24 घंटे के भीतर अपने पार्टी के प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर देगी। सरयू राय ने कहा की उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को समर्थन नहीं दिया है। राय ने कहा कि अनुपमा सिंह उनसे मिलने



जरूर आयी थी, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत आशीर्वाद दिया था जो एक बेटी और बहू को दिया जाता है।

सोमवार को सरयू राय यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। श्री राय ने कहा कि धनबाद से वह खुद लड़ेंगे या पार्टी किसी अन्य को प्रत्याशी बनायेगी, इसका फैसला पार्टी के पांच पांडव करेंगे। इसमें मैं भी हो सकता हूं या इन पांच पांडव में से कोई एक हो सकता है। इसका खुलास मंगलवार को करेंगे। जमशेदपुर के विधायक श्री राय सोमवार को धनबाद में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

### मेरी लड़ाई न भाजपा से न कांग्रेस से

संवाददाता सम्मेलन में सरयू राय ने कहा कि मेरी लड़ाई न भाजपा से है और न ही कांग्रेस से है। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के जो विधायक है, जिन्हें अभी प्रत्याशी बनाया गया है, उनके क्रियाकलापों के खिलाफ हमारी लड़ाई है। यह लड़ाई सिर्फ चुनाव तक ही नहीं रहेगी। यदि वे जीत भी गये तब भी जारी रहेगी। उन्हें सलाखों तक पहुंचाना ही हमारा मुख्य उदेश्य है। रही बात पार्टी के चुनाव लड़ने की तो हमारी कोर कमेटी में पांच पांडव हैं, वहीतय करेंगे कि धनबाद के रण में कौन उतरेगा।

**कार्यकर्ताओं को नीचा दिखा रही भाजपा :** श्री राय ने कहा कि खुद को अनुशासित पार्टी कहने वाली भाजपा आज अपने कार्यकर्ताओं को नीचा दिखाने का काम कर रही है। चुनाव आयोग ने इस बार एक नियम बनाया है कि यदि आपकी पार्टी का प्रत्याशी दागी है तो उसकी पूरी जानकारी पार्टी खुद से दे। प्रदेश भाजपा महासचिव ने एक विज्ञापन जारी कर बताया है कि उनके धनबाद के प्रत्याशी के खिलाफ 19 मुकदमे पेंडिंग है। (शेष पेज 11 पर)

# 50 करोड़ की धोखाधड़ी में पांच पर चार्जशीट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बैंक से लोन दिलाने के नाम पर सीसीएल कर्मियों के हस्ताक्षर युक्त ब्लैंक चेक से फर्जी तरीके से संगठित आपराधिक गिरोह अपने खाते में करीब 50 करोड़ रुपए हस्तांतरित करने से जुड़े धोखाधड़ी के एक मामले में अपराध अनुसंधान विभाग ने जांच पूरी कर ली। साथ ही इस मामले में पांच अभियुक्तों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। दाखिल चार्जशीट में कमल कुमार सिंह, मोहम्मद जमीर मियां, बिट्टू कुमार रजक, मेहुल कुमार व राहुल कुमार का नाम शामिल है। सीआइडी टीम ने इन आरोपियों को 16 दिसंबर 2023 को एक साथ दबोचा था। तब से पांचों जेल में है। सभी आरोपी रामगढ़ व पतरातू इलाके के रहनेवाले हैं। सीआईडी ने केस दर्ज होने के बाद छापेमारी की थी। इसमें चार मोबाइल, एक लैपटाप, दो कंप्यूटर व बैंक से संबंधित दस्तावेज बरामद किया गया था। बैंक अधिकारियों को पांडेय गिरोह के नाम से डरा-धमका कर लोन पास करवाते थे। (शेष पेज 11 पर)

## जेएमएम का आरोप : मारपीट की घटना में बीजेपी का हाथ, सुप्रियो बोले

# रैली में उमड़े जन सैलाब ने बता दिया कि जनता को केंद्र में सत्ता परिवर्तन चाहिए

### उलगुलान न्याय महारैली को बताया पूरी तरह सफल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झामुमो ने धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में गत रविवार को आयोजित उलगुलान रैली को सफल बताया है। जेएमएम के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसके लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों का आभार व्यक्त करते हुए जनता को धन्यवाद दिया। वहीं उन्होंने कहा कि प्रभात तारा मैदान में जन सैलाब यह बताता है कि अब देश में परिवर्तन की बयार बन चुकी है और लोग परिवर्तन चाहते हैं। बीजेपी राज से जनता मुक्ति चाहती है। उलगुलान न्याय महारैली में अब स्पष्ट हो गया है कि झारखंड का मूड क्या है। हम लोगों ने महसूस किया कि जन नेता हेमंत सोरेन के साथ हुए अन्याय को लेकर लोगों में आक्रोश है। बीजेपी को समझ लेना चाहिए की जनता क्या चाहती है और बयानवीर को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

### प्रायोजित थी मारपीट की घटना

रैली में मारपीट की जो घटना घटी वह अप्रत्याशित थी। हमे लगता है कि बीजेपी की तरफ से प्रायोजित किया गया था। बीजेपी हताश और निराश होकर ऐसा काम की है। मारपीट की घटना टार्गेटेड थी, जो बीजेपी का कर्मकांड है।

### बसंत की तबियत खराब, नहीं हुए शामिल

जेएमएम की अगुआई में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन 21 अप्रैल को किया गया था। इस कार्यक्रम का पूरा जिम्मा जेएमएम को सौंपा गया था। लेकिन इंडी गठबंधन के इतने बड़े कार्यक्रम में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन की कार्यक्रम में अनुपस्थिति चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसपर सफाई देते हुए पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गिरिडीह विधायक गांडेय में व्यस्त थे और बसंत सोरेन की तबियत खराब हो गयी थी। जिसकी वजह से यह दोनो लोग कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए।

## प्रतुल बोले : रैली के सेंटर में कल्पना, सीएम चंपई सोरेन हुए किनारे

# उलगुलान न्याय महारैली परिवार तंत्र को मजबूत करने का जरिया : भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश को प्रतुल शाहदेव ने न्याय उलगुलान रैली को परिवार तंत्र को मजबूत करने का जरिया बताया है। श्री शाहदेव सोमवार को पार्टी के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे रैली के दौरान कल्पना सोरेन को केंद्र में रखकर अगला नेता के रूप में प्रोजेक्ट करने की कोशिश की गई। कल्पना सोरेन बिल्कुल केंद्र में बैठी रही। जबकि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को मंच पर उनके पद के हिसाब से उचित स्थान नहीं मिला। जब मुख्यमंत्री को बोलने का मौका दिया गया तो उनके समर्थन में नारे भी नहीं लगे और उस समय तक सभा स्थल से भीड़ जा चुकी थी। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाषण शुरू होने के वक्त मंच से कई बड़े नेता उतर कर चले गये। यह एक आदिवासी मुख्यमंत्री का अपमान के समान है। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने की बात करने वाले इंडी गठबंधन के लोगों को बताना चाहिए की 1975 में आपातकाल क्यों लगाया और 1976 में 42वें संशोधन के जरिये संविधान के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने की कोशिश क्यों की गई। उन्होंने कहा लोकतंत्र बचाने की बात कहने वाले लोगों की रैली में सहयोगी दल के सैकड़ों समर्थकों के बीच में खूनी संघर्ष हुआ। कई को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अब निराश हताश झामुमो और कांग्रेस भाजपा पर हंगामा का आरोप लगा रही है। जबकि वीडियो फुटेज से स्पष्ट है कि कांग्रेस और राजद के नेता कार्यकर्ता एक दूसरे को पीट रहे थे।

### एक दिन पूर्व बसंत ने किया था स्थल निरीक्षण

उन्होंने कहा कि प्रभात तारा मैदान में रैली के एक दिन पूर्व बसंत सोरेन निरीक्षण करते नजर आये, लेकिन रैली के दिन पूर्णत गायब रहे। मीडिया में यह खबरें फैली कि इस रैली से सिर्फ कल्पना सोरेन को प्रोजेक्ट करना था। सोरेन परिवार के किसी दूसरे सदस्य को नहीं बोलने देना था। संभवतः इसी कारण से वह नहीं आये। उन्होंने कहा कि रैली में शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन जिंदाबाद के नारे लगे लेकिन स्व विनोद बिहारी बिहारी, स्व निर्मल महतो और स्व दुर्गा सोरेन को पार्टी ने भुला दिया।

# उलगुलान रैली में मारपीट व आचार संहिता उल्लघंन मामले में केस दर्ज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान महारैली में मारपीट को लेकर धुर्वा थाना में दो लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराया गया है। वहीं पंप्लेट्स और पोस्टर को लेकर जेएमएम के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर कोतवाली थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

**जेएमएम के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मामला :** कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि जेएमएम के कार्यकर्ताओं ने जो पोस्टर्स और पंप्लेट्स छपवाए थे वो अचार संहिता के खिलाफ है। इसीलिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर जेएमएम पार्टी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

### रैली में मारपीट को लेकर एफआईआर दर्ज



धुर्वा थाना क्षेत्र के प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडी गठबंधन की ओर से उलगुलान न्याय महारैली में दो पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई थी। चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी ने धुर्वा थाना में प्रभु दयाल यादव के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, प्रभात तारा मैदान में दिन के 2.30 बजे चल रहे कार्यक्रम में काला बिल्ला लगाकर 23-25 लोग कार्यक्रम में घुसे और इंडिया गठबंधन का विरोध करने लगे। जब नंद गोपाल त्रिपाठी ने इसका विरोध किया तो कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। उनके सिर पर तख्ते के डंडे से हमला किया। इस हमले में उनका सिर फट गया। हमला करने वाला प्रभु दयाल यादव था। उसके साथ 20-25 लोग थे जो विरोध कर रहे थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा**

**आम सूचना**

एतद द्वारा चतरा जिला के सभी प्रखण्डों के आम जनों को सूचित किया जाता है कि ग्रीश्म ऋतु को ध्यान में रखकर उक्त क्षेत्रों में प्रर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा अन्तर्गत जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष (Control Room) का गठन किया गया है। जिसके प्रभारी श्री अरविंद कुमार सिंह, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, चतरा एवं उनके अधीनस्थ कर्मी के रूप में श्री अमित कुमार एवं श्री वासुदेव उरांव पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा के नियंत्रण कक्ष में रहेंगे साथ ही उक्त क्षेत्र के ग्रामीण जनता नलकूप मरम्मति/ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं के मरम्मति की शिकायत कार्यालय अवधि में अथवा लिखित आवेदन से शिकायत दर्ज करा सकते है। शिकायत प्राप्त होने पर उसके निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई की जायेगी। पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल चतरा/ सिमरिया/हण्टरगंज में भी संबंधित ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराया जा सकता है एवं राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के Toll Free No 18003456502 पर भी शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

पेयजलापूर्ति आपूर्ति संबंधी शिकायत को निराकरण हेतु प्रखण्डों में पदस्थापित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं० निम्नांकित है जिसपर उनसे संपर्क किया जा सकता है।

| क्र० | प्रखण्ड का नाम | कनीय अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं० | सहायक अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं० |
|---|---|---|---|
| 1. | चतरा शहरी | श्री राकेश कुमार पाल 8936083121 | श्री अरविंद कुमार सिंह 9931972161 |
| 2. | कान्हाचट्टी/चतरा ग्रामीण | श्री कमल कुमार महतो 8252063169 | |
| 3. | ईटखोरी | श्री मंगल सिंह वाहान्दा 8674928011 | |
| 4. | मयूरहण्ड | | |
| 5. | गिद्धौर | | |
| 6. | पत्थलगड्डा | | |
| 7. | प्रतापपुर | श्री राकेश कुमार पाल 8936083121 | मो० फैसल अंसारी 8851790994 |
| 8. | कुन्दा | | |
| 9. | हण्टरगंज | | |
| 10. | सिमरिया | श्री कमल कुमार महतो 8252063169 | |
| 11. | टण्डवा | | |
| 12. | लावालौंग | | |

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 323988 Drinking Water and Sanitation(24-25).D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(उत्पाद शाखा)**

**-: आदेश :-**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांकः 01/नि०वि०– 22–23(पार्ट–1) 2020/1186, दिनांकः 18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांकः 01/नीति–05–10/ 2022–651, दिनांकः 01.04.2024 एवं पत्रांकः 05/मु०स्था०–15–01/2019–814, दिनांकः 12.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव, 2024 के अवसर पर कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से मैं **मेघा भारद्वाज** (भा०प्र०से०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा–135 (ग) एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा– 26 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदान समाप्ति के लिये नियत समय के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुनर्मतदान के दिन को सम्पूर्ण कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थों के बिक्री पर रोक से संबंधित शुष्क दिवस (DRY DAY) निम्न प्रकार घोषित करती हूँ रू– क्र० सं० लोकसभा क्षेत्र का नाम चरण मतदान की निर्धारित तिथि कोडरमा जिलान्तर्गत शुष्क दिवस (DRY DAY) निम्न प्रकार घोषित करती हूँ :–

| क्र० सं० | लोकसभा क्षेत्र का नाम | चरण | मतदान की निर्धारित तिथि | कोडरमा जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 14–हजारीबाग 05–कोडरमा | पंचम चरण | 20.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांकः 18.05.2024 को अपराहन 5:00 बजे से दिनांकः 20.05.2024 को अपराहन 5:00 बजे तक |
| 2. | 06–गिरीडीह | शष्टम चरण | 25.05.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांकः 23.05.2024 को अपराहन 5:00 बजे से दिनांकः 25.05.2024 को अपराहन 5:00 बजे तक |

मतगणना हेतु निर्धारित तिथि :–

| क्र० सं० | मतगणना हेतु निर्धारित तिथि | कोडरमा जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि |
|---|---|---|---|
| 3. | 04.06.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांकः 04.06.2024 को |

उपरोक्त घोषित किये गये शुष्क दिवस (DRY DAY) की अवधि में कोडरमा जिले की सभी खुदरा उत्पाद दुकानें (होटल, रेस्तरॉं एवं बार सहित) एवं अन्य सभी उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे एवं किसी होटल, बार एवं रेस्तरॉं/ क्लब या अन्य ऐसे प्रतिष्ठान में मदिरा की न तो बिक्री की जा सकेगी और ना ही उपलब्ध कराया जा सकेगा तथा भोजनालय, दुकान या किसी अन्य निजी अथवा सार्वजनिक स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा और ना ही वितरित किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के उपबंधों एवं आयोग के निर्देश का उलंघन करेगा तो दोषी व्यक्ति को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा– 135 (ग) एवं झारखण्ड उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत दण्डित करने की कार्रवाई की जायेगी।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 323989 Election (24-25)_D


# चुनाव में जीत की रणनीति बनाने में जुटी कांग्रेस

### प्रदेश प्रभारी के साथ कांग्रेसी मंत्रियों की बैठक आयोजित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंडिया गठबंधन के तहत झारखंड की सात लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही कांग्रेस के नेताओं ने सोमवार को कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के धुर्वा स्थित आवास पर बैठक की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। वहीं कुछ समय के लिए बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी शामिल हुए।

बैठक के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर अहम बिंदुओं पर बातचीत हुई है। प्रत्याशियों के नामांकन को लेकर भी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि टिकट बंटवारे को लेकर कुछ नाराजगी जरूर सामने आई है, लेकिन आलाकमान का फैसला है। चुनावी समीकरण और अन्य पहलुओं को देखकर टिकट देना और टिकट बदलने का निर्णय आलाकमान द्वारा लिया जाता है।

### इंडिया के लिए सभी को करना है काम : बन्ना



स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के सभी लोकसभा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराने के लिए समन्वय बनाकर और मिलकर काम करने पर बैठक में चर्चा हुई है।

### चुनाव के समय इस तरह की बैठक होना स्वभाविक : राजेश ठाकुर



वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव का वक्त है लिहाजा इस तरह की बैठकें होना स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि जिस तरह उलगुलान न्याय महारैली के दौरान इंडिया दलों के बीच चट्टानी एकता दिखीं और बढ़िया संदेश राज्य भर में गया है, उसी तरह कैसे हम अपने और अपने सहयोगी दलों के नामांकन में एकजुटता प्रदर्शित करें, बैठक में इसकी योजना भी बनाई गयी है। दीपिका पांडेय सिंह का टिकट कटने के मुद्दे पर राजेश ठाकुर ने कहा कि मीडिया में भी लगातार खबरें चल रही थी और पार्टी के अंदर भी कार्यकर्ताओं में कई तरह की नाराजगी थी। आलाकमान के पास अपने इनपुट्स थे। आलाकमान इन्हीं इनपुट्स के आधार पर टिकट देने और बदलने का काम करती है। राजेश ठाकुर ने कहा कि कल उनके प्रत्याशी कालीचरण मुंडा खूंटी लोकसभा सीट से, राजद उम्मीदवार ममता भुइंया पलामू से और जोबा मांझी सिंहभूम से नामांकन करेंगी, जबकि 25 को सुखदेव भगत का नामांकन होगा। ऐसे में नामांकन के दौरान सभी सहयोगो दलों के बीच समन्वय दिखे, इस पर भी चर्चा हुई।

# कांग्रेस व झामुमो भ्रष्टाचार के सहोदर भाई : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/चाईबासा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार एनडीए गठबंधन को 14 सीट जीतना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीट लेकर तीसरी बार देश की बागडोर संभालें, यही निवेदन करने आया हूं। श्री मरांडी सोमवार को चाईबासा में लोगों को संबोधित कर रहे थे। श्री मरांडी सांसद प्रत्याशी गीता कोड़ा के नामांकन के अवसर पर चाईबासा पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में देश और झारखंड के लिए काफी काम किया है। पार्टी ने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का नारा दिया है। इस दौरान सभी वर्गों के लिए काम किया। पिछली किसी भी सरकार ने अपने कार्यकाल में इतना काम नहीं किया। भाजपा जो कहती है, वह करती है। झारखंड अलग राज्य भी भाजपा की देन है। झारखंड की लड़ाई वर्षों से लड़ी जा रही थी। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इस राज्य की लोगों की भावना का कद्र नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 लाख का उनका बीमा कर दिया। अब गरीब अच्छे अस्पताल में मुफ्त में इलाज कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कहा कि सामने जो प्रतिद्वंदी है, उसके पास ना नीति है और ना नियत है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड के लोगों के साथ छल किया है।

### अर्जुन मुंडा ने कर्रा में चलाया जनसंपर्क अभियान



**रांची/खूंटी।** भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार खूंटी के कर्रा प्रखंड स्थित ग्राम लापा और उड़ीकेल में ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाएं हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद के दोनों सदनों में पास कराकर आधी आबादी को हक दिया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में नारी शक्ति का भरपूर समर्थन भाजपा को मिलने जा रहा है।

## खबर एक नजर में

### हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

**रांची।** बड़गाईं अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर आज मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। पिछली सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई थी। हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुये 15 अप्रैल को अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की है। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है। वह बड़गाई अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद हैं।

### अंतु तिर्की समेत पांच आरोपियों को आज ईडी करेगी कोर्ट में पेश

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बडगाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़े मामले में आरोपी जेएमएम नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और इरसाद अख्तर को पांच दिनों की पूछताछ के बाद मंगलवार को ईडी के विशेष अदालत में पेश किया जायेगा। अदालत ने पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर ईडी को पूछताछ करने की अनुमति 18 अप्रैल को प्रदान की थी। ईडी ने 19 अप्रैल को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार से चारों को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस रिमांड की अवधि 23 अप्रैल को समाप्त हो रही है। जानकारी के अनुसार ईडी आगे भी आरोपियों से पूछताछ जारी रखना चाहती है। इसको देखते हुये ईडी और रिमांड की मांग कर सकती है।

## लोकसभा चुनाव 2024 : चतरा संसदीय क्षेत्र का विश्लेषण

# चतरा में आज तक नहीं पहुंची रेल सेवा, हर बार बनता रहा चुनावी मुद्दा, लेकिन नतीजा सिफर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आजादी के 75 साल गुजर जाने के बाद भी चतरा जिले के लोगों को रेल सेवा नहीं मिल पायी है। यह झारखंड के उन जिला मुख्यालयों में शामिल है, जहां से रेल सुविधा नहीं है। भारतीय रेल यहां अपनी सुविधा नहीं पहुंचा सकी है। इसका नतीजा है कि यहां के लोगों को ट्रेन सेवा के लिए कोडरमा, गया या रांची जाना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि यहां रेल सेवा देने की मांग नहीं उठी है। इसकी मांग वर्ष 1957 से हो रही है। इसे लेकर कई बार आंदोलन भी हुआ है। चतरा ही नहीं दिल्ली में भी धरना-प्रदर्शन होते रहे हैं, पर आज भी रेलवे की सुविधा यहां नहीं पहुंची है। वर्ष 2014 में सुनील कुमार सिंह को पहली बार भाजपा ने प्रत्याशी बनाया था। तब मोदी लहर में रिकॉर्ड 1,78,026 वोट से वह जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू को हराया था। इसके बाद 2019 के चुनाव में सुनील सिंह को फिर भाजपा ने उम्मीदवार बनाया। एक बार फिर पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 3,77,871 वोट से उन्होंने जीत हासिल की। तब उन्होंने कांग्रेस के मनोज यादव को हराया था।

**यहां के लोगों को ट्रेन सेवा के लिए कोडरमा, गया या रांची जाना पड़ता है। चतरा में रेल सेवा देने की मांग वर्ष 1957 से हो रही है लेकिन इस पर केंद्र सरकार ने ध्यान नहीं दिया।**



### झारखंड का सबसे छोटा संसदीय क्षेत्र है चतरा

चतरा लोकसभा क्षेत्र वर्ष 1957 में अस्तित्व में आया। इसके पूर्व यह कोडरमा व हजारीबाग का हिस्सा था। वर्ष 1977 तक गया, हजारीबाग, पलामू जिले के कुछ हिस्सों के साथ चतरा एक संसदीय क्षेत्र में से एक था, लेकिन वर्तमान में झारखंड के सबसे छोटा संसदीय क्षेत्र है। चतरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा आते हैं। इसमें चतरा, सिमरिया, लातेहार, मनिका व पांकी विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

### पांच में से दो विस सीटों पर भाजपा का कब्जा

चतरा संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा हैं। इसमें दो भाजपा के कब्जे में है, जबकि कांग्रेस, राजद व झामुमो का एक-एक विधानसभा सीट पर कब्जा है। चतरा में राजद के सत्यानंद भोक्ता, सिमरिया में भाजपा के किशुन कुमार दास, लातेहार में झामुमो के बैजनाथ राम, मनिका में कांग्रेस के रामचंद्र सिंह और पांकी में भाजपा के कुशवाहा शशिभूषण मेहता विधायक हैं।

### 75 साल से चतरावासियों को है रेल का इंतजार

हर लोकसभा चुनाव में यहां चतरा को रेलवे लाइन से जोड़ने का मुद्दा छाया रहता हैं। सभी प्रत्याशी चतरा को रेलवे लाइन से जोड़ने को चुनावी मुद्दा बनाते हैं, पर यह मुद्दा भर बन कर रह जाता है। चुनाव होते हैं, सांसद चुने जाते हैं। फिर पांच साल का कार्यकाल भी गुजर जाता है, लेकिन मांग पर कुछ होता नहीं है। हर बार यहां के मतदाता आशा पालते हैं और फिर निराश भी होते हैं। लगातार आंदोलन के कारण वित्त वर्ष 2007-08 के आम बजट में चतरा-गया रेल लाइन की स्वीकृति मिली थी। 2009 के आम चुनाव से ठीक पहले तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने गया जिला के शेरघाटी में चतरा-गया रेलवे लाइन के लिए आधारशिला रखी थी। 2009-10 के बजट में भूमि अधिग्रहण को लेकर राशि मिली थी, लेकिन राशि कम होने के कारण यह मामला अधर में लटक कर रह गया।

**मनोज कु.सिन्हा (लेखक राजनीतिक विश्लेषक व साहित्यकार हैं)**

सुप्रभात

मंगलवार 23.04.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 04

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित   सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### कतरास में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर

**कतरास।** पचगढ़ी मेन रोड स्थित श्री श्री सालासर बालाजी मंदिर में तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव मनाने की तैयारी चल रही है। आयोजकों के अनुसार 23, 24 व 25 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम को लेकर मंदिर समिति के लोग युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं। मंदिर के पंडित रासबिहारी शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल मंगलवार को सुबह 8 बजे से संगीतमय अखंड रामायण पाठ, सुबह 10 बजे से सवामणी भोग व शाम 6 बजे से बालाजी की आरती की जाएगी, जबकि 24 अप्रैल बुधवार को सुबह आठ बजे से हवन व रामायण पाठ विश्राम, सुबह दस बजे से छप्पन भोग, दोपहर साढे 12 बजे से खिचड़ी महाभोग, शाम साढ़े 5 बजे से बनारस गंगा आरती की तर्ज पर बालाजी आरती की जाएगी। अंतिम दिन 25 अप्रैल गुरुवार को सुबह साढ़े 7 बजे बालाजी की आरती, सुबह 9 बजे से 1008 सहस्त्रनाम पूजन, दोपहर 3 बजे से संगीतमय सुंदरकांड एवं संध्या 6 बजे से महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

### सविमं सिनीडीह में अभिभावकों ने व्यक्त किये विचार

**कतरास।** सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में सोमवार को अभिभावक गोष्ठी हुई। अध्यक्ष श्रीमती पूनम कुमारी एवं प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर गोष्ठी की शुरुआत की। इस गोष्ठी में 54 अभिभावक मौजूद थे, जिन्होंने बहुमूल्य सुझाव भी दिये। प्रस्तावना शिशु वाटिका प्रमुख अनीता कुमारी ने रखी। गोष्ठी में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उत्तम कुमार गयाली ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों पर प्रत्येक दिन कम से कम एक घंटा समय अवश्य देना चाहिए। प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा ने कहा कि ऐसी गोष्ठी से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास संभव है। गोष्ठी का संचालन आचार्य महेंद्र पांडे ने किया। गोष्ठी में उषा साव, सुश्री नमिता कुमारी, पीयूष बेरा, मनोज वर्मा एवं धर्मेंद्र तिवारी मौजूद थे।

### कोयरीडीह गांव से 150 बोतल अवैध शराब जब्त

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में सरिया बगोदर एसडीपीओ धनंजय प्रसाद राम के निर्देश पर रविवार को एफएसटी टीम के प्रभारी अनिल कुमार ने कोयरीडीह गांव में रंजीत राम के आवास पर गोदाम में छापेमारी की। छापेमारी में घर और गोदाम से लगभग 150 छोटी-बड़ी अंग्रेजी शराब की बोतल जब्त की गई है। एफएसटी टीम के आवेदन के आधार पर सरिया थाना उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और कांड का अनुसंधान किया जा रहा है। फरार अभियुक्त रंजीत राम की गिरफ्तारी का भी प्रयास किया जा रहा है।

# धनबाद में ढुल्लू को समर्थन का जदयू का एलान

- बिहार के सीएम नीतीश कुमार से मंत्रणा के बाद पार्टी की घोषणा
- पूरी ताकत से काम करेंगे कार्यकर्ता : सुशील

रामूर्ति पाठक



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में झारखंड में एनडीए ने अपने कोटे से जदयू को एक भी सीट तो नहीं दी लेकिन पार्टी आलाकमान के निदेश पर धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में जदयू की टीम खुल के सामने आ गयी है। जदयू के एक.एक कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी के लिये काम कर 400 पर अबकी बार मोदी सरकार के संकल्प को चरितार्थ करेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हरी झंडी दे दी है। इस बाबत जदयू के नेताओं व प्रमुख कार्यकताओं की बैठक आज हुई जिसमें गठबंधन धर्म का हर हालत में निर्वहन करने का संकल्प लिया। जदयू एनडीए का घटक दल है जो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ; एनडीएद्ध का अंग है। इस संबंध में जदयू के प्रदेश महासव्हिव सुशील कुमार सिंह ने आज यहां बताया कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने हेतु जदयू पुरी मजबूती से काम करेगा। श्री सिंह जदयू की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी हैं। उन्होंने कहा की जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर धनबाद जिला के पार्टी पदाधिकारियों एवं जिले में रहने वाले प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों तथा प्रमुख साथियों की बैठक में सर्वसम्मत से यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन धर्म का निर्वाह करते हुए जदयू के साथियों को तन.मन.धन से धनबाद लोक सभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को विजयी बनाने का आह्वान करते हुए अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इस सन्दर्भ में पिछले दिनों मुख्यमंत्री आवास पटना में नीतीश कुमार से विस्तृत चर्चा हुई। उसके बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद खीरू महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मिला जिसमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष पिन्टू सिंहए रामस्वरूप यादवए राजू कुमार सिंह व धनलाल दूबे आदि मौजूद थे। झारखण्ड में जदयू के नीति निर्धारण की रूपरेखा तैयार की गई। इस सिलसिले में आगे भी एनडीए के सभी घटक दल यथा भाजपाए आजसुए जदयू एवं लोजपा की सामुहिक बैठके आयोजित की जाएगी ताकि भाजपा प्रत्याशी की जीत में कोई कसर न रह जाये। श्री सिंह ने कहा कि चूंकि भाजपा ने पहली बार धनबाद लोक सभा सीट से गरीबो के सही प्रतिनिधि को अवसर दिया है। इसलिए इस अवसर को किसी भी हालत में हाथ से निकलने नहीं ढिया जायेगा और जदयू भाजपा के साथ ताल.मेल बैठाते हुए इस लड़ाई को लड़ेगी और अंजाम तक पहुचाएगी।

**बैठक में ये लोग थे शामिल**

बैठक में मुख्य रूप से पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव धनबाद जिला अध्यक्ष पिन्टू कुमार सिंह व प्रदेश सचिव राजू कुमार सिंह के बी सहाय हाजी हसीब खान तनवीर हसन रंग नायिका बोस विजय जायसवाल उचित महतो युवा जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय विजय सिंह कुशवाहा रीता रानी मंडल सकलदेव राय बबलु मोदक आदित्य पासवान अशोक सिंह नमन भारती साधु पासवान झप्पु सिन्हा शिवचरण महतो डॉ राजेश राम बैजु सिन्हा शंकर सिंह मुन्ना सिन्हा अनिल सिन्हा स्मृति कान्त सिंह शिशिर दा राजकुमार पाण्डेय अनुज कुमार बैजनाथ भगत आदि शामिल हुए।

### लीकेज के करण जलापूर्ति ठप, झरिया क्षेत्र में हाहाकार

**जोड़ापोखर।** झमाडा जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा से झरिया जल मीनार जाने वाली 30 इंची पाइप लाइन में दो जगहों पर रविवार को लीकेज हो गया है। इस कारण झरिया एवं आस पास के क्षेत्रों में सोमवार को जलापूर्ति नहीं हुई । हालांकि सोमवार को झमाडा कर्मियों ने लीकेज की मरम्मत 5 बजे शाम तक पूरी कर ली है। संयंत्र केंद्र के जल भंडारण गृह 12 एमजीडी में जल भंडारण शुरू कर दिया गया है। संबावना है कि देर रात तक जलापूर्ति शुरू हो जाएगी। इस बीच जलापूर्ति ठप रहने से झरिया की दो लाख आबादी पीने के पानी के लिए तरसती रही। भीषण गर्मी में पानी बंद होने से झरिया की जनता में आक्रोश है। जलापूर्ति अधिकारी ने बताया कि लीकेज की मरम्मत की जा रही है।

राजनीतिक दलों के साथ डीसी ने की बैठक

# ‘पहले आओ पहले पाओ’ की तर्ज पर मिलेगी रैली-सभा की अनुमति

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र ने आज यहां कहा कि राजनीतिक दलों को सभाए रैली या अन्य कार्यक्रमों के लिये क पहले आओ पहले पाओ का नियम रहेगा। इसके तहत सुविधा पोर्टल पर कार्यक्रम के 48 घंटा पहले ऑनलाइन आवेदन देना होगा। जिनका पहले मिलेगा उनको अनुमति पहले मिलेगी। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को हुई बैठक में उन्होंने आदर्श आचार संहिताए चुनावी खर्चए हर कार्यक्रम के लिए अनुमति लेने की प्रक्रिया सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों को रैलीएसभा या अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सुविधा पोर्टल पर 48 घंटे से पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने कहा कि हर कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। इसलिए जो भी विवरण व्यय पंजी में दर्ज करेंए वह सही.सही करें। हर खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी उपलब्ध कराएंगे। परिणाम घोषित होने के बाद जांच में खर्च का ब्यौरा गलत पाए जाने पर जीते हुए उम्मीदवार की उम्मीदवारी चुनाव आयोग द्वारा रद्द भी की जा सकती है। वही व्यय कोषांग के वरीय प्रभारी सह स्टेट जीएसटी के उपायुक्त गालिब अंसारी एवं व्यय कोषांग के नोडल सह सहायक आयुक्त जीएसटी ध्रुव नारायण राय ने चुनाव के दौरान रैलीए पदयात्राए नुक्कड़ सभाए बैनर पोस्टर की छपाईए स्टार कैंपेनरए हेलीकॉप्टर का खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि नॉमिनेशन से पहले हर उम्मीदवार को एक नया बैंक अकाउंट खोलना अनिवार्य है। इसमें नामांकन से लेकर परिणाम घोषित होने की तिथि तक प्रतिदिन किए गए खर्च को दशार्ना है। इसी अकाउंट से चुनाव के लिए प्राप्त राशि एवं चुनाव के लिए खर्च की गई राशि का लेन.देन करना है। हर खर्च के लिए वाउचर रखना अनिवार्य है।

**बैठक में थे मौजूद**

बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्राए उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडाए स्टेट जीएसटी के उपायुक्त गालिब अंसारीए सहायक आयुक्त जीएसटी ध्रुव नारायण रायए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह यूआईडी मैनेजर अमित कुमार सिंह आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा बिजनेस एनालिस्ट आनंद पटेल आईएनसी के मिथिलेश तिवारी भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी माधव दास झामुमो के लक्खी सोरेन आजसू के श्री रतीलाल महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

एक नजर में

### आज से कोयंबटूर-बरौनी के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, धनबाद के यात्रियों को भी होगी सुविधा



**धनबाद।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने धनबाद के रास्ते बरौनी-कोयंबटूर बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। कोयंबटूर से गाड़ी संख्या 06059/06060 कोयंबटूर- बरौनी स्पेशल का परिचालन 23 अप्रैल से शुरू होगा। यह ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को कोयंबटूर से सुबह 11.50 बजे खुलकर गुरुवार को सुबह 07.05 बजे धनबाद पहुंचेगी और यहां से 7.15 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी एवं गुरुवार को ही 14.30 बजे बरौनी पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 06060 बरौनी-कोयंबटूर स्पेशल 26 अप्रैल को 23.45 बजे खुलकर शनिवार को 5.50 बजे धनबाद पहुंचेगी और यहां से 6 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी और सोमवार को 3.45 बजे कोयंबटूर पहुंचेगी। बरौनी से इस ट्रेन का परिचालन प्रत्येक शुक्रवार को होगा। यह ट्रेन बरौनी से कोयंबटूर के बीच किउल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, धनबाद, बोकारो, रांची, झारसुगोड़ा, विजयनगरम, विजयवाड़ा, काटपाटी के रास्ते चलेगी। ट्रेन का परिचालन 24 अप्रैल से 28 जून तक होगा।

## डीसी ने वज्रगृह-सह-डिस्पैच व कमीशनिंग का किया मुआयना, दिए कई दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को धनबाद स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक चिन्हित वज्रगृह-सह-डिस्पैच एवं कमीशनिंग के लिए चिन्हित कमरों में चल रही तैयारी का किया निरीक्षण। उन्होंने धनबाद एवं झरिया विधानसभा क्षेत्र के तैयार नक्शे में बने ले आउट के सहयोग से जानकारी ली। सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाये गए स्थानों एवं कमीशनिंग के लिए चिन्हित कमरों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण । में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके अला० डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी सादात अनवर, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह समेत कई अन्य कर्मी मौजूद थे।

**पदाधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने धनबाद स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच एवं कमिशनिंग के लिए चिन्हित कमरों में चल रही तैयारी का निरीक्षण करने के दौरान पदाधिकारियों के साथ कई बूथवार मार्किंग, रोशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

## भूली : पढ़ाई के तनाव में युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के भूली ओपी क्षेत्र स्थित अमन सोसायटी गेट नंबर 3 निवासी 22 वर्षीय युवक इस्माइल खान ने रविवार की रात फांसी लगा कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक के पिता कलेन्द्र खान ने बताया कि उनके पुत्र ने अपने ही कमरे में सीलिंग पंखे की कुंडी में गमछा का फंदा बना कर आत्महत्या कर ली। सुबह देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो संदेह हुआ। आवाज लगाने पर भी कोई हरकत नहीं हुई तो दरवाजा तोड़ दिया। अंदर बेटा पंखे से झूल रहा था। यह दृश्य देख पूरे परिवार में अफरा तफरी मच गई। किसी तरह उसे फंदे से उतार कर आनन फानन में धनबाद के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मृत युवक की पत्नी, मां, पिता और भाई का रो रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने भूली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की गश्ती गाड़ी पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया।

**बड़े भाई के विवाह को लेकर उत्साहित था इस्माइल**

मृतक के पिता ने बताया कि उनका पुत्र बड़े भाई के विवाह की तैयारी कर रहा था और काफी खुश भी था। हालांकि पढ़ाई को लेकर कुछ ज्यादा ही तनाव में रहता था। बताया गया कि पढ़ाई के तनाव के कारण ही उसने आत्महत्या कर ली।

### पूर्वी टुंडी प्रखंड के मैट्रिक में अव्वल छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत मैट्रिक परीक्षा के प्रखंड टॉपर सोहनाद गांव के कृष्णा कुंभकार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मोहित कुमार एवं छात्राओं में सुनीता कुमारी, पूनम कुमारी,लक्ष्मी कुमारी सहित अन्य छात्राओं को झारखंड प्रजापति कुमार महासंघ की ओर से बुके,फूलमालाआदि देकर सम्मानित किया गया। कुम्हार महासंघ के जिला अध्यक्ष मोहन कुंभकार तथा श्रीराम बल्लभ कुंभकार, प्रजापति संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुशील कुमार,प्रकाश कुमार, संतलाल बाबा,महादेव कुंभकार सहित छात्र-छात्राओं के माता-पिता आदि मौजूद थे।

### पृथ्वी को कूड़े-कचरे कर रहे प्रभावित, सूख रही हैं नदियां



**राजकमल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर दी गई पर्यावरण की जानकारी**

**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। बच्चों ने इस अवसर पर विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया। यह जानकारी विद्यालय के उप प्राचार्य मनोज कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण संकट में है। बर्फ के अधिक पिघलने के कारण पृथ्वी की घूमने की गति कम हो रही है, पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। पृथ्वी को कूड़े-कचरे भी कम प्रभावित नहीं कर रहे हैं। नदियां सूख रही हैं। पृथ्वी का क्षरण हो रहा है। पृथ्वी से हरे पेड़-पौधे काटे जा रहे हैं। इस कारण भी धरती का तापमान तेजी से बढ़ता जा रहा है मानव के साथा सभी जीव-जंतु भी प्रभावित हो रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणित की शिक्षिका कल्याणी मिश्रा ने सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर उप प्राचार्य उमा मिश्रा, विद्यालय की प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमलनयन, पार्थ सारथी सरकार सहित 300 की संख्या में बच्चे एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के विरोध में आदिवासी-मूलवासी का प्रदर्शन

**बिनोद बिहारी चौक पर प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष का जलाया पुतला, किया विरोध**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गोड्डा लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बदले जाने के बाद अब धनबाद सीट के उम्मीदवार का विरोध जोर पकड़ने लगा है। सोमवार को आदिवासी-मूलवासी संगठन के लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का जोरदार विरोध किया। नारेबाजी करते हुए लोग बिनोद बिहारी चौक पहुंचे, जहां कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का पुतला जलाया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे गणपत महतो ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी ने केंद्रीय नेतृत्व को गुमराह कर एक घरेलू महिला को टिकट दिलाने का काम किया है। ये लोग भाजपा के साथ मिले हुए हैं और धनबाद से कांग्रेस को हराने के लिए यह सब कुछ किया है। ऐसे उम्मीदवार की जरूरत नहीं है। गोड्डा की तरह धनबाद में भी उम्मीदवार बदला जाना चाहिए। आदिवासी, दलित और पिछड़ों की आबादी इस जिले में 75 प्रतिशत है, जबकि ये लोग एक प्रतिशत भी नहीं हैं, लेकिन पैसा लेकर टिकट दिलाने का काम किया है। हमें स्थानीय उम्मीदवार चाहिए, जो हमारी तकलीफ को समझ सके और उसका निदान करे। आज तक राष्ट्रीय पार्टी ने एक भी स्थानीय को लोकसभा का उम्मीदवार नहीं बनाया है। पिछली बार इसी वजह से कीर्ति आजाद हारे थे। खुद पार्टी के प्रदेश प्रबारी कहते हैं कि जिसका जितना बहुमत, उसका उसका उतना हक। फिर 75 प्रतिशत को क्यों दरकिनार किया गया। विरोध कर रही पुष्पा कुमारी ने कहा कि अब हमें बाहरी नेतृत्व नहीं चाहिए। क्या हमलोग झारखंड में सिर्फ झंडा ढोने के लिए हैं। हमारे बीच के लोगों को पार्टी को टिकट देना होगा, अन्यथा विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हर हाल में राजनीति में हमारा प्रतिविधित्व मिलना चाहिए।



बिनोद बिहारी चौक पर प्रदर्शन करते आदिवासी-मूलवासी समाज के लोग।

स्पीड न्यूज

## महावीर मंदिर में धूमधाम से मनायी गई भगवान श्रीराम की छठी

**गोमो।** रेल नगरी गोमो के जंगल कोठी स्थित श्री श्री महावीर मंदिर में सोमवार को भगवान राम की छठी धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर मंदिर परिसर को सजाया संवारा गया था । सुबह मंदिर के पुजारी रघुनाथ तिवारी ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद झूले में विराजमान भगवान राम की आरती उतारी गई और कढ़ी चावल का भोग लगाया गया। महिला कलाकार उषा देवी, पूनम देवी, नेहा पांडेय, अनीता देवी और उषा उपाध्याय की टीम ने दोपहर से शाम तक मंदिर में सोहर व बधाई के गीत गाये। गीत-संगीत से पूरा माहौल भक्ति मय बना रहा। शाम को आरती के बाद मंदिर समिति की ओर से भोग भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े और खीर, पूरी, बुंदिया का छक कर स्वाद लिया। भंडारा देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति की ओर से अनिल तिवारी, सतीश कुमार, बिंदेश्वरी प्रसाद, पुरुषोत्तम मिश्रा, मोहन केडी सहित दर्जनों गणमान्य लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में शामिल थे।

## संत जेवियर स्कूल फुसबंग्ला के बच्चों ने मनाया पृथ्वी दिवस

**जोड़ापोखर।** संत जेवियर स्कूल फुसबंग्ला के प्रांगण में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जूनियर क्लास स्टैंडर्ड एलकेजी से कक्षा 5 के बच्चे ग्रीन थीम ड्रेस पहनकर आए तथा चार्ट पेपर्स में बहुत प्रकार के स्लोगन लिखा, जिसमें पृथ्वी को बचाने का प्रण लिया गया। कार्यक्रम में नंदनी कुमारी, श्वेता विश्वकर्मा, क्लास 5 के प्रिंसी राज, शिफा जन्नत, क्लास 4 के रुद्र प्रताप सिंह, सूफियानस, सम्राट यूकेजी आदि शामिल हुए। शिक्षकों में आयशा कुरैशी,सरवानी मजूमदार,कोमल, प्रीति, पाम्पा गुहा, ममता मिश्र आदि ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। स्कूल के प्राचार्य पुनीत पीटर शाह ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी । उन्होंने ने पेड़ पौधों को उगाने और डिफोरेस्टेशन के खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प भी दिलाया।

## निरसा के यज्ञ मैदान में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा को बाबूलाल ने किया संबोधित

# शिबू सोरेन को जेल भेजने वाले के साथ सरकार चल रही झामुमो

**चुनावी सभा**

खबर मन्त्र संवाददाता




**मैथन।** जिस कांग्रेस पार्टी ने शिबू सोरेन को तिहाड़ जेल भेजा झारखंड मेरी लाश पर बनेगी की बात कहने वाले दलों के साथ गलवाही कर सरकार चला रहे हैं झामुमो वाले। भाजपा पर संविधान को बदलने का झूठा आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी बताएं कि उसने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न क्यों नहीं दिया। इमरजेंसी लाकर संविधान को तहस.नहस करने वाली तथा उसमें 80 बार से अधिक संशोधन करने वाली कांग्रेस पार्टी किस मुंह से भाजपा पर यह आरोप लगाती है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद भाजपा ने संविधान दिवस मनाने की परंपरा शुरू की। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को निरसा यज्ञ मैदान में आयोजित भाजपा के चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि विपक्षी आरोप लगाते हैं कि हेमंत सोरेन आदिवासी है इस कारण उसे जेल में भेजा गया है। ईडी ने 191 पेज का आरोप पत्र न्यायालय को संपूर्ण किया है उसे पढ़ लीजिए सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। हेमंत सोरेन ने भ्रष्टाचार किया है इस कारण वह जेल में है। सीएनटी एक्ट का सबसे उलंघन शिबू सोरेन एवं उनके परिवार के सदस्यों ने किया है। भारतीय सेना की जमीन तक को नहीं छोड़ा। सिर्फ साहिबगंज में 1000 करोड रुपए से ज्यादा का पत्थर अवैध ढंग से हेमंत सोरेन की सरकार में बेचा गया। झारखंड में 23 वर्षों मैं 13 वर्षों तक भाजपा की सरकार रही किसी भी मुख्यमंत्री ने किसी की भी जमीन को हड़पने का काम नहीं किया। सरकार के संरक्षण में गुंडे व्यापारियों से रंगदारी मांग रहे हैं। यदि भाजपा की सरकार बनी तो सभी गुंडे माफिया या तो धनबाद एवं झारखंड छोड़ देंगे या उनका जहां स्थान है वहां रहेंगे।

### भाजपा समानता के सिद्धांत पर करती है काम

भाजपा नफरत नहीं बल्कि समानता के सिद्धांत पर काम करती है। सरकार की किसी भी योजना में जो भी अहर्ता पूरा करता है वह किसी भी जाति संप्रदाय का हो उसे लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि इस बार निरसा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी को 2 लाख से पर वोट देकर विजयी बनाएं। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का बखान किया। सभा को सिंदरी विधानसभा के विधायक की पत्नी तारा देवी सुरेश साव सत्येंद्र कुमार रोहित लाल सिंह अंबिका खवास मन्नू तिवारी विनय सिंहए सरोज सिंह भूपेंद्र सिंह वांपी चक्रवर्ती डब्लू बाउरी जयप्रकाश सिंहए मुन्ना सिंह इत्यादि ने भी संबोधित किया।

### गद्दारी करने वालों से सचेत रहे पार्टी : अपर्णा

सभा को संबोधित करते हुए अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य करने वाले लोग को पार्टी चिन्हित करें। जो लोग यह समझते हैं कि हम हैं तो पार्टी है उन्हें यह समझना चाहिए की पार्टी है तो हम हैं। हम सभी कार्यकर्ता जिसे भी पार्टी टिकट देगी उसके लिए काम करेंगे व्यक्ति चाहे कोई भी हो। निरसा विधानसभा के सभी बूथ से कम से कम 370 वोट भाजपा के पक्ष में दिलाने का काम कार्यकर्ता करें। कार्यकताओं के बदौलत ही आजादी के बाद पहली बार निरसा विधानसभा में भाजपा का कमल खिला है। इस बार निरसा विधानसभा की जनता 2 लाख से ज्यादा मत देकर ढुलू महतो को लोकसभा भेजने का काम करेगी।

### जनसेवा के लिए हमेशा तैयार रहूंगा : ढुलू महतो

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ढोलू महतो ने कहा कि आम जनता को यह तय करना है कि स्वार्थ एवं परिवारवाद को प्राथमिकता देने बाली पार्टियों को जनता नकारेगी तथा राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने वाले नरेंद्र मोदी का साथ देगी। अलगुलान रैली के नाम पर रांची में जो हुआ उसे राज्य की जनता ने देखा है। टिकट के लिए मारामारी एवं आपस में माथा फोड़ा फोड़ी करने वाले दल अभी से ही आपस में झगड़ रहे हैं तो सत्ता मिलने पर क्या करेंगे। मैंने सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं रंगदारी के खिलाफ आवाज बुलंद किया तो मुझ पर सरकार ने झूठा मुकदमा दर्ज करवाया है। मुकदमों से मैं डरने वाला नहीं हूं क्षेत्र की जनता के विकास के लिए अगर जान भी देना पड़ा तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। धनबाद में विकास के लिए जो भी बन पड़ेगा मैं उसे करने में पीछे नहीं हटूंगा।

## 'सरकार के साथ कैसे और क्यों करें काम' पर हुआ विचार

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में सोमवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में सरकार के साथ कैसे और क्यों काम करें जैसे विषय पर चर्चा की गई। अमेरिकी आईईईई प्रबंध निदेशक रसेल हैरिसन ने व्याख्यान दिया और मेंटरशिप की। हैरिसन ने सरकार के साथ काम करने के महत्व को समझाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के तरीकों पर चर्चा की। उनके अनुसार सरकारी संस्थानों और विभागों के साथ काम करने से समाज में प्रगति और विकास होगा। संस्थान निदेशक प्रो पंकज राय ने कहा कि हैरिसन की विशेषज्ञता और अनुभव से सेमिनार अद्वितीय हो गया। संस्थान के विद्यार्थी और शिक्षक विश्वसनीयता और उत्कृष्टता के लिए जाने जाते हैं। सेमिनार में प्रबंधन कार्यकारी विद्युत विभाग के हेड डॉ एम डी अबुल कलाम, संस्थान निदेशक प्रो पंकज राय,आईईईई स्टूडेंट्स शाखा के परामर्शक विनीत शेखर मौजूद थे।

# धनबाद : अधिवक्ताओं ने धरना देकर किया विरोध

**बार एसोसिएशन अधिकारियों पर मनमानी का आरोप**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद बार एसोसिएशन में पदाधिकारियों के खिलाफ सोमवार को कुछ अधिवक्ताओं ने धरना देकर विरोध जताया। यह जानकारी देते हुए अधिवक्ता अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि बार एसोसिएशन के पदाधिकारीयों ने मनमाना एवं तानाशाह पूर्ण रवैया अपना कर विनोद बिहारी महतो हॉल की खिड़की को बंद कर दिया है तथा वहां बाथरूम का निर्माण कराया जा रहा है। खिड़की बंद होने के कारण हॉल में रोशनी और हवा बंद हो गई है, जिससे अधिवक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है। संगठन के पदाधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद काम बंद नहीं कराया गया। दूसरी जगह पर खिड़की खोल दी गई. जहां कैंटीन बनाया जाना है। इसी के विरोध में आज धरना प्रदर्शन किया गया। यदि पदाधिकारी अपने रवैये से नहीं बाज आए तो इससे भी बड़ा प्रदर्शन होगा। इस मौके पर अधिवक्ता गजेंद्र कुमार,के के तिवारी समेत दर्जनों अधिवक्ता मौजूद थे। दूसरी ओर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय एवं महासचिव जितेंद्र कुमार ने बार एसोसिएशन के नए भवन में बने कार्यालय का उद्घाटन किया। खिड़की बंद किए जाने के सवाल पर बताया कि 100 लोगों की सुविधा का ध्यान रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। खिड़की बंद किए जाने के आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि हॉल में दोनों तरफ से खिड़की खोल दी गई है। एक दो लोगों के व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण दर्जनों अधिवक्ताओं की सुविधा को बंद नहीं किया जा सकता।

## संयुक्त मोर्चा ने दिखाई एकजुटता कहा : नहीं चलने देंगे मनमानी



**कतरास।** सिजुआ मोदीडीह श्याम बाजार शिव गंगा मंदिर के प्रांगण में सोमवार को संयुक्त मोर्चा ने प्रेस वार्ता की। पप्पू सहाय ने कहा कि किसी मजदूर को काम के एवज में यहां पैसा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी बनाने की मंशा किस अधिकार के तहत व्यक्त की जा रही है। मंगल चौहान ने आरोप लगाया कि फर्जी ढंग से ग्रुप बनाया गया है, ताकि मजदूरों को बरगला कर मजदूरी हड़प सकें। बिंदवा देवी ने कहा कि सभी महिलाएं संयुक्त मोर्चा के साथ हैं। संयुक्त मोर्चा ही यहां कोल डंप चलाएगा। मौके पर निर्मल निषाद, कौशल्या देवी, शांति देवी, गुड़िया देवी, ललिता देवी, सुनीता देवी, हातिम खान, अफसर मियां, कार्तिक चौहान, संतोष चौहान, माया देवी,रिजवान अहमद, गुड्डू अंसारी, सोनी देवी, श्रीधर पांडे, अजय चौहान, सागर चौहान, कृष चौहान, माला देवी, ज्योति देवी, गुज्जर सिंह, अनीता देवी आदि मौजूद थे।

## पृथ्वी दिवस : पौधरोपण से होगा जल संरक्षण, तभी बचेगी जिंदगी




**धनबाद।** आरोग्य भारती पर्यावरण विभाग द्वारा सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जगजीवन नगर में वृक्षारोपण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता आरोग्य भारती महानगर अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह, पूर्व क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के प्रांतीय संयुक्त सचिव जयप्रकाश सिंह ने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाना एवं संरक्षण करना, पानी का संरक्षण एवं संचयन एवं सिंगल यूजप्लास्टिक का प्रबंधन आवश्यक है, तभी पृथ्वी को बचाया जा सकता है।

मुख्य वक्ता के रूप में गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रांत पर्यावरण प्रमुख अरुण राय ने कहा कि 22 अप्रैल 1970 को पहली बार विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। पृथ्वी पर संकट के कारण क्या है, इस संकट में मनुष्य की भूमिका क्या है और इसका समाधान क्या है, इस पर विस्तार से चर्चा की गई। जलवायु परिवर्तन, प्रकृति एवं जैव विविधता का ह्रास एवं प्रदूषण पृथ्वी पर संकट के मुख्य बिंदु हैं।

## एक नजर में

### कतरास में झमाडा ने शुरू की जलापूर्ति पाइप की मरम्मत



**लीकेज के कारण घरों में घुस रहा गंदा पानी, पेयजल के लिए हाहाकार**

**कतरास।** भीषण गर्मी में कतरास के विभिन्न इलाकों में पानी की घोर किल्ल्त को देखते हुए झमाडा (झारखंड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार) ने जगह जगह जर्जर व लीकेज वाली पाइप की मरम्मत शुरू कर दी है। बताते हैं कि झमाडा के एसडीओ कौशलेश यादव के निर्देश पर माडा कर्मी पाइप की मरम्मत के कार्य में लगे हुए हैं। माडा कर्मियों ने नदी किनारे रामधनी चाट दुकान के पास, राणीसती मंदिर के समीप गड्ढा कर पाइप लीक की मरम्मत की। बताते हैं कि लीकेज के कारण नाली का गंदा पानी पाइप लाइन के जरिये घरों में घुस जाता था। कतरास में जलापूर्ति का एकमात्र माध्यम तोपचांची झील है, जो विगत 106 साल से यहां के लोगों की प्यास बुझा रहा है। इस व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए अब तक न तो जनप्रतिनिधि और न ही नगर निगम व झमाडा ने कोई पहल की है। बताते हैं कि तोपचांची झील के पानी का लेयर घट जाने से कतरास में पानी के लिए हाहाकार मच जाता है। बताते हैं कि पुरानी पाइप लाइन जगह जगह सड़ गई है और जर्जर हो चुकी है।

### खंडोली डैम में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जन जागरुकता अभियान




**गिरिडीह।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप एक्टिविटी के तहत व्यापक जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को स्वीप कोषांग द्वारा नोडल पदाधिकारी, (स्वीप कोषांग) सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में खंडोली डैम में जन जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। मौजूद सभी लोगों को लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन की तिथि, मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्पलाइन ऐप, 1950, सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, सक्षम ऐप आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। खंडोली में नौका विहार कर सभी लोगों से मतदान करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, बेंगाबाद, सहयोगी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, डीसीपीयू काउन्सलर, हेल्प डेस्क मैनेजर श्री दिवाकर पाठक समेत स्वीप कोषांग की टीम व प्रखंड के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र होगा महाकाल ग्रुप



**सिंदरी।** सिंदरी में आगामी 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा में आकर्षण का केन्द्र उत्तर प्रदेश के वाराणसी की झांकी महाकाल ग्रुप रहेगी। इस झांकी में विशाल नंदी के साथ शिव व पार्वती अपने गणों के साथ नृत्य मुद्रा में शामिल होंगे। जिला मंत्री सोनू गिरि द्वारा जय माता दी मंदिर प्रांगण में श्री राम की विशाल मूर्ति स्थापना का शिलान्यास किया जाएगा। शोभायात्रा में आर एल कालोनी में हनुमान मंदिर की पताका विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा स्थापित की जाएगी। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला मंत्री सोनू गिरि ने दी है। उन्होंने सभी बजरंगियों से इस विशाल कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव की भव्य शोभायात्रा जय माता दी मंदिर से 23 अप्रैल को शाम 4 बजे तय मार्ग से गुजरेगी। इस मौके पर जिला प्रशासन ने भी चाक चौबंद व्यवस्था की है। यह जानकारी एसडीपीओ ने रविवार को क्राइम मीटिंग में दी।

## गणतंत्र और संविधान को बचाने के लिए करें वोट : भाकपा माले



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** भाकपा माले ने 22 अप्रैल को मैथन रोड स्थित कार्यालय में पार्टी का 56 वां स्थापना दिवस मनाया। मौके पर उपस्थित राज्य कमेटी के सदस्य सह निरसा विधान सभा स्तरीय एरिया सचिव नागेन्द्र कुमार ने कहा कि 22 अप्रैल को पहली समाजवादी क्रान्ति और पहले समाजवादी राज्य के महान शिल्पी कॉमरेड लेनिन की भी जयंती है। भाकपा माले का 56 वां स्थापना दिवस बेहद महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों के बीच मनाया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर पार्टी सदस्यों,शुभचिंतकों और देश की संघर्षशील जनता के प्रति हार्दिक शुभकामना व्यक्त की। सभी मतदाताओं से अपील की गई कि वे वोट देने के अपने मौलिक अधिकार, संविधान और संसदीय व संघीय ढांचे को बढ़ते फासीवादी हमले से बचाने के लिए वोट करें। उन्होंने इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में सामूहिक पहलकदमी के लिए 3 मई को निरसा विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन में शामिल होने का आह्वान किया। मौके पर ।नोरंजन मलिक, हरेन्द्र सिंह, जगदीश शर्मा, जितेंद्र शर्मा,राजू चौहान,जमाल अंसारी,मनोज पांडेय, रामलाल भारती,मुख्तार अंसारी, मो इम्तियाज आदि मौजूद थे।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**प्रख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर सुनाएंगे कथा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** निरसा क्षेत्र के तिलतोड़िया गांव में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ हुआ। श्रीमदभागवत कथा 28 अप्रैल तक चलेगा। प्रख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर रोजाना शाम पांच बजे से आठ बजे तक मधुर आवाज में भागवत कथा, प्रवचन व भजन सुनाएंगे। सोमवार की सुबह 251 महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर यात्रा निकाली। कलश यात्रा में भागवद् गीता माथे पर लेकर मुख्य यजमान कृष्णाचन्द्र गोराई एवं उनकी धर्मपत्नी आगे-आगे भजन गाती चल रही थी। कलशयात्रा तिलतोड़िया गांव का भ्रमण करते हुए बड़ा तालाब पहुंची। फिर वेदी पर भगवद् गीता को विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद रखा गया।

मौके पर गोरांगो गोराई ने कहा कि इस आयोजन से लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्ति और जीवन को सकारात्मक दिशा देने का उत्तम अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने सभी भक्तजनों से इस भव्य आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया।

# शीतल जल के लिये कायम है 'देसी फ्रिज' का क्रेज

**मिट्टी से निर्मित उपकरणों की कोई सानी नहीं**

नमन नवनीत



**गिरिडीह।** आधुनिकता के इस दौर में एक ओर जहां घरों में पानी ठंडा रखने के लिए मशीनी उपकरणों ने अपना कब्जा जमा रखा हैण वहीं दूसरी ओर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक मिट्टी से निर्मित उपकरण जैसे सुराहीए घड़ा आदि का क्रेज आज भी बरकरार हैण ग्रामीण इलाकों के लोग आज भी मट्टी से बने उपकरणों पर ही निर्भर हैं तथा कई ग्रामीण इसकी बिक्री करके अपने परिवार का भरण . पोषण करते हैंण किसी मौके पर ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले मेले में मिटाई से बने उपकरणों की बिक्री जोरों पर देखी जा सकती हैण वैसे तो हर मौसम में ये उपकरण मिल जाते हैं लेकिन गर्मी के समय में इनकी मांगें काफी बढ़ जाती हैण गिरिडीह के विभिन्न चौक चौराहों पर खुली अस्थायी दुकानों में ग्राहकों की भीड़ देखते बनती है। दरअसल मिट्टी से निर्मित उपकरण घड़ा या सुराही के सतह पर छिद्र अतिसूक्ष्म होते हैं। इन छिद्रों से निकले पानी का वाष्पोत्सर्जन होता रहता है और जिस सतह पर वाष्पोत्सर्जन होता है वह सतह ठंडी रहती हैण इसे उदाहरण से समझ सकते हैं कि स्प्रिट आदि के हाथ पर लगने से ठंडक महसूस होती है। वाष्पोत्सर्जन की क्रिया में पानी की वाष्प बनती है और यह क्रिया हर तापमान पर होती रहती है। वाष्पोत्सर्जन कि क्रिया में बुलबुले नहीं बनते हैं और वायु की गति वाष्पोत्सर्जन की दर को तेज कर देती हैण इससे साफ है कि जब घड़े या सुराही की सतह पर वाष्पोत्सर्जन प्रक्रिया चलती रहती है जिससे उसकी दिवारें ठंडी रहती हैं और इसी के चलते मटके या सुराही का पानी हमेशा ठंडा रहता है।

### क्यों ठंडा रहता है मिट्टी के मटके का पानी

जब मशीनी उपकरण नहीं हुआ करता था तो लोग ठंडा पानी पीने के लिए मिट्टी से निर्मित उपकरण का ही इस्तेमाल किया करते थेण कई लोग आज भी ठंडा पानी पीने के लिए मिट्टी से निर्मित घड़ा या सुराही का ही उपयोग करते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर मिट्टी के घड़े या सुराही का पानी कैसे ठंडा रहता है।

### स्वास्थ्य के लिए है फायदेमंद

मटका या सुराही पर्यावरण के लिए हितकारी होने के साथ . साथ स्वास्थ्य के नजरिये से भी फायदेमंद हैण इसमें रखा पानी . पीने से गला खराब होने का डर कम होता है क्योंकि इसके पानी का तापमान इंसान के शारीरिक तापमान के बराबर होता हैण इसलिए कई गांव.घर या ग्रामीण इलाके के लोग आज ड्डी घड़ा या फिर सुराही का ही पानी पीते हैं।

# गिरिडीह और धनबाद से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने की रणनीति बनी

## आर सी एम यू क्षेत्रीय समिति की बैठक आयोजित

राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सदस्य 10 की टोली में प्रत्येक दिन क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में भाग लेंगे साथ ही मतदाताओं के बीच केंद्र सरकार की विफलता युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ आदि मुद्दों को लेकर मुहीम चलाया जाएगा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्र की क्षेत्रीय समिति की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस के द्वारा किया गया। बैठक में गिरिडीह तथा धनबाद लोकसभा क्षेत्र से मथुरा महतो एवं अनुपमा सिंह के जीत सुनिश्चित हेतु योजना और रणनीति बनाई गई। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सदस्य 10 की टोली में प्रत्येक दिन क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में भाग लेंगे साथ ही मतदाताओं के बीच केंद्र सरकार की विफलता युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ आदि मुद्दों को लेकर मुहीम चलाया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए अजय कुमार सिंह व विल्सन फ्रांसिस ने कहा चुनाव के दिन हर बूथ पर यूनियन के 10-10 पदाधिकारी और सदस्य मुस्तैद रहेंगे प्रत्याशी के नामांकन में भी बड़ी संख्या में यूनियन के सदस्यों की भागीदारी होगी। कोल इंडिया के सदस्यों को पूर्व में मिल रहे अधिकार से वंचित होना दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस के सरकार में मेडिकल अनफिट स्पेशल फीमेल भी आर एस आदि स्कीम के तहत जो रोजगार का सृजन होता था वह ठप पड़ा है। कोल इंडिया के मजदूर मोदी सरकार को सबक सिखाने में अपने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्माण करेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस रीजनल संगठन सचिव वेदव्यास चौबे शाखा सचिव इस्लाम अंसारी रणजीत सिंह सी एस प्रसाद जितेंद्र पासवान अनंत कुमार सुजीत मिश्रा संतोष सिंह देवाशीष आश संतोष राम गोड आदि अन्य शामिल थे।

# वर्ल्ड अर्थ डे के अवसर पर डालसा ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज संजय कुमार चन्धरियावी के मार्गदर्शन पर सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थायी लोक अदालत, सदस्य काजल कुमारी, रोबिन कुमार, एलएडीसी, सहायक रोबिन कुमार, मॉडल कॉलेज, दुमका सहायक प्राध्यापक वर्षा कुमारी एवं अधिवक्ता प्रदीप कुमार सिंह ने पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने को लेकर सामूहिक चर्चा की। इसके लिए उन्होंने अपने आसपास के क्षेत्रों की साफ- सफाई रखने पर विशेष जोर देते हुए बताया कि पृथ्वी एक बहुत व्यापक शब्द है। इसमें जल, हरियाली, वन्यप्राणी, प्रदूषण और इससे जुड़े अन्य कारक शामिल हैं। वैसे तो कई तरीके हैं जिससे हम अकेले और सामूहिक रूप से धरती को बचाने में योगदान दे सकते हैं। हमें प्रत्येक दिन को पृथ्वी दिवस मानकर उसके संरक्षण के लिए कुछ नहीं कुछ करते रहना चाहिए। पृथ्वी के संरक्षण के लिए उन्होंने बताया कि पालीथिन के उपयोग को नहीं करें, कागज का इस्तेमाल कम करें और रिसाइकल प्रक्रिया को बढ़ावा दे, चुकी जितनी ज्यादा खराब सामग्री रिसाइकल होगी उतना ही पृथ्वी का कचरा काम होगा। उन्होंने लोगों से गुजारिश किया कि हमें अपने जीवन काल में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए जिससे हमारे पर्यावरण की स्वच्छता एवं संतुलन बना रहे।

## एक नजर में

### डीपीएस चास में पृथ्वी दिवस पर 'संकल्पतरु' का आयोजन



बोकारो/चास। डीपीएस चास के प्राथमिक इकाई के छात्र छात्राओं द्वारा पृथ्वी दिवस पर एक पेड़ लगाओ एक उपहार दो थीम पर आधारित संकल्प तरु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति बच्चों को जागरुक किया गया। छात्र छात्राओं ने इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व विशेष ध्यान दिया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में कई नए पेड़ लगाए। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न कक्षा के छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिताओं और विशेष आयोजनों में भी भाग लिया। बच्चों ने अपने विचारों और अवलोकनों को साझा किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जागरूक करने के लिए अपना योगदान दिया। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना और प्रकृति के साथ मिलकर एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की दिशा में सक्रिय योगदान देने की प्रेरणा दी। प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे व प्रधानाध्यापिका सुदेशना सिन्हा ने विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण में अपना योगदान देने और पर्यावरण के प्रति सावधानी और समर्थन का दायित्व लेने का संकल्प हेतु प्रोत्साहित किया।

### जैन समाज के कार्यक्रम में बच्चों ने गीत संगीत व नाटिका की दी प्रस्तुति



बोकारो। जैन मिलन केंद्र में आयोजित भगवान महावीर की 2623 वीं जयंती विश्व शांति दूत आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी शिष्या समणी निर्देशिका मधुर प्रज्ञा जी समणी शुभ प्रज्ञा जी समणी मनन प्रज्ञा जी के सानिध्य में संपन्न हुई। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने समणीवृंद एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महावीर की वाणी हमारे जीवन में सुख और समृद्धि ला सकती हैं। जैन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भगवान महावीर के भजनों पर बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जैन समाज के बच्चों एवं महिलाओं ने भी प्रदूषण पर एक नाटिका का मंचन किया। समणी निर्देशिका मधुर प्रज्ञा जी ने कहा कि भगवान महावीर की आराधना के साथ भगवान महावीर के संदेश को भी अपने जीवन में उतारना होगा आत्मसात करना होगा। उन्होंने त्याग तप और संयम का जीवन जिया। मौके पर जैन समाज के एवं जैन पब्लिक स्कूल के मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशील बैद ने किया। जैन मिलन के सचिव आलोक कुमार जैन ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए समणी जी एवं आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर संपत मल बैद बिनोद चोपड़ा मदनचंद चोरड़िया श्याम सुंदर जैन सुभाष जैन अजय लुंकड विपुल मेहता प्रकाश कोठारी मनीष जैन संजय जैन आदि मौजूद रहे।

### गोड्डा : थाना प्रभारी ने अपने कनीय पुलिस पदाधिकारियो के साथ की बैठक



गोड्डा। गोड्डा पुलिस अधीक्षक नाथूसिंह मीणा के निर्देश पर सुंदरपहाड़ी थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने सोमवार को सुंदरपहाड़ी थाना परिसर में अपने सहकर्मी पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ बैठक किये। बैठक में थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने वरीय पदाधिकारियों द्वारा दिए गये निर्देशों को बताते हुए कहा कि हम सब पुलिस पदाधिकारी व पुलिसकर्मी एक ही परिवार के सदस्य है, इसलिये हम सबको टीम भावना के साथ काम करनी चाहियें। जितनी जिम्मेवारी थाना के प्रति मेरी है उतनी ही आपकी भी है। उन्होने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपने आप को अनुशासित व संयम रखे, ऐसा कोई कार्य न करे जिससे कि आपकी और पुलिस की छवि धुमिल हो। मोदक ने यह निर्देश दिया कि हमारा पहला लक्ष्य सेवा है इसलिए हमे हर एक जन-सामान्य के साथ मित्रवत व्यवहार करनी चाहिए। इस बैठक में पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा, साहिबा मुर्मू, बैतएल लकड़ा तथा थाना के पुलिस बल व आई आर बी के जवान शामिल थे।

### जारंगडीह के सरकारी विधालय और आंगनबाड़ी केंद्र ने निकाली मतदान जागरूकता प्रभात फेरी



बेरमो। जारंगडीह-बेरमो प्रखंड के जारंगडीह उत्तरी पंचायत मे स्थित सरकारी विधालय और पंचायत मे स्थिति सभी आंगनबाड़ी केंद्र के द्वारा सोमवार को अहले सुबह उक्त पंचायत मे मतदान जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें पंचायत की मुखिया फिरोज खातून, जारंगडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधान शिक्षिका गीता कुमारी के अलावे पंचायत सचिव प्रदीप यादव, बीएलओ रीना देवी, नेक परवीन, सुनीता देवी विद्यालय की सहायक अध्यापक मनीष कुमार, सुधा यादव शशि भूषण, रीना देवी आदि के अलावे आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 34, 35, व 36 के सेविका, सहायिका व नन्हे नन्हे बच्चे व उपरोक्त विधालय के दर्जनों छात्र व छात्राएं शामिल थे। यह प्रभात फेरी जारंगडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय से निकल कर जारंगडीह 12 नंबर, मनसा नगर, रिभर साइड तथा जारंगडीह मुख्य बाजार का भ्रमण किया और फिर विधालय परिसर पहुच रैली समाप्त किया गया। रैली में बच्चों ने अपने हाथो मे मतदान जागरूकता के लिखे स्लोगन की तख्ती पकड़ रखी थी और साथ में एक मुख्य बैनर भी बच्चे लेकर आगे आगे चल रहे थे।

### दुमका : अज्ञात वाहन के धक्का से पाकुड़िया की 40 वर्षीय स्वास्थ्य सहिया की मौत

दुमका। पाकुड़ जिला के पाकुड़िया के तिरपितिया पुल के पास अज्ञात वाहन के धक्का से 40 वर्षीय स्वास्थ्य सहिया संचिता उड़िंदा की दुमका के फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना सोमवार को सुबह के करीब 9 बजे हुई। मृतका के पति का कहना है कि उसकी पत्नी सुबह में साइकिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालीडीह,पाकुड़िया की ओर जा रही थी। इस दौरान एक अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। इस घटना में महिला के दोनों पैर कुचला गया है। महिला पाकुड़िया की ही निवासी थी। घटना की सूचना मिलने के साथ ही परिजन महिला को उठाकर पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला का इलाज करने के बाद दुमका के पीजेएमसीएच रेफर कर दिया। यहां के चिकित्सकों ने देखने के साथ ही महिला को मृत घोषित कर दिया। नगर थाना की पुलिस ने महिला के परिजनों का फर्द बयान लेने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया और उसके परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि महिला को दो बेटी और एक पुत्र है। एक बेटी की शादी तय हो चुकी थी। उसकी शादी इसी माह में होने वाली थी। घर में खुशी का माहौल था। महिला की मौत से खुशी का माहौल गम में तब्दील हो गया है। महिला की बेटी अस्पताल में फुट-फुटकर रो रही थी। महिला के पति खेतीबारी किया करते है। नगर थाना की पुलिस ने फर्द बयान लेने के बाद पाकुड़िया थाना भेज दिया है।

### छेड़खानी समेत दो मामले में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप यादव की न्यायालय में हुई पेशी

दुमका। छेड़खानी समेत दो मामले में कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप यादव की कोर्ट में पेशी हुई। प्रदीप यादव की पेशी एमपी-एलएलए विशेष अदालत डीजे थ्री लक्ष्मण प्रसाद के न्यायालय में हुई। कोर्ट ने बीते तिथि को प्रदीप यादव की अनुपस्थिति पर पक्ष रख रहे अधिवक्ता राज कुमार गुप्ता ने न्यायालय को बताया कि प्रदीप यादव बीमार है। उनका इलाज चलने की बात कही थी। रहा है। न्यायालय ने पर्चा पर डाक्टर के बेड रेस्ट का कोई जिक्र नहीं होने की बात कहते हुए आज 22 अप्रैल को प्रदीप यादव को सशरीर उपस्थित होंने या फिर बेड रेस्ट की सलाह वाला पर्चा कोर्ट में जमा करने का आदेश सुनाया था। सोमवार को भी गवाही की अनुपस्थिति रही। मामला पार्टी के महिला कार्यकर्ता ने प्रदीप यादव पर छेड़खानी के लगाये गये आरोप से जुड़ा था। मामला में देवघर थाना कांड संख्या 13/2019 में दर्ज हुआ थ। जिसमें प्राथमिकी भादवि की धारा 376, 511, 354, 354ए, 354बी, 354डी, 506 एवं 509 के तहत दर्ज किया गया था। जिसका सेशन ट्रायल 127/21 है। दुष्कर्म के प्रयास व छेड़खानी के आरोप से जुड़ा यह मामला 20 अप्रैल 2019 का है। जिसमें 18 जून 2019 को विधायक प्रदीप यादव झारखंड विकास मोर्चा प्रजातांत्रिक के महासचिव पद पर काबिज थे। उसी दौरान उनकी ही पार्टी की एक महिला नेत्री ने होटल में बुलाकर उनसे छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। इस पूरे मामले को लेकर उक्त महिला ने देवघर थाना में यौन उत्पीड़न का केस दर्ज करवाया था। दूसरा मामला अडानी पावर प्लांट के विरोध में वर्ष 2019 में दर्ज मामले में प्रदीप यादव की पेशी हुई। इस मामले में भी गवाह के अनुपस्थिति के कारण गवाही नहीं गुजर सकी। दोनों मामले अगली तिथि 16 मई को निर्धारित हुई।

## स्पीड न्यूज

### सीसीएल से सेवानिवृत्त सुरक्षा प्रहरी मिसिर बाउरी को दी गयी विदाई



बेरमो। सीसीएल ढ़ोरी महाप्रबंधक कार्यालय मे सोमवार को सेवानिवृत्त सुरक्षा प्रहरी मिसिर बाउरी को सिक्योरिटी विभाग की ओर से सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर सीताराम उड़के ने सेवानिवृत्त सुरक्षा प्रहरी मिसिर बाउरी को शाल ओढ़ाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। कहा कि मिसिर बाउरी के योगदान के फलस्वरुप कंपनी सफलता के मार्ग पर अग्रसर है। निश्चित रूप से उनके अनुभव की कमी हमलोग को महसूस होगी। आप सब की मेहनत और सार्थक प्रयास से कंपनी नई ऊंचाई छू रही है। उन्होंने श्री बाउरी को जीवन की दूसरी पारी के लिएशुभकामनाएं दी।

### लोकसभा चुनाव को लेकर फरार वारंटियों की धर पकड़ जारी



**गोड्डा।** आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था कायम रखने और शांति पूर्ण निष्पक्ष मतदान कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना के निर्देश पर जिले के हर थाने में फरार वारंटियों को गिरफ्तार करने की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है जो आंकड़े प्राप्त हो रहें हैं उनकी संख्या चुनाव तक सैकड़ों की संख्या में पहुंच जाए तो कोई आश्चर्य नही। लगातार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में ये छापेमारी अभियान सम्पूर्ण जिले के हर थाना क्षेत्रों में चलाई जा रही है।

### खुशबू देवी को मारपीट के आरोप में 5 वर्ष एक माह की सजा

**गोड्डा।** नगर थाना गोड्डा में मार-पीट जानलेवा हमले की शिकायत दर्ज कराई गई थी। सोमवार को इस कांड पर न्यायालय द्वारा फैसला सुनाई गई। जिसमे अभियुक्त खुशबू देवी पति विक्की दास, साकिन लोहिया नगर, नगर थाना गोड्डा, जिला गोड्डा को अपर जिला एवं प्रथम सत्र न्यायाधीश गोड्डा द्वारा दोषी पाते हुए चार वर्ष सश्रम कारावास की सजा एवं 5000 रुपए का जुमार्ना और अन्य एक धारा के अंतर्गत एक वर्ष की सश्रम कारावास की सजा और 1000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई है। इस केस में लोक अभियोजक बशीर अहमद ने केस की पैरावि की।

### दुमका : किशोरी ने कीटनाशक दवा खाकर की खुदकुशी

दुमका। कीटनाशक दवा खाकर 15 वर्षीय किशोरी चुड़की मुर्मू ने आत्महत्या कर ली है। यह घटना काठीकुंड के अम्बा गांव में हुई। पता चला है कि किशोरी के पिता रविवार को चर्च गए थे और मां खेत पर गई थी। घर पर कोई नहीं था। वह अकेली थी। इसी बीच उसने कीटनाशक दवा खाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह 9वीं क्लास की विद्यार्थी थी। परिजनों ने किशोरी के जीवित होने की आस में रविवार की रात में ही पीजेएमसीएच लेकर आए थे, पर उसकी मौत हो चुकी थी। सोमवार की सुबह में नगर थाना की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है।

# गिरिडीह में वोटरों के बीच असमंजस की स्थिति: रामकिंकर

## सुशासन दल निर्दलीय प्रत्याशी डॉ उषा सिंह का भरपुर करेगी समर्थन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/फुसरो।** गिरिडीह लोकसभा में वोटरों के अंदर अजमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसी स्थिति में निर्दलीय प्रत्याशी डॉ उषा सिंह सर्वश्रेष्ठ प्रत्याशी के रूप में है। यह कहना है सुशासन दल के प्रदेश अध्यक्ष रामकिंकर पांडेय का है। पांडेय ने अपने आवासीय कार्यालय झब्बु सिंह मेमोरियल कॉलेज के समीप डबल स्टोरी में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि गिरिडीह में जितने भी प्रत्याशी राष्ट्रीय दल से खड़ा हुए हैं उससे जनता संतुष्ट नहीं है। इस स्थिति में निर्दलीय प्रत्याशी डॉ उषा सिंह सब पर भारी पड़ रही है। डॉ उषा सिंह महिला चिकित्सक के साथ गौ सेवा, समाजसेवा सहित कई अन्य कार्य कर रही हैं। वो शिक्षित और योग्य उम्मीदवार है। इस कारण हमारा सुशासन दल डॉ उषा सिंह के साथ खड़ा है। कहा कि गिरिडीह में सभी दल से जनता नाखुश है। खास कर भाजपा कार्यकर्ताओं में अजमंजस की स्थिति है और निराश है। वो किस तरह जानता के बीच जाकर बताएंगे कि वर्तमान सांसद विगत 5 वर्ष में क्या काम किया है।

इस कारण हमारे दल के कमिटी ने निर्णय लिया कि इस लोकसभा चुनाव में किसी निर्दलीय प्रत्याशी का समर्थन किया जाए, जिस पर किसी पार्टी का लेवल ना लगा हो। इस कारण डॉ उषा सिंह को इसके नेतृत्व करने का कहा गया। इसमें हमारा दल पूरी तरह से उनके साथ खड़ा रहेगा। गिरिडीह में प्रत्याशियों के बारे में उन्होंने कहा कि एक ही घराने से सभी दल के प्रत्याशी आते हैं तो जनता में असंतोष उत्पन्न होता है। इसे राजनीतिक पार्टी को सोचना चाहिए था।

बगल के धनबाद लोकसभा में अलग अलग दो जाति के उम्मीदवार है और अच्छा चुनाव भी होने वाला है। वहां लोगों अपना पसंदीदा उम्मीदवार चुनने का विकल्प है। ठीक इसके विपरित गिरिडीह लोक सभा में काफी उदासीनता है। इस कारण हम सभी ने डॉ उषा सिंह का साथ दे रहे है। जिससे क्षेत्र का विकास हो तथा राजनीतिक दल को भी इसका एहसास हो कि किस तरह के प्रतिनिधि को चुनाव में भेजना चाहिए। उन्होंने अपने दल सुशासन पार्टी के बारे में बताया कि हमारे पार्टी में सभी राजनीतिक पार्टी के लोग अपना पार्टी छोड़कर हमारे साथ आए हैं। इसमें सभी संप्रदाय और जाति के लोग शामिल हैं। अभी इसका रजिस्ट्रेशन नही हुआ है। चुनाव आयोग में इसके लिए काफी प्रक्रिया होती है। लोकसभा चुनाव के बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी। सुशासन दल के प्रदेश प्रवक्ता मिथुन चंद्रवंशी ने कहा कि पूरे देश में लोकतंत्र के महापर्व में गिरिडीह से सुशासन दल अपने निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर उषा सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। गिरिडीह में संसाधन की हर तरह की व्यवस्था होने के वाबजूद आज गिरिडीह लोकसभा काफी पिछड़ा है। गिरिडीह से ही सबसे ज्यादा मजदूर पलायन कर रहे है। देश के बड़े शहरों में जाने हर जगह गिरिडीह लोकसभा के ही मजदूर मिलेंगे। कहा कि गिरिडीह लोकसभा में सभी राजनीतिक पार्टी के उम्मीदवार गिरिडीह जितने के लिए जितना दम खम लगा रहे हैं मानो यह लोकसभा के चुनाव नहीं बल्कि गोतियां की लड़ाई हो रही है तुम नहीं तो हम। पूरा गिरिडीह बीमार हो चुका है, इस बीमारी को दूर करने के लिए हम लोगों ने एक डॉक्टर को चुनावी मैदान में उतारा है। इस बार डॉक्टर उषा सिंह निश्चित तौर पर जीत रही है और गिरिडीह का इलाज भी करेगी। कहा कि बैंक में एक चेक एक बार ही मान्य होता है और बड़े राजनीतिक दल के उम्मीदवार वर्तमान सांसद या और उम्मीदवार बार-बार दल का नाम लेकर पर कितना वोट मांगेंगे। इस कारण अपने दम पर काम के आधार पर वोट मांगना चाहिए।

# साहिबगंज : क्राउडफंडिंग के जरिये दुर्घटना की शिकार महिला का हो रहा है इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरहरवा।** कोटालपोखर थाना क्षेत्र के पलाशबोना गांव के समीप विगत गुरुवार को ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर से हुए भीषण दुर्घटना में एक 7 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई थी, वहीं 45 वर्षीय महिला सेतेरा बीबी को गंभीर चोट आई थी। जानकारी के अनुसार उनका दोनो पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गया था। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण परिजन उनका इलाज कराने में असमर्थ हो रहे थे। तभी यूनाइटेड गुमानी ग्रुप एवं हेल्पिंग नेचर सोसाइटी ने आगे आकर पीड़ित महिला के इलाज के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से क्राउडफंडिंग कर इलाज के लिए आवश्यक राशि इकट्ठी की। वरिष्ठ समाजसेवी मो लूतफुल हक, अब्दुस सकूर, एम एस. हसन, वकील अहमद ने गुमानी क्षेत्र के सबसे सक्रिय व्हाट्सएप ग्रुप यूनाइटेड गुमानी व दीन दुखियों के इलाज हेतु मददगार संस्था हेल्पिंग नेचर सोसाइटी को मदद के लिए जानकारी दिया। इस के पश्चात महिला के इलाज के लिए सहयोग राशि मांगते हुए उनके परिजन के बैंक खाते की जानकारी व यूपीआई क्यूआर कोड सार्वजनिक किया गया। देखते ही देखते गुमानी, कोटलपोखर एवं अन्य जगहों से यूपीआइ के मध्यम से राशि जमा होना शुरू हुआ। कुछ ही घंटो में इलाज की सहायता राशि जमा हो गई। ऑडिट तैयार करने तक कुल 63 हजार 6 सौ 23 रुपए की राशि जमा हुई है। जिससे महिला का इलाज भागलपुर में चल रहा था। वहीं सोमवार को पीड़िता के लिए विभिन्न माध्यमों से अर्जित सहयोग राशि से उनके इलाज में विभिन्न माध्यमों से खर्च के उपरांत बची हुई राशि 17 हजार 765 रुपए को उन्हें उनके घर जाकर सौंप दिया गया। वहीं पीड़िता के परिजनों ने यूनाइटेड गुमानी ग्रुप के सदस्यों, हेल्पिंग नेचर सोसाइटी एवं सहयोग करने वाले सभी को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। वहीं यूनाइटेड गुमानी के सह एडमिन वसीम अख्तर ने कहा कि क्षेत्र लोगों द्वारा सामाजिक सदभावना की एक और अविश्वसनीय मिसाल कायम किया गया।

# बोकारो: सखी बहिनपा मैथिलानी समूह का सांस्कृतिक कार्यक्रम सह सम्मान समारोह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो सिटी सेंटर स्थित रॉयल दरबार में आयोजित सखी बहिनपा मैथिलानी समूह की संस्थापक व अध्यक्ष आरती झा महासचिव मनोरमा झा सुनीता झा व उषा झा के स्वागत समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। स्वागत भाषण सचिव उषा झा ने प्रस्तुत किया। सखी बहिनपा की केन्द्रीय अध्यक्ष आरती झा सहित अन्य अतिथियों को मिथिला के परंपरानुसार उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष आरती झा ने अपने संबोधन में संस्था के उद्देश्यों को रेखांकित किया। उन्होंने बोकारो इकाई की गतिविधियों की सराहना की और इसी तरह मिथिला की कला संस्कृति के उत्थान सहित सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में निशा झा ने गीत तथा जया मिश्रा ने सुंदर भावनृत्य की प्रस्तुति की। किरण मिश्रा आशा झा मधु ठाकुर जयंती पाठक व बीणा झा ने भगवती गीत की सुंदर प्रस्तुति की तो अर्चना चौधरी नीलम झा व शैलजा झा ने काव्यपाठ से सबकी वाहवाली ली। कार्यक्रम का समापन नीलम जयंती आशा झा व किरण मिश्रा द्वारा प्रस्तुत समदाओन गीत से हुआ। मौके पर अरुण पाठक को मिथिला पेंटिंग भेंटकर सम्मानित किया गया। सखी बहिनपा के आजीवन सदस्यों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगीता मिश्रा ने किया। मौके पर डॉ मंजू झा रंजना भगत नंदा झा इंदिरा झा किरण झा ममता झा पद्मा चौधरी मीरा मिश्रा अलका झा, प्रीति प्रिया आशा पाठक ज्योति झा शारदा चौधरी आदि उपस्थित थीं।

# डीपीएस बोकारो में विद्यार्थियों ने लिया हरी भरी धरा बनाने का संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर प्राइमरी व सीनियर इकाइयों में विद्यार्थियों ने इस वर्ष की विषयवस्तु प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिक पर आधारित विभिन्न जागरुकता परक गतिविधियों में भाग लिया और पृथ्वी की रक्षा का संदेश दिया। धरती माता को समर्पित गीत संगीत की प्रस्तुतियों से शुरू कार्यक्रम में कक्षा एक की छात्रा शान्वी श्रीनिधि ने धरा की महत्ता बताती अपनी प्रस्तुति दी। इसके पश्चात कक्षा चार एवं पांच के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक दिखाकर पृथ्वी की रक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अधिकाधिक पौधे लगाने तथा पानी एवं बिजली की बचत करने का संदेश दिया गया। अंत में बच्चों ने प्रकृति के संरक्षण की शपथ ली। इसके पूर्व विद्यार्थियों ने नारा लेखन काव्य पाठ पोस्टर व कलाकृति निर्माण तथा आकर्षक चित्रांकन के माध्यम से पृथ्वी की रक्षा पर बल दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने इस दौरान बच्चों के साथ स्वयं भी पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पृथ्वी की रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व और धर्म है। सीनियर इकाई में विद्यार्थियों ने पौधारोपण पेंटिंग एवं अन्य गतिविधियों में भाग लिया। मौके पर शिक्षकों और विद्यार्थियों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने 12वीं कक्षा के छात्र अर्जित अनुकूल द्वारा खास तौर से डिजाइन किए गए बैज पहने।

# कलशयात्रा के साथ चिन्मय मिशन चास में वार्षिकोत्सव हुआ आरंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** चास स्थित चिन्मय मिशन में कलशयात्रा के साथ श्रीरामदूत हनुमानजी का द्वितीय वार्षिकोत्सव शुरू हुआ। चिन्मय मिशन चास के आवासीय आचार्य स्वामी राघवानंद जी के मार्गदर्शन में 1001 कलशों के साथ चास गरगा मंदिर से चिन्मय मिशन भोजपुर कॉलोनी चास तक यात्रा निकली गई। विदित हो कि मिशन में 28 अप्रैल तक आठ दिवसीय वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान आयोजित ज्ञान यज्ञ को चिन्मय मिशन कोलकाता से पधारे ब्रह्मचारी दिवाकर चैतन्यजी संगीतमय स्वरूप में अपनी मधुर वाणी से प्रवचन देंगे। साथ ही हवन पूजन रामलला की शोभायात्रा एवं भंडारा का आयोजन किया जाना है। स्वामी राघवानंद जी ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर भक्ति सागर में डुबकी लगाकर अपने जीवन को सार्थकता व अनुशासन के साथ आगे बढ़ाएं। कलशयात्रा के सफल आयोजन में स्वामी राघवानंद जी सुनील कुमार तिवारी ब्रजभूषण त्रिपाठी सुरेंद्र मिश्रा संदीप तिवारी रामनाथ मिश्रा ईश्वर दत्त त्रिवेदी विनय कुमार मिश्रा, विष्णु मिश्रा, पंकज मिश्रा देवेश त्रिपाठी संजीव सिंह मंतोष कुमार पंकज कुमार सिंह ध्रुव सिंह रणविजय ओझा, मिथिलेश सिंह सहित चिन्मय युवा केन्द्र के सदस्यों की भूमिका रही।

# उम्मीद बरकरार

देश की तीन दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों, टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो के वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च) और वित्त वर्ष 24 के नतीजे कमजोर रहे हैं। वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही (अक्टूबर 24 से मार्च 25) संभवतः इसका सबसे निचला दौर हो, जिसके बाद सुधार दिख सकता है। उनको उम्मीद है कि वैश्विक स्तर पर हालात बेहतर होने से वित्त वर्ष 25 के अंतिम महीनों और वित्त वर्ष 26 में आय की गति में धीरे-धीरे सुधार आ सकता है। आईटी की इन तीन दिग्गज कंपनियों की मौजूदगी सभी भौगोलिक इलाकों और कार्यक्षेत्रों तक है। मार्च 2024 तक इन कंपनियों में कुल मिलाकर करीब 12 लाख कर्मचारी थे और वित्त वर्ष 24 का उनका कुल राजस्व 4.8 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। उनके महत्त्वपूर्ण आकार और सभी खंडों और भौगोलिक इलाकों में मौजूदगी को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि वित्त वर्ष 25 के लिए उनके अनुमान और रुझानों का आकलन ज्यादातर आईटी सेवा व्यवसायों के लिए अच्छा रहने की संभावना है, विशेष रूप से उन बड़ी कंपनियों के लिए जो छोटे, विशिष्ट क्षेत्रों तक सीमित नहीं हैं। कार्यबल का उपयोग अभी भी ऐतिहासिक स्तर से नीचे है। तीनों कंपनियों में आट्रिशन रेट यानी नौकरी छोड़ने की दर भी घटकर 12 फीसदी के आसपास रह गई है जो कि पिछले वर्षों के मुकाबले आधा है। कर्मचारियों की कम संख्या और कम नौकरी छोड़ने की दर का यह संयोजन पूरे उद्योग में कमजोर मांग का संकेत देता है। तीनों कंपनियां कमजोर विवेकाधीन खर्च को चिंता का एक प्रमुख क्षेत्र बताती हैं। हालांकि सभी कंपनियां लगातार सौदे हासिल कर रही हैं। इस कारण आईटी सेक्टर में 2024-25 में उम्मीद बरकरार है।

# हथियारों का दुरुपयोग

समारोहों और अपराध में लाइसेंसी हथियारों का खूब इस्तेमाल हो रहा है। तंत्र की लापरवाही से उपजे हालात से खिन्न न्यायाधीश को कहना पड़ा कि पंजाब में लाइसेंसी हथियार जारी करने की कोई गाइड लाइन है? दरअसल, कोर्ट की पहल पर 13 नवंबर, 2022 को पंजाब सरकार द्वारा जारी आदेश में सार्वजनिक स्थानों तथा सोशल मीडिया पर फायर आर्म्स के उपयोग व प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के मामले प्रकाश में आए थे। इतना ही नहीं शादी-विवाह व निजी कार्यक्रमों में ह्यहर्ष फायरिंग के मामले भी अक्सर देखे जाते रहे हैं। निश्चित रूप से आग्नेय हथियारों का अविवेकशील उपयोग कभी भी दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। वहीं हथियारों के उपयोग में सावधानी न बरते जाने से सार्वजनिक स्थलों में दुर्घटना की गुंजाइश लगातार बनी रहती है। लेकिन कोर्ट के आदेश व सरकार के प्रयासों के बावजूद इन परिस्थितियों पर अंकुश नहीं लग रहा है। जिसके चलते कोर्ट को सख्त टिप्पणी करने को मजबूर होना पड़ा है। पिछले पांच वर्ष में कितने आर्म्ड लाइसेंस जारी किये गये हैं? साथ ही स्पष्ट किया जाना चाहिए कि ये हथियार किस मकसद से जारी किये गए हैं? यही वजह है कि हाईकोर्ट को पूछना पड़ा कि 13 नवंबर, 2022 से प्रत्येक जिले में फायर आर्म्स के प्रदर्शन की जांच के लिये कितनी अचानक विजिट की गई? दरअसल, इस मुश्किल वक्त में जब लोग छोटी-छोटी बात पर आवेशित होकर हथियार निकाल लेते हैं, हथियारों का नियमन बेहद संवेदनशील ढंग से किया जाना चाहिए। बिहार, यूपी सहित कई राज्यों में हर्ष फायरिंग में मौत की घटना लगातार घटती रहती है। इस विषय पर पूरे देश में गंभीरता की आवश्यकता है।

# सरकारी योजनाओं को लेकर कुछ सवाल

**भारत** सरकार अनेक योजनाओं का संचालन करती है। इसके कुछ उदाहरण इस प्रकार हैंः सहज बिजली हर घर योजना, पीएम फसल बीमा योजना, इमरजेंसी क्रेडिट लिंक्ड गारंटी स्कीम, पीएम गरीब कल्याण रोजगार योजना, सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड योजना, पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मत्स्य संपदा योजना और दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना। यह योजनाओं की लंबी सूची का एक छोटा हिस्सा है। व्यापक तौर पर देखें तो ऊपर वर्णित विभिन्न योजनाएं बाजार में हस्तक्षेप करने का तरीका हैं। परंतु आर्थिक मोर्चे पर ये कितनी तार्किक हैं इस बारे में चीजें हमेशा स्पष्ट नहीं रहतीं। आइए पूरे मसले को थोड़ा और करीब से जांचते हैं।

बाजार व्यवस्था ताकतवर है और यह संसाधनों के आवंटन का एक शक्तिशाली उपाय है। बहरहाल, यह निर्वात में काम नहीं करती। यह एक कानूनी, नियामकीय और संस्थागत ढांचे में काम करती है। यदि यह ढांचा उपयुक्त नहीं हो तो बाजार गड़बड़ा सकता है। यानी कुछ कदम उठाने की आवश्यकता है। वैधानिक, संस्थागत और नियामकीय ढांचे में बदलाव की आवश्यकता है। कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियों और अल्पावधि को छोड़ दिया जाए तो तथाकथित विशेष योजनाओं की कोई आवश्यकता नहीं है। एक उदाहरण पर विचार कीजिए। यदि आवास कीमतें अधिक हैं और बीते सात-आठ वर्ष में अचल संपत्ति बाजार में मंदी के बावजूद बहुतों की पहुंच से बाहर हैं तो सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजना चला सकती है और वह कर भी रही है।

वैकल्पिक रूप से सरकार आत्मावलोकन कर सकती है और आवास बाजार के काम करने संबंधी ढांचे को लेकर बनी नीति पर पुनर्विचार कर सकती है। अब व्यापक रूप से दो बुनियादी बातें हैं जिनकी बदौलत देश में आवास कीमतें अधिक हैं। पहली, देश में अभी भी अचल संपत्ति क्षेत्र में काफी हद तक लाइसेंस-परमिट-कोटा जैसी व्यवस्था है। अधिकांश क्षेत्रों के लिए ऐसी व्यवस्था 1991 में नकारी जा चुकी है।

दूसरा, हमारे यहां सन 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून जैसा उदाहरण है। हमें इन दो स्तरों पर बुनियादी बदलाव करना है। प्रधानमंत्री आवास योजना हमें ज्यादा आगे नहीं ले जा सकेगी। भले ही हम सब्सिडी की अवसर लागत के मुद्दे को किनारे कर दें। यह सही है कि उचित कानूनी, नियामकीय या संस्थागत ढांचे में भी बाजार नाकाम हो सकता है। कीमतें गलत हो सकती हैं, संसाधनों का गलत आवंटन हो सकता है।

अक्सर नियम आधारित कर सब्सिडी नीति हस्तक्षेप का बेहतर तरीका होती है। कई बार जागरूकता अभियान का इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि लोग सही निर्णय ले सकें। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं है कि हमें उपरोक्त प्रकार की सरकारी योजनाओं की आवश्यकता है या नहीं।

यह सही है कि हमारे यहां वस्तुओं और सेवाओं के लिए अलग-अलग कर-सब्सिडी दरें हैं। बहरहाल, देश में ऐसी दरें प्रायः वस्तु और सेवा के आवश्यक होने, विलासिता होने या दोनों के बीच की स्थिति में होने के निर्धारण पर निर्भर करती हैं। अक्सर दरों का निर्धारण इस आधार पर नहीं होता है कि क्या सही कीमत तय करने में बाजार विफलता सामने आ सकती है। यहां हमें बुनियादी बदलाव की आवश्यकता है।

मुद्दा केवल संसाधनों के किफायती आवंटन का नहीं है बल्कि गरीबी और आर्थिक असमानता का भी है। बहरहाल हमें पानी जैसी अनिवार्य वस्तुओं पर कम शुल्क की विशेष नीति की जरूरत नहीं है। हमें जल जीवन मिशन जैसी अलग योजना की आवश्यकता भी नहीं है।

इसके बजाय हमें कर-जीडीपी अनुपात बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके बाद सरकार और अधिक आय समर्थन दे सकती है और वह बुनियादी ढांचे पर भी अधिक व्यय कर सकती है जिसमें स्वच्छ जल की पर्याप्त उपलब्धता आदि शामिल हैं।

फिलहाल कर-जीडीपी अनुपात काफी कम है और ऐसा पूरी तरह अर्थव्यवस्था के कमतर विकास के कारण नहीं है। यह इसलिए कम है क्योंकि भारत सरकार कर-जीडीपी अनुपात बढ़ाने पर पर्याप्त धनराशि व्यय नहीं करती है और न ही इस दिशा में प्रयास करती है। एक ओर कुछ कर कानून अभी भी अतार्किक हैं तो दूसरी ओर हमारे यहां ढेर सारी कर रियायतें हैं। कुछ कर तो लगाए ही नहीं गए हैं।

साफ-साफ कहें तो यह जिक्र किया जाना चाहिए कि ऐसा बिल्कुल नहीं है कि भारत सरकार की योजनाएं सभी आर्थिक क्षेत्रों में विद्यमान हैं। वृहद आर्थिक स्थिति और वित्तीय अस्थिरता से निपटने के लिए हमारे यहां भारतीय रिजर्व बैंक जैसे संस्थान और कींस की वित्तीय नीति जैसी नीतियां हैं।

नीतिगत और संस्थागत ढांचा आमतौर पर व्यापक है। सरकारी अधिकारी प्रायः वृहद आर्थिक स्थिति और वित्तीय स्थिरता के प्रबंधन के लिए विशेष सरकारी योजनाओं का संचालन नहीं करते। बहरहाल, जब हम वृहद आर्थिक स्थिति से बाहर देखते हैं तो हालात बहुत ज्यादा अलग नजर आते हैं। हम ऐसा देख चुके हैं।

ऐसे में चरणबद्ध तरीके से बदलाव लाना बहुत आवश्यक है। हमें ढेर सारी योजनाओं के स्थान पर एक बेहतर और आम नीतिगत ढांचा तैयार करना होगा। यह बदलाव लंबी अवधि के दौरान जीडीपी की उच्च वृद्धि दर हासिल करने में मददगार साबित होगा।

(लेखक भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, दिल्ली केंद्र में अतिथि प्राध्यापक हैं)





- गुरुबचन सिंह

> यह सही है कि हमारे यहां वस्तुओं और सेवाओं के लिए अलग-अलग कर-सब्सिडी दरें हैं। बहरहाल, देश में ऐसी दरें प्रायः वस्तु और सेवा के आवश्यक होने, विलासिता होने या दोनों के बीच की स्थिति में होने के निर्धारण पर निर्भर करती हैं। अक्सर दरों का निर्धारण इस आधार पर नहीं होता है कि क्या सही कीमत तय करने में बाजार विफलता सामने आ सकती है। यहां हमें बुनियादी बदलाव की आवश्यकता है।

## खास बात
# योग

- डॉ परिणीता सिंह

**योग** का असर संपूर्ण शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक स्तर पर पड़ता है।

षट् क्रिया हो या फिर जप ध्यान। हर पद्धति द्वारा इस वैश्विक महामारी से अपना बचाव किया जा सकता है । इस वैश्विक महामारी के समय दो मुख्य यौगिक क्रियाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। **आसन और प्राणायाम ।**

इन दोनों क्रियाओं को हर व्यक्ति आसानी से कर सकता है।

आसन और प्राणायाम द्वारा शरीर का प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

मन भी प्रसन्न चित्त रहता है, जिस कारण पूरे दिन उत्साह बना रहता है जो स्वयं को प्रेरणा के अलावा दूसरे दूसरों को भी प्रेरित कर सकता है।

कुछ आसन द्वारा हमारे मेरुदंड एवं छाती प्रदेश को विकसित एवं मजबूत किया जा सकता है।

जैसे भुजंगासन, धनुरासन, पृष्टासन, पश्चिमोत्तानासन, पादहस्तासन एवं मेरू वक्रासन।

इन सभी अभ्यासों को श्वास के साथ करना चाहिए।

सूर्य नमस्कार जैसे अभ्यास को भी श्वास एवं मंत्र के साथ करना चाहिए।

प्राणायाम मे भस्त्रिका, नाड़ी शोधन एवं भ्रामरी का अभ्यास करना चाहिए ।

यह तीनों प्राणायाम वक्ष प्रदेश, नाड़ी संस्थान एवं मस्तिष्क के लिए फायदेमंद है।

भस्त्रिका द्वारा शरीर में गर्मी उत्पन्न कर शुद्धीकरण की क्रिया संपन्न होती है । साथ ही फेफड़ों को अधिक क्रियाशील बनाया जा सकता हैं ।

नाड़ी शोधन द्वारा समस्त कोशिकाओं में ऑक्सीजन को पहुंचाया जा सकता है।

भ्रामरी मन को स्थिर शांत करता है, जिससे संकल्प शक्ति को में बढ़ोतरी होती है ।

अभ्यास का अंत हमेशा ओम उच्चारण से करना चाहिए जिसका प्रभाव आसपास के वातावरण के साथ हमारे आंतरिक वातावरण पर भी पड़ता है ।

गेस्ट फैकल्टी : स्कूल ऑफ योग, रांची यूनिवर्सिटी, रांची
वाइस प्रेसिडेंट : इंडियन योग एसोसिएशन
डायरेक्टर : डिवाइन योगा अकेडमी

# अभिषेक का महत्व

## विचार-प्रवाह

सुभाष काक

**इसी** तरह सबसे ऊपर की तीन स्थितियां हैं, असुर, मानव और देव। वहां ऐसे उत्सव होते, जिसमें यक्षों का आह्वान किया जाता। अवंतिपुर और मार्तंड के खंडहर हमें इस बारे में बताते हैं, फिर भी हमने इसे ठीक से नहीं समझा।

वैदिक देवता कश्मीर के रास्ते चीन और जापान गए। चौथी महान परिषद भी कुषाण शासक कनिष्क के संरक्षण में सन 100 में वहां हुई। सर्वस्तिवादिन स्कूल के भिक्षुओं ने नए सिद्धांत संकलित किए। यही महायान का आधार बना। वैदिक देवता इस समझ का एक हिस्सा थे, जैसे कि ईश्वर की साधना के परम लक्ष्य के साथ ध्यान एक हिस्सा था वैदिक परंपरा का। श्रीनगर के पास कंकुना स्तूप के परिहसापुरा स्मारक पामीर पर्वत से जापान तक पूरे एशिया में एक मॉडल की तरह हैं। वैदिक देवों की कश्मीरी तस्वीर भी बहुत हद तक नकल की गई। कला इतिहासकार सुसान हंटिंगटन हमें याद दिलाते हैं कि चीन में युनांग गुफाएं, एशिया की कई जगहों पर दीवारों पर हुई पेंटिंग और जापान की कुछ पांडुलिपियों का मूल्यांकन इस बात को ध्यान में रखते हुए होना चाहिए कि इनका स्रोत कश्मीर हो सकता है। वैदिक विचारों को भी दक्षिण भारत और दक्षिण पूर्व एशिया से समुद्री मार्ग के जरिए जापान ले जाया गया। तमिल स्वर विज्ञान के माध्यम से संस्कृत के कुछ शब्द जापानी में कैसे बदले। उदाहरण के लिए, संस्कृत का होम शब्द जापानी में गोम हो गया। जापान में संस्कृत मंत्रों को दक्षिण भारत की सिद्धम लिपि में लिखा जाता है। आइए मिलते हैं उन वैदिक देवताओं से जो आज के जापान में लोकप्रिय हैं। शुरू करते हैं वैदिक अग्नि और अभिषेक समारोह से।

**तानाशाह** की असली 'सूरत एक बार फिर देश के सामने है! जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। मैं एक बार फिर कह रहा हूं - यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है, संविधान की

– राहुल गांधी, कांग्रेस

## आपके ट्वीट

आप सभी को विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं। जल, जंगल व जमीन की रक्षा तथा पहाड़ों एवं वन्यजीवों के साथ सह-अस्तित्व हमारी संस्कृति का अटूट हिस्सा है, और आज इसी परम्परा को कायम रखने के संकल्प लेने का दिन है। –चंपई सोरेन





कांग्रेस माओवादी नीति को भारत में लागू करके देशवासियों की संपत्ति के साथ ही हमारी माताओं-बहनों के मंगलसूत्र पर भी पंजा मारना चाहती है।

– नरेन्द्र मोदी

# मतदान में गिरावट लोकतंत्र के लिए अशुभ

योगेश कुमार सोनी

## चुनाव 2024

चुनाव के महासंग्राम लोकसभा 2024 का आगाज हो चुका है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 66.65 प्रतिशत मतदान सहारनपुर में हुआ जबकि रामपुर 55.75 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे कम वोटिंग हुई। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं।

अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवालों का सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नही ले रहे। इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है। बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरुकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नहीं। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेंगे। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38 प्रतिशत ने 2024 के चुनाव के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है। राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नहीं समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। आज वह अपने वोट की कीमत नहीं समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरी जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है। युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं।

अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं। लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### परेशानी का सबब

**किसानों** ने अपनी मांगों के चलते एक बार फिर ट्रेन पटरियां रोक रखी हैं। जिसके चलते बड़ी संख्या में ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं। रेल ट्रैक जाम होने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। वहीं यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को यह बात समझनी चाहिए कि आंदोलन के चलते लोगों को परेशानी में डालना उचित नहीं है।

– श्री प्रकाश वर्मा, रातू

### जीवन से खिलवाड़

**दवाइयां** मरीजों की प्राण रक्षा के लिए बनती हैं। मगर आज मरीज नकली और अमानक दवाओं के मकड़जाल के बाजार में उलझा हुआ है। हिमाचल के दवा उद्योगों में बनी 20 दवाओं में कमियां पाई गई हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रक संगठन द्वारा जारी मार्च के ड्रग अलर्ट में देशभर के विभिन्न राज्यों में 59 दवाओं को गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया गया है।

–अमृतलाल सिंह, रांची

# जहां 108 भवनों में विराज रहे अलौकिक आराध्य देव

प्रशांत झा

## पर्यटन

### लिंगराज मंदिर

हरी-भरी वादियों, नीली पहाड़ियों, घने जंगलों, स्वर्णिम समुद्री तटों एवं सुंदर झीलों से युक्त बंगाल की खाड़ी में स्थित उड़ीसा पूर्वी भारत का एक अनमोल रत्न कहलाता है। उड़ीसा में भुवनेश्वर, पुरी, कटक, कोर्णाक अपने अद्वितीय मंदिरों, समुद्र तटों, उत्कृष्ट स्थापत्य व मूर्ति कला एवं धार्मिक स्थलों के लिए विश्व विख्यात हैं।

### प्राचीन इतिहास

उड़ीसा ही वह प्रदेश है जो प्राचीन काल में कलिंग देश के नाम से जाना जाता था। ईसा पूर्व चौथी-पांचवीं शताब?दी में ही इस क्षेत्र में समुद्री बंदरगाह विकसित हो गए थे। कलिंग प्राचीन इतिहास में चौथी शताब्दी से प्रसिद्ध हुआ, जब मगध में (पटना के समीप) नंद वंशीय राजा का शासन था। ईसा पूर्व 261 के आस-पास मौर्य वंशीय सम्राट अशोक ने कलिंग पर चढ़ाई कर दी थी, और कलिंग प्रदेश को जीत लिया था। लेकिन कलिंग युद्ध में हजारों सैनिकों के हताहत होने से धरती लाल हो गई थी। इससे आहत होकर सम्राट अशोक ने सदा के लिए युद्ध को त्याग दिया था, और बौद्ध धर्म को अपना लिया था।

आज का भुवनेश्वर कलिंग की राजधानी अथवा कलिंग युद्ध क्षेत्र से केवल कुछ ही किलोमीटर के फासले पर स्थित है। कहते हैं, यह वही स्थान है जहां कलिंग का युद्ध हुआ था। यह स?थान भुवनेश्वर-पुरी सड़क पर दायीं ओर पहाड़ी जैसी जगह पर स्थित है। इसके पास से ही एक धीमी गति से प्रवाहित नदी है, जिसे दया नदी के नाम से जाना जाता है। ऊपर मंदिर तक जाने के लिए अलग रास्ता है। रास्ते के चारों ओर काजू के हरे-भरे बाग हैं। काजू के ये हरे-भरे बाग सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

### लिंगराज मंदिर

भुवनेश्वर अपने प्राचीन मंदिरों के लिए विख्यात है। भुवनेश्वर में लिंगराज का मंदिर सबसे बड़ा और भव?य है। लिंगराज मंदिर को केसरी वंशीय राजाओं ने 11वीं शताब?दी में बनाया था। भुवनेश?वर में स्थित अन्य सभी मंदिरों में से, लिंगराज का मंदिर सबसे विशाल एवं आकर्षक है। मंदिर के शिखर कलश से लहराता केसरिया त्रिकोणीय ध्वज दूर से ही नजर आता है। यहां दसवीं-ग्यारहवीं शताब?दी में निर्मित अन्य मंदिरों में मुक्तेश्वर, राजा-रानी, परशुराम आदि के मंदिर सुप्रसिद्ध हैं। उड़ीसा को पूर्व का रत्न कहलाने का प्रमुख कारण इसके ऐतिहासिक नगरों भुवनेश्वर, पुरी, कटक आदि हैं। इन जिलों में जितने देव मंदिर, देवी-देवताओं के पूजा स?थल हैं, उतना पूर्वी भारत में संभवतः और कहीं नहीं हैं।

### महाप्रसाद

लिंगराज मंदिर चारों ओर से किलेनुमा ऊंची दीवारों के भीतर, एक अलौकिक रूप-छटा लिए विद्यमान है। मंदिर की भव्यता कई शताब्दियों पूर्व भारत में मंदिर निर्माण कौशल को सहज ही दशार्ता है। मंदिर के गर्भगृह में भगवान शिव का विशाल शिवलिंग स्थापित है। यहां प्रतिदिन तीन समय- प्रातः, दोपहर एवं सायंकाल में पूजा-अर्चना की जाती है, और सभी समय भगवान को भोग लगाया जाता है। मिट्टी के एक ही आकार वाले हांडों में प्रसाद के लिए भात-दालमा आदि पकाया जाता है। श्रद्धालुओं, भक्तजनों को इन्हें प्रसाद के रूप में दिया जाता है। ऐसे प्रसाद को महाप्रसाद कहा जाता है। महाप्रसाद यहां का एक विशिष?ट भोजन एवं प्रसाद है।

### वास्तुकला निर्माण

लिंगराज मंदिर हिन्दू वास्तुकला निर्माण का एक अद्भुत उदाहरण है। मंदिर की बाहरी दीवारों में पत्थरों को तराश कर बनाई गई विभिन्न देवी-देवताओं की आकृतियां एवं मूर्तियां हैं। जीवन के सत्य को दशार्ती मंदिर की भित्ति पत्थरों पर नारी के विभिन्न रूप उकेरे गए हैं। ये आकृतियां विभिन्न मुद्राओं तथा भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में हैं। कहीं दिगंबर अवस्था में जीवन का सच दशार्या गया है। स्त्री-पुरुष की आकृतियों के अतिरिक्त, पशु-पक्षी, पेड़-पौधों के चित्र भी अत्यंत सूक्ष्मता से उकेरे गए हैं। पशुओं में सिंहों की संख्या सर्वाधिक है। मंदिर के प्रवेश द्वार शिखर के स्तूपों तथा खम्भों में सिंहों की आकृतियां-मूर्तियां हैं।

## स्पीड न्यूज

### शादी की शहनाइयों की गूंज पल भर में मातम में बदली



**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बेंदगी गांव में रविवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। शादी की शहनाइयों की मीठी धुन पल पर में चीखों और मातम में तब्दील हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेंदगी निवासी सिकंदर रविदास पिता रेवल रविदास का रविवार को शादी होनी थी, वह दूल्हा बनकर गाजे बाजे के साथ अपनी दुल्हन को लाने बारात लेकर निकलने की तैयारी में था, बारात का हिस्सा सैकड़ों लोग थे। साथ ही दर्जनों लोग बारात देखने सड़क पर खड़े थे। इसी बीच बारातियों की गाड़ी में से एक आल्टो वाहन संख्या डब्लू बी 02 एके 3155 अनियंत्रित हो गई और अपने चपेट में 3 वर्षीय बालक शानवी कुमार पिता शंकर रविदास, राधिका देवी पति शंकर रविदास, मंजू कुमारी, सुम देवी, सुरेश रविदास, कुलेशर रविदास, मधु देवी, मंजू देवी सहित 12 लोगों को अपने चपेट में ले दिया। आनन फानन में सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल बरही लाया गया, जहां चिकित्सको ने शानवी कुमार को मृत घोषित कर दिया। कई लोगो को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया और कई लोगो का उपचार अनुमंडलीय अस्पताल बरही में चल रहा है। बारात बरही से बरकट्ठा जाने वाली थी और यह घटना करीब साढ़े बारह बजे की है। घटना की खबर सुनकर सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा, पंसस प्रतिनिधि झमन यादव, दिनेश साव, मनोज रविदास सहित कई लोग अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचकर घटना की जानकारी लिया और घायलों का बेहतर उपचार करवाने में सहयोग की।

### हजारीबाग जिले में 2100 स्थान में होगा हनुमान चालीसा पाठ : विश्व हिंदू परिषद

**हजारीबाग।** विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग जिला मंत्री अरविंद मेहता ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन दिवस पर ग्राम एवं नगर स्तर पर 2100 स्थानो में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हो ऐसा आग्रह है। हम सभी के लिए यह अति आनंद का विषय है कि इस वर्ष अयोध्या में प्रभु श्री रामलला अपने नव्य, दिव्य और भव्य मंदिर में विराजित हो चुके हैं। श्री राम काज में उनके भक्त हनुमान की भूमिका से हम सभी परिचित हैं। रामभक्त हनुमान बल बुद्धि और विवेक के साक्षात देवता हैं। वह रोग ,दुख और भय का हरण करने वाले हैं। श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले इन सभी से मुक्त हो जाते हैं। इस बार मंगलवार के दिन बजरंगबली का जन्मोत्सव का दिन होने से उनकी आराधना अति मंगलदायक है। श्री हनुमान चालीसा पाठ के सामूहिक आयोजन के माध्यम से हनुमत आराधना कर धर्म ,समाज एवं राष्ट्र के व्यापक हित हेतु हम प्रार्थना करें, जिससे हमारा राष्ट्र सभी संकटों को मात कर बलशाली और वैभवशाली बने। अतः निवेदन है श्री हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आप विशेष रूप से सहभागी बने। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग के जिला मंत्री ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### बीडीओ और मुखिया के बीच हुई तीखी नोकझोंक



खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** प्रखंड मुख्यालय के बीडीओ के कक्ष मे बीडीओ और मुखियाओं के बीच 15 वी वित योजना की राशि का भुगतान नही करने को लेकर सोमवार को बेहद तीखी नोकझोंक हो गयी। इस बारे मे मुखिया संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार देव ने बताया की हम सभी मुखिया बीडीओ मोहम्मद् हारुन रसीद से मिलने उनके कक्ष मे गये और 15 वी वित योजना की राशि का भुगतान नही होने के बारे मे बीडीओ से बात करने गये। इसी दौरान बीडीओ अचानक से भड़क गये और मुखिया संघ के अध्यक्ष को तमीज से बात करने की नसीहत दिया। बीडीओ के इस तरह के ब्यवाहर से महिला मुखिया सहित अन्य सभी मुखिया काफी नाराज हो गये और दोनो तरफ से तीखी नोकझोंक होने लगी जिसकी आवाज प्रखंड मुख्यालय मे कार्यरत कर्मी और मौजूद लोगों ने सुना। इस मामले मे नोकझोंक होने के बाद सभी मुखिया बीडीओ कक्ष से बाहर आ गये। मुखिया संघ के लोगों का कहना था की पूर्व से स्वीकृत और काम किये गये योजना का बीडीओ भुगतान करने मे काफी दिनों से आनकानी कर रहे थे जिसके लेकर वे बात करने गये थे पर बीडीओ ने उनसे कहा की वे पिछले ग्यारह वर्ष से बीडीओ का पद पर विभिन्न प्रखंडो मे कार्य कर चुके है इसलिए उनपर अनावश्यक दबाब नही दे वे सब मिलकर उनका तबादला वे प्रखंड से बाहर जाने को तैयार है।इस बारे मे बीडीओ मुख्यालय के कर्मियों ने बताया की बीडीओ ने सभी कायायोजना के कागजात को दुरुस्त करने के बाद ही भुगतान करने का निर्देश दिया है और कागजात पूर्ण नही होने के कारण भुगतान मे बिलम्ब हो रहा है।

### महाकाल शिवयोगी की प्रतिमा का अनावरण 24 को

**रामगढ़।** मुक्तिधाम गांधी घाट पर महाकाल शिवयोगी की प्रतिमा का अनावरण 24 अप्रैल को सुबह 10:30 होगा। जिसके मुख्य अतिथि बिहार फाऊंडरी कास्टिंग लिमिटेड के मालिक डॉ हरीकृष्ण बुधिया होंगे। स्वर्गीय अरुणा बुधिया की पावन स्मृति में इस महाकाल शिव योगी की प्रतिमा का निर्माण करवाया गया है। संयोजक कमल बगड़िया ने बताया कि कार्यक्रम में कई लोग शामिल होंगे।

## युवक ने सोशल मीडिया पर किया आपत्तिजनक फोटो अपलोड

# नाबालिग युवती ने फंदे से झूलकर दे दी जान

### मामला ढौठवा पंचायत के गुरी गांव का

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमसांडी।** थाना क्षेत्र के गुरी गाव के कथित प्रेमी द्वारा गांव के ही एक नाबालिग युवती का सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो अपलोड किए जाने से आहत होकर युवती ने घर मे ही फंदे से झूलकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। प्रेम प्रसंग का यह मामला रविवार के शाम करीब सात बजे की है। अचानक हुई इस अनहोनी मामले को देख बदहवास परिजनों ने कटकमसांडी थाने को सूचना दी।

सूचना मिलते ही थानाप्रभारी देवदत्त कुमार सिंह दल बल के साथ गुरी गांव घटनास्थल पर पहुंच फंदे से उतारकर शव को कब्जे मे लिया और रविवार को सुबह पोस्टमार्टम हेतु एसबीएमएच भेज दिया और पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया। बता दें कि उमेश यादव के 16 वषीर्या पुत्री प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल में नवीं की छात्रा थी। घटना के बाबत युवती के चाचा सिकंदर यादव ने बताया कि गांव के ही सुरेश महतो के 30 वर्षीय मंझला



पुत्र अजीत कुमार महतो ने गत 09 अप्रैल 2024 को मेरी भतीजी को बहला फुसलाकर गुजरात भगा ले गया था। इस सम्बन्ध मे युवक के खिलाफ थाने मे आवेदन भी दिया गया। थाने के दबाव के बाद युवक के परिजनों युवती के परिजनो के साथ जाकर गुजरात से युवक युवती को पकड़कर गांव लाया गया। युवती को समझा बुझाकर घर लाया गया। परिजनों ने युवक युवती को थाने को सुपुर्द करने के लिए ढौठवा पंचायत के मुखिया जयप्रकाश केसरी से सम्पर्क किया। मगर युवती के परिजनो ने बताया कि मुखिया टाल मटोल करता रहा। परिजनो का यह कहना है कि समय पर युवक युवती को थाने ले जाते तो शायद यह घटना नही होती।

इसी बीच युवक ने युवती के आपत्तिजनक तस्वीर को सोशल मीडिया पर डालकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। गांव के युवकों के मोबाइल पर आपत्तिजनक पोस्ट की खबर सुनकर युवती ने रविवार के शाम करीब सात बजे अपने ही कमरे में फंदे से झूलकर जान दे दी। इधर ग्रामीणों का कहना है कि अजीत कुमार महतो उदंड प्रवृति का युवक है। वह आपराधिक किस्म का युवक है। युवक के बड़े भाई, जिसकी उम्र करीब 36 वर्ष है, वह भी अविवाहित है। युवक अजीत कुमार महतो प्रेम जाल में फंसाकर युवती से शादी करना चाहता था। मगर विजातीय होने के कारण समाज इसकी इजाजत नही दी। नाराज युवक ने युवती को बदनाम करने के लिए अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया, जिसका साथ गांव के कुछ युवकों ने भी देना शुरू कर दिया। दूसरी ओर बदनामी से आहत होकर युवती को मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा। परिजनों व ग्रामीणों ने युवती के मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए आरोपित युवक को पुलिस प्रशासन से फांसी की सजा दिलाने की मांग की है। बहरहाल, नाबालिग युवती के असामयिक मौत को लेकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## हथियार दिखाकर अज्ञात अपराधियों ने 15 लाख का जेवर समेत 50 नगद लुटा



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र के दीपू गठा स्थित सोनी अलंकार ज्वेलर्स से बीती रात अज्ञात अपराधियों ने 15 लाख का जेवर एवं 50 हजार नगद लूटने का मामला प्रकाश में आया है। ज्वेलर यह जेवर विकास नगर निवासी जितेंद्र सोनी का है। इस संबंध में जेवर दुकान के संचालक जितेंद्र ने बताया कि रविवार रात 9:00 बजे दुकान बंद कर बेटा अंकित सोनी के साथ घर जा रहे थे और दुकान से थैली में जेवर और नगद घर ले जा रहे थे। दुकान बंद कर ५० कदम गए थे कि अपाचे मोटरसाइकिल से तीन अज्ञात अपराधी हथियार दिखाकर लूट लिया । तीनों अपराधी हथियार से लेस थे।

मोटरसाइकिल के पीछे पुलिस का लोगो भी लगा हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि 2018 में भी अज्ञात अपराधी हथियार के साथ दुकान में दिन मैं घुस गए थे और करोड़ों रुपया का सामान लूट लिए थे जिसकी शिकायत थाना में की गई लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुआ । दुकान संचालक ने यह भी कहा कि हमारे दुकान में दो बार घटना घट चुकी है इसके बावजूद भी पुलिस अपराधियों को पकड़ने में असफल दिख रही है। यहां तक की रात की हुई घटना में पुलिस कार्रवाई नहीं कर बल्कि उल्टा डांट फटकार लगा रही है। वह कहती है कि 15 लाख का सामान और नगद लेकर कहां जा रहे थे ।दुकान पर भी सवाल उठा रहे हैं वह मुजरिम के जैसा व्यवहार करते हैं। ऐसे में हम व्यवसाईयों को काफी परेशानी हो रही है जबकि दुकान में तिरपाल गिरी दरवाजा के अलावे कई सुरक्षा का इंतजाम भी किया जा चुका है। उन्होंने पेट्रोलिग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस गश्ती कमजोर हो चुकी है ऐसे में आम लोगों एवं व्यवसाय की सुरक्षा कैसे हो पाएगा । कई लोगों ने बताया कि पुलिस पेट्रोलिंग ना करके बल्कि साइड में पुलिस जीप लगाकर वह मोबाइल पर गेम खेलती है। ऐसे में आम जनता की सुरक्षा कैसे हो पाएगा पूर्व में भी कली बड़ी मंदिर स्थित गीतांजलि ज्वेलर्स दुकान में अज्ञात अपराधियों ने पिस्तौल दिखाकर लाखों का सामान लूट ले गए थे यहां तक अपराधी दुकान में घुसकर फायरिंग भी किया था । ऐसे में हम व्यवसाय को व्यापार करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

### भागवत कथा में उमड़ी भीड़, भक्ति जयकारों से गूंजा क्षेत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यज्ञ समिति शिवनगर कॉलोनी के तत्वावधान में रिवर साइड भुरकुंडा स्थित शिव नगर कॉलोनी बीटीटीआई में चल रहे पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा के तीसरे दिन सोमवार को यज्ञाचार्य द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इस दौरान वाराणसी खैरहकला के आचार्य सुशील कुमार भारद्वाज (पाठक बाबा) के देखरेख में वाराणसी बक्सर के आचार्य नरेन्द्र पंडित, रामजी पांडेय, शिवनगर रिभर साईड के सुभाष पांडेय व भुरकुंडा के निवास पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मटकोर, शिव-पार्वती विवाह आदि अनुष्ठान संपन्न कराये गये। वहीं महायज्ञ के चौथे दिन मंगलवार को जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, अग्नि प्रवेश और पांचवे दिन बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ की पूणार्हुति होगी।

### प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ एवं राम कथा को लेकर कलश यात्रा

**कुजू।** श्री श्री 1008 पंच दिवसीय महालक्ष्मी नारायण यज्ञ सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा एवं राम कथा के आयोजन को लेकर अंबाटांड सांडी में सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा के दौरान 251 श्रद्धालु गाजे - बाजे के साथ प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना पहुंचे। यहां यज्ञाचार्य बालमुकुंद पांडेय, उपाचार्य राकेश पांडेय, विनोद पांडेय, सूरज पांडेय, नीरज मिश्रा ने यजमान बने रामचंद्र प्रजापति, केदार प्रजापति, दिलेश्वर प्रजापति, संजय कुमार, शंकर प्रजापति, जानकी राणा, विनोद प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, इन्दर प्रजापति सपत्निक के हांथों विधिवत पूजा - अर्चना कराया।

## श्री अग्रसेन स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों के बीच मना अर्थ डे

### पेंटिंग, स्लोगन, भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, सफल प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को अर्थ डे के अवसर पर पेंटिंग, स्लोगन, भाषण एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न कक्षाओं से करीब दो सौ प्रतिभागी शामिल हुए। बच्चों ने अर्थ डे से संबंधित पेंटिंग, स्लोगन, पोस्टर, कविता के माध्यम से पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। पृथ्वी के नष्ट होने के कारणों एवं उसके संरक्षण के उपायों पर चर्चा की गई। बच्चों व शिक्षकों ने धरती को नष्ट होने से बचाने का संकल्प दोहराया। अर्थ डे मनाने के इतिहास और पृथ्वी से जुड़े रोचक तथ्यों से भी बच्चों को अवगत कराया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए मनुष्य प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहा है। इसके कारण पूरी दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग की शिकार हो रही है। पृथ्वी हमारा घर है। हमारी जिम्मेवारी है कि हम इसे आनेवाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखें। पर्यावरण क्षरण से मानव स्वास्थ्य, वन्यजीव और पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी दिवस जैसे आयोजन से हम लोगों के बीच इस गंभीर मुद्दे पर जागरूकता फैलाकर हालात को सुधारने में सहयोग कर सकते हैं। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि आज धरती व प्रकृति पर अत्याचार काफी बढ़ गया है, जो पूरी दुनिया के लिए कहीं से भी अच्छा नहीं है। दोहन के कारण जलस्रोत समाप्त हो रहे हैं। पेड़-पौधों को काटे जाने से धरती बंजर बनती जा रही है। हवा जहरीली हो गयी है। यह बात अब हमें पूरी गंभीरता से सोचनी होगी कि हम अपने आनेवाली पीढ़ी के लिए कैसी धरती छोड़ना चाहते हैं। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे



अपनी बेरतरिन पेंटिंग को दिखाते बच्चे

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण व वन उत्सव मनाने की जरूरत : बिजयंत




प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित बच्चों के बीच ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी दिवस पर आयोजित भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साह के साथ शामिल होकर पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने भाषणों में वर्तमान समय में होने वाले जलवायु समस्याओं के बारे में बताया। साथ ही विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक परीक्षणों और दुनिया में होने वाले परिवर्तनों को भी उन्होंने विस्तार तरीके से सबों के समक्ष रखा। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार कहा कि आज प्रकृति विभिन्न प्रकार के जलवायु संकटों से जूझ रही है। इन समस्याओं और संकटों से बचने के लिए हमें पौधारोपण और वन उत्सव को मनाने की आवश्यकता है। साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा के लिए विभिन्न संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए।

### बाईक पोल से टकराई, दो घायल, रिम्स रेफर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सौंदा डी पंचायत के हुसैनीनगर में सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में बाईक सवार दो युवक घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनो घायलों को उपचार के लिए सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों का बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार भुरकुंडा पावर हाउस निवासी 42 वर्षीय राजकुमार भुंइया व सौंदा निवासी 17 वर्षीय कृष्ण कुमार लोहार बाइक पर सवार होकर भुरकुंडा से सौंदा डी की ओर तेज गति से जा रहे थें। इसी बीच नलकारी पुल के निकट सौंदा डी के हुसैनीनगर में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों घायल हो गये। घटना में राजकुमार भुंइया के सर में काफी गंभीर चोट लगी है। स्थानीय लोगों व एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया गया।

### सांसद प्रत्याशी की पत्नी ने जिला टॉपर को किया सम्मानित

**कुजू।** मांडू विधायक और हजारीबाग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की धर्मपत्नी ललिता देवी ने सोमवार को करमा उच्च विद्यालय करमा की छात्रा प्रीति कुमारी का मैट्रिक की परीक्षा में 482 ( 96.4% ) अंक लाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त पर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने भेंट स्वरुप उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। साथ उन्होंने खुशी जाहिर कर बधाई देते हुए ईश्वर से उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा की प्रीति ने बेहतर परिणाम लाकर गांव ही नहीं बल्कि पुरे जिले का मान बढ़ाने का काम किया है।

## एक नजर में

### नहीं रहे होक्सा के अध्यक्ष हर्ष वर्मा उर्फ रिको, शोक की लहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग ओल्ड जेवेरियन एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष वर्मा उर्फ रिको (66 वर्ष) नहीं रहे। उन्होंने सोमवार को कनहरी मार्ग स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनका निधन हृदयाघात से होने की बात कही जा रही है। वह संत जेवियर्स स्कूल हजारीबाग में 1974 बैच के विद्यार्थी थे और वर्ष 2012 से होक्सा के अध्यक्ष थे। परिवार में उनकी पत्नी नीलिमा वर्मा, बेटा किंजल वर्मा और बेटी इस्पिता वर्मा समेत भरा-पूरा परिवार है। उनका जन्म 21 मार्च 1958 को हुआ था। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। अध्यक्ष के निधन की खबर सुनकर होक्सा समेत अन्य लोगों में शोक की लहर छा गई। होक्सा के मीडिया प्रभारी विजय जैन ने कहा कि यह होक्सा के लिए बड़ी क्षति है। अध्यक्ष हर्ष वर्मा उर्फ रिको काफी लोकप्रिय, मृदुभाषी और सहयोगी व्यक्ति थे। उनके निधन की भरपाई संभव नहीं है।

### मैट्रिक बोर्ड : उत्क्रमित उच्च विद्यालय नापो खुर्द के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

#### बोर्ड परीक्षा में प्रियंका रही प्रखंड की सेकंड टॉपर

**बड़कागांव।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय नापो खुर्द के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में सत-प्रतिशत सफलता पाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है।बोर्ड परीक्षा में विद्यालय से 131 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया था जिसमें सभी विद्यार्थी ने सफलता प्राप्त किया।

वही प्रथम श्रेणी से 115 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी से 15 विद्यार्थी व तृतीय श्रेणी से 1बच्चे ने सफलता प्राप्त की।वही सात बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है जिसमें प्रियंका कुमारी 95% अंक लाकर प्रखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।वही मोहम्मद नुमन 94.6%, राजन कुमारी 93.6% छाया कुमारी, 93.4% रवीना कुमारी, 91.8% बादल कुमार 91. 2%, राहुल कुमार 91% अंक लाकर सफलता प्राप्त की है। छात्र-छात्राओं के सत प्रतिशत सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है वही अध्यनरत बच्चों को इनसे प्रेरणा लेने की बात कही है। बच्चों की सफलता पर बधाई देने वालों में विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार, सहायक शिक्षक कुमार सुनील, आशीष कुमार, प्रकाश आनंद, रामप्रवेश साव, संजय राम, कंप्यूटर शिक्षक सुनील कुमार सहित विद्यालय परिवार शामिल हैं।

### बीएम मेमोरियल स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का हुआ शुभारंभ



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम संचालित विद्यालय बी एम मेमोरियल स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने बच्चों के संग दवा खाकर किया। मौके पर डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि 1वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को कीड़े की दवा जरूर खानी चाहिए। अधिकांश बच्चों में पेट से संबंधित अधिक बीमारियों का खतरा होता है। जिस वजह से बच्चों में खून की कमी,कुपोषण,मितली,उल्टी व दस्त होना तथा वजन में कमी होना जैसे दुष्प्रभाव होते है क्योंकि ज्यादातर बच्चे बाहर खेलते समय कब किस चीज को हाथ लगाते हैं। उनको पता ही नही होता है। उन्हीं गंदे हाथों से घर की सारी चीजों को छूना, बिना हाथ पैर धोकर कुछ भी खा लेना, बिना ढका हुआ पानी पीना इन्हीं सब लापरवाही की वजह से बच्चों के पेट में बीमारियों होती हैं। जो कभी-कभी घातक भी साबित हो सकता है। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम को सफल बनाए। वही विद्यालय उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा ने एल्बेंडाजोल टेबलेट खाने से होने वाले फायदे के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं स्कूल में लगभग 700 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी नवीन कुमार, प्राचार्य कैलाश कुमार,उप प्राचार्य पूनम कुमारी, सहित दीदी सीसम देवी, अंबारी खातून सहित अन्य मौजूद थे।

### जैक बोर्ड परीक्षा में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की एकता बनी प्रखंड टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** जैक बोर्ड 10वीं का रिजल्ट प्रकाशित कर दिया गया है, जिसमे बरही प्रखंड के बच्चो का रिजल्ट काफी अच्छा रहा है। वहीं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही की एकता कुमारी पिता अमरनाथ सिंह ग्राम डूमरडीह निवासी ने 93.4 प्रतिशत (467) अंक प्राप्त कर बरही प्रखंड की माध्यमिक परीक्षा 2024 की टॉपर रही। उक्त जानकारी विधालय के प्रधानाचार्य रवि कांत ओम ने देते हुए हर्ष जाहिर किया और कहा कि एकता कुमारी शुरू से मेहनती व परिश्रम करने वाली छात्रा है। उन्होंने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्पीड न्यूज

### संयुक्त सचिव ड्रग्स कंट्रोल ने चतरा में जब्त दवा मामले की जांच की

**चतरा।** झारखंड के संयुक्त सचिव ड्रग्स कंट्रोल सुमन तिवारी ने सोमवार को चतरा पहुँचकर सिमरिया में नौ अप्रैल को जब्त की गई 25 लाख रुपये की नशे की दवा के मामले की जाँच की। श्री तिवारी ने ड्रग्स इंस्पेक्टर कार्यालय में मामले की जाँच की और सैंपल जाँच के लिए बाहर भेजा। उन्होंने बताया कि टेंपो पर बिना लाइसेंस के दवा ले जाया जा रहा था, जिसे पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान जब्त किया था। इसके बाद इसकी सूचना ड्रग्स इंस्पेक्टर को दी गई और उनकी पुष्टि के बाद दवा जब्त कर ली गई। साथ ही टेंपो चालक दिनेश पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### डीएसपी ने दो बालू लदे ट्रैक्टरों को किया जब्त

**चतरा।** इटखोरी प्रखंड में डीएसपी रोहित रजवार के नेतृत्व में मुहाने नदी से अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। दोनों ट्रैक्टरों को इटखोरी थाना में रखा गया है और थाना प्रभारी ने डीएमओ को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। डीएसपी ने कहा है कि बालू माफियाओं के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### जहर खाकर किया आत्महत्या

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत विशुनपुर में एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं मृतक की पहचान 45 वर्षीय कैलाश चंद्र शर्मा पिता पुरुषोत्तम शर्मा चौपारण निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कई लोगों से कर्ज होने के कारण रविवार रात जहर खा लेने से अचानक तबियत बिगड़ने लगी। इसके बाद पुलिस की मदद से सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हालांकि सोमवार को समाचार लिखे जाने तक पोस्टमार्टम नहीं किया गया था। फिलहाल तिलैया पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बरियाडीह–मरकच्चो मुख्य मार्ग स्थित गरगड़िहा हनुमान मंदिर के समीप रविवार की देर रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए निजी क्लिनिक में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गिरिडीह जिला के घोडथम्बा ओपी क्षेत्र के ग्राम पिपराकोनी निवासी जय कुमार पिता रामेश्वर यादव अपने दोस्त सुजीत यादव पिता तुलसी यादव के साथ बिना नम्बर के अपाची बाइक से मरकच्चो स्थित पाण्डेयडीह शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में जयकुमार व सुजीत यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।

### अवैध शराब के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर सतगावां थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को जिले के सतगावां थाना अंतर्गत ग्राम कटैया जंगल में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी की गयी। छापामारी के दौरान 800 लीटर जावा महुआ विनिष्ट किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी सतगावां विजय गुप्ता व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### जीएस पब्लिक स्कूल में मना विश्व पृथ्वी दिवस

**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। जहां बच्चों ने ड्रॉइंग कम्पटीशन में भाग लिया व एक से बढ़कर एक पेंट बनाते हुए अच्छे संदेश देने का कार्य किया। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं क्योंकि आज के समय में बढ़ती आबादी के कारण हर दिन पेड़ों की कटाई हो रही है, इसके साथ ही हर दिन ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ती जा रही है।

---

इंडिया गठबंधन की बैठक में चुनावी रणनीति पर चर्चा, जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 28 को

# झारखण्ड की सबसे फिसड्डी सांसद कोडरमा से हैं, जनता चाहती है बदलाव : इंडिया गठबंधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** इंडिया गठबंधन के समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह को कोडरमा से विजयी बनाने को लेकर इंडिया गठबंधन के घटक दल युद्ध स्तर पर चुनावी तैयारियों में जुटे है। चुनावी तैयारी को लेकर सोमवार को इंडिया गठबंधन की बैठक विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में इंडिया गठबंधन के संयोजक रामान यादव ने किया।

बैठक में जिले में प्रचार प्रसार तेज करने और प्रत्याशी विनोद सिंह का जनसंपर्क अभियान को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। वहीं बैठक में 28 अप्रैल को इंडिया गठबनन का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शिव वाटिका में करने का निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन को

## भाजपा से जनता पांच साल का हिसाब मांग रही, लेकिन भाजपा हिसाब देने से कतरा रही : रामान



सफल बनाने को लेकर इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों को जिम्मेवारी दी गयी।

वहीं कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर नगर परिषद झुमरीतिलैया, नगर पंचायत कोडरमा/डोमचांच एवं सभी प्रखंड के गठबंधन के नेतृत्व साथियों के साथ तैयारी को लेकर बैठक करने का निर्णय लिया गया। वहीं श्री यादव ने कहा कि भाजपा हार की आहट से बौखला गयी है। जनता और मीडिया को काम की उपलबि बता पाने में असमर्थ हो रही है। झारखण्ड बनने के बाद से भाजपा के ही सांसद रहें है। इसके बाबजूद कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में ग्रासरूट पर कोई काम नही हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जनता का ध्यान बांटने के लिए इधर-उधर की बात कर गुमराह कर रही है। भाजपा से 5 साल का हिसाब मांग रही, लेकिन भाजपा हिसाब देने से कतरा रही है।

इस चुनाव में जनता संविधान बचाने और भाजपा की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले रही है। वहीं अन्य वक्ताओं ने कहा कि सांसद ने काम किया होता तो जनता आक्रोशित नही होती। जनता के सवालों पर भाजपा सांसद ने कभी भी सड़क और सदन में लड़ाई नही लड़ी। इंडिया गठबांन के भाकपा माले प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह झारखण्ड विधानसभा के उत्कृष्ठ विधायक है और सदन से सड़क तक हर मुद्दे पर संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि कोडरमा के लिए शर्मनाक है कि भाजपा सांसद कोडरमा में विकास की उपलब्धि गिनाने में भी असमर्थ हो रहें है। जनता काम के आधार पर सांसद का आंकलन कर रही है, काम के मामले में झारखण्ड की सबसे फिसड्डी सांसद कोडरमा से है। कोडरमा की जनता बदलाव की ओर बढ़ चली है। ताकि बेरोजगारी, पलायन, भाईचारा के साथ अबरख, ढिबरा, पत्थर, क्रशर के मुद्दे संसद में गूंज सके और नीति निर्धारण हो पाए। बैठक में गंगा प्रसाद यादव, प्रकाश रजक, भागीरथ पासवान, राजेन्द्र मेहता, संदीप कुमार, लीलावती मेहता, प्रेम प्रकाश, इंद्रदेव राम, सहदेव यादव, मनोज रजक, धीरज यादव, चरनजीत सिंह, प्रेम पांडेय, असीम सरकार, रमेश प्रजापति, उदय द्विवेदी, पवन भगत, अरुण सिंह समेत इंडिया गठबंधन के लोग मौजूद थे।

---

एक नजर में

## महाविद्यालय में मतदान करने की दिलाई गई शपथ



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। मतदान को स्वच्छ एवं निर्भीक ,पक्षपात रहित ,बिना किसी प्रलोभन के ,जाति धर्म से ऊपर उठकर करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। उन्होंने कहा की सभी को पहले मतदान फिर जलपान के नारे पर अमल करना चाहिए। प्रो.ललित मोहन सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। एक एक मत महत्वपूर्ण है इसलिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो जानकी प्रसाद दांगी, प्रो श्याम सुन्दर प्रसाद, सकेंद्र मिस्त्री, डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार, डॉक्टर ईवा सिन्हा, मधुबाला, लिलुरानी,प्रो ललित सिंह, धीरेंद्र यादव, संदीप कुमार, राकेश कुमार,पंकज कुमार, महेंद्र ठाकुर, मोइद्दीन अंसारी सहित छात्र/छात्राएं एवम महाविद्यालय कर्मियों की उपस्थिति रही।

## सड़क दुर्घटना में युवा व्यवसायी की मौत



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** हजारीबाग से लौट रही बारातियों से भरी स्विफ्ट कार चतरा-हजारीबाग मुख्यपथ पर स्थित गिद्धौर थाना क्षेत्र के इंदरा गांव में सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। जिससे शहर के नगवां मोहल्ला इलाके में संचालित पफेक्स मॉल बिल्डिंग के मालिक व्यवसायी मनीष सिंह उर्फ मंटू सिंह की दुर्घटना में मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मनीष तपेज निवासी भाजपा नेता अरुण सिंह के पुत्र और पूर्व मुखिया कुमार विवेक के भतीजे थे। हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

दुर्घटना की खबर के बाद उनके घर में कोहराम मच गया और पूरा शहर शोक में डूब गया। मनीष दारियातु पंचायत की पूर्व मुखिया पूनम देवी के बेटे की शादी से लौट रहे थे। समाज सेवा के क्षेत्र में मनीष ने शहर में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी।

---

### इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी का चला जनसंपर्क अभियान

**जयनगर (कोडरमा)।** इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह ने कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से रूबरू हुए। वहीं उन्होंने लोगों की बात को सुना और अपनी बात भी रखा। वहीं उन्होंने कहा आजादी के बाद लगभग 10 बार भाजपा के सांसद यहां से चुनाव जीत कर गए हैं लेकिन जनता का सवाल लोकसभा में नहीं उठा और वह आवाज सड़कों पर भी नहीं सुनाई पड़ा इस बार झंडे में तीन तारा पर बटन दबाकर विजय बनाने का अपील किया। आपकी आवाज संसद में सुनाई पड़ेगा और वह आवाज सड़कों पर गांव व शहरों में सुनाई पड़ेगा। जनसंपर्क अभियान में झारखंड मुक्ति मोर्चा राजद, कांग्रेस, सीपीई, माले, आप पार्टी के नेता कार्यकर्ता शामिल थे। अभियान में श्यामदेव यादव, मो. इब्राहिम, विजय पासवान, रामेश्वर प्रसाद यादव, मिशुवाउदिन खान, त्रिवेणी सिंह, अजय सिंह, पवन सिंह, मुन्ना यादव, चांद अख्तर, हकीम खान, श्रीकांत ठाकुर, असगर अंसारी, इंद्रदेव यादव, वीरेंद्र यादव, कुलेश्वर सिंह, वासुदेव यादव, बिहारी यादव, भीम दास महागठबंधन के कई नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

## मतदान केंद्रों तक जाने का रूट चार्ट की पूरी तरह से करें मैपिंग : मेघा भारद्वाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में चंदवारा प्रखंड सभागार में बैठक हुआ। बैठक में चंदवारा प्रखंड के सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और स्वच्छ संपन्न कराने एवं विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का मतदान दिन से पहले और मतदान दिन का समय में अहम भूमिका होती है।

**चेक नाका, क्लस्टर, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा चंदवारा प्रखंड अंतर्गत चेक नाका, क्लस्टर, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने चेकनाक पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी व पदाधिकारियों को हर छोटी-बड़ी वाहनों को जांच करने का निर्देश दिये। साथ ही क्लस्टर, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, बीडीओ, सीओ चंदवारा आदि मौजूद थे।



### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता को लेकर एलईडी वैन को किया रवाना

**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर व्यापक जन जागरूकता को लेकर सोमवार को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाकिा सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एलईडी जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी किया जा रहा है, इसी कड़ी में आज डिजिटल वैन को रवाना किया गया है, जो गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा।

### न्यायालय कर्मी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन

**कोडरमा।** व्यवहार न्यायालय के न्यायालय कर्मी इंदू कुमार दिवाकर के आकस्मिक निधन पर व्यवहार न्यायालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि कोडरमा व्यवहार न्यायालय में कार्यरत 1997 बैच के न्यायालय कर्मी इंदू कुमार दिवाकर का अचानक दिल्ली में इलाज के दौरान निान हो गया, वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। वह अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। मौके पर प्रााान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह, जिला जज तृतीय तरुण कुमार, जिला जज चतुर्थ राकेश चंद्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रताप चंद्रा, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अवर न्यायाधीश तृतीय प्रज्ञा बाजपेयी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कंचन टोप्पो सहित अन्य कई न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी अधिवक्ता मौजूद थे।

## भद्रकाली महाविद्यालय में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में एनएसएस इकाई 1 और 2 के तत्वावधान में अफरोज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दृष्टि आई हॉस्पिटल चौपारण के सौजन्य से एक निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों छात्र/छात्राओं, महाविद्यालय के शिक्षकों, तृतीय और चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के साथ-साथ बलिया, सोनिया, परसौनी, सोनासीमर और पचमो गांव के ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाइयां और परामर्श दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दुलार ठाकुर ने की। नेत्र चिकित्सकों और तकनीकी कर्मियों के महाविद्यालय पहुंचने पर उनका स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम में डॉ मोहसिन रज्जा, मो इफ्तेखार आलम, मो इरफान खान, मो शाहरुख खान और शांति देवी शामिल थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो श्यामसुंदर प्रसाद, प्रो सकेंद्र मिस्त्री, प्रो ललित मोहन सिन्हा, प्रो जे पी दांगी, प्रो संदीप कुमार सहित सभी महाविद्यालय कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## राष्ट्रपति पुरस्कृत देवचरण दांगी ने ज्योत्सना ज्योति को दी बधाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** पांडेयबागी निवासी शिक्षक राजेन्द्र दास की बेटी ज्योत्स्ना ज्योति ने 496 अंक लाकर झारखंड राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देने के लिए वोट फॉर लोकल के नेतृत्वकर्ता सह राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक देवचरण दांगी, हजारीबाग श्रम अधीक्षक अनिल रंजन, आजसू पार्टी चतरा जिला कार्यकारी अध्यक्ष शिवलाल दांगी, युवा नेता सह समाजसेवी बैद्यनाथ कुमार दांगी, आजसू जिला उपाध्यक्ष हीरा निषाद, चार्टर्ड अकाउंटेंट संदीप सिंह, पहरा पंचायत प्रतिनिधि पुरुषोत्तम गुप्ता, गिद्धौर प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य रामलखन दांगी, शिक्षक अशोक दांगी, जवाहर दांगी, महादेव राम और अन्य लोग उनके घर पहुँचे। ज्योत्स्ना ज्योति की इस सफलता पर सभी ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### एनटीपीसी संयंत्र में लगी आग, जांच की मांग

**चतरा।** चतरा के टंडवा एनटीपीसी संयंत्र में लगी आग ने संयंत्र की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों ने घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, जिससे प्रबंधन चिंतित है। आग लगने के पीछे कंपनी के एक्सटेंशन बढ़ाने और रिजेक्टेड चीजों के बदले बीमा कंपनी से करोड़ों रुपये पाने की साजिश की आशंका जताई जा रही है। घटना के दौरान पत्रकारों को लाइव कवरेज से रोका गया और जिम्मेदार अधिकारी सवालों से बचते रहे, जिससे शंकाएं और बढ़ गई हैं। प्रकाशित खबरों में भारी अंतर और समन्वय का अभाव है, कुछ खबरों में केवल घास-फूस और रिजेक्टेड चीजों में आग लगने की बात कही गई है, जबकि नुकसान का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। जानकारों का मानना है कि निष्पक्ष केंद्रीय एजेंसियों की जांच के बिना मामले का सच सामने नहीं आ सकता।

## भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन को लेकर बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन को लेकर जोरी मंडल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, सहसंयोजक, शक्ति केंद्र के प्रभारी, बूथ के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से नामांकन में अधिक से अधिक संख्या ले जाने पर चर्चा की गई और घर-घर जाकर सभी लोगों से संपर्क करने का निर्णय लिया गया। चतरा लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कालीचरण सिंह 26 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, चंद्रपाल पाठक, भूपेंद्र मिश्रा, सतीश सिंह और विनोद दांगी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** प्रखंड के किशनपुर टोंगरी में लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान डोर-टू-डोर जाकर लोगों को मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, उन्हें 23 अप्रैल तक बीएलओ से संपर्क करने या ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवाने के लिए कहा गया। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगों से भी मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने का आग्रह किया गया। उपस्थित युवा मतदाताओं से अपील की गई कि अगर उनके जानने वाले, पहचानने वाले या साथी का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य शामिल कराएं।

जिला प्रशासन का उद्देश्य चतरा लोकसभा क्षेत्र में सभी पात्र मतदाताओं को मत का अधिकार दिलाते हुए अधिक से अधिक मतदान कराना है। इसी कड़ी में कान्हाचट्टी प्रखंड के कोल्हैया पंचायत में भी मतदाता शपथ, बैनर पोस्टर, स्लोगन का नारा लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

## सभी के प्रयास से ही धरती को सुरक्षित रखा जा सकता है : गौतम

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में सोमवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल ओम प्रकाश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे। वहीं

### पृथ्वी दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन



उन्होंन कहा कि जागरूक होकर ही धरती को बचाया जा सकता है, बेतकीब विकास और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से पृथ्वी का संकट गहरा रहा है। यही कारण है कि आए दिन किसी न किसी हिस्से में प्राकृतिक तबाही होती रहती है।

वहीं उन्होंने कहा कि सभी के योगदान से धरती को सुरक्षित रखा जा सकता है। वहीं डिप्टी चीफ एलईडीसीएस किरण कुमारी ने कहा कि मानव के लगातार दोहन से नदियां सूख रही है, धरती का जलस्तर नीचे जा रहा है, बढ़ती आबादी के चलते प्रकृति के संसाधनों का अधिक दोहन हो रहा है। इसे रोकने की आवश्यकता है। वहीं एलईडीसीएस राजेंद्र मंडल ने कहा कि कल कारखानों एवं गाड़ियों के लगातार प्रयोग से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है, इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। वहीं एलईडीसीएस अरुण कुमार ओझा ने कहा कि धरती बचाओ जीवन बचाओ धरा नहीं तो सब धरा रह जाएगा इस बार पृथ्वी दिवस का थीम है 'धरती बनाम प्लास्टिक' वहीं उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे से पृथ्वी की जैव विविधता बुरी तरह प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इससे छुटकारा पाने के लिए ठोस कदम उठाने ही होंगे एवं पेड़ों की अंधाधुंध कटाई रोकनी होगी। मौके पर न्यायालय कर्मी, पीएलबी समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### फरार वारंटी का घर किया गया कुर्क



हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज पुलिस ने सोमवार को सेमरवार गांव में विरेन्द्र पासवान के घर का कुर्क कर लिया है। थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने बताया कि विरेन्द्र पासवान बिहार राज्य के दाउदनगर थाना में दर्ज कांड संख्या 240 /2014 का फरार अभियुक्त है। एस आई विगेश कुमार राय तथा पुलिस बल ने कुर्की कार्रवाई की।

### शहरी क्षेत्र की अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त



हरिहरगंज पलामू। एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर पुलिस ने सोमवार को शहरी क्षेत्र के वैद्य विगहा में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। नेतृत्व कर रहे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वैद्य विगहा में एक अवैध शराब की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं 4 ड्राम में रखे करीब दो क्विंटल जावा महुआ तथा 20 लीटर निर्मित देसी शराब के साथ ही शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। अवैध शराब निर्माण करनेवाले फरार धंधेबाजों की पुलिस पहचान करने में जुटी हुई है। छापेमारी में एसआई विगेश राय, नंदलाल साहनी, डीके गोप एएसआई संजय सिंह व सशस्त्र बल थे।

### जीनियस किड्स स्कूल ने खोली पनशाला



मेदिनीनगर। झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पहल पर चैनपुर प्रखंड के ग्राम नेउरा में जीनियस किड्स स्कूल ने पनशाला खोली। उद्घाटन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव दिब्येन्दू गुप्ता तथा विद्यालय की निदेशिका गजाला अहसन रूबी ने राहगीरों को पानी पिलाकर तथा अल्पाहार देकर किया। संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि गैर मान्यताप्राप्त विद्यालयों की तरह बड़े-बड़े मान्यता प्राप्त विद्यालयों को भी पनशाला खोल इस तपिश गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाना चाहिए। अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि गर्मी में कोई न रहेगा प्यासा, अगर हर जगह खुलती है पनशाला। मौके पर सचिव दिब्येन्दू, शायर एम जे अजहर, एसोसिएशन के कार्यालय सचिव सह मीडिया प्रभारी सतीश अग्रवाल, सदस्य सिकंदर आजम, रोशन कश्यप, वीरेंद्र दुबे, उमेश, चैनपुर नेउरा के सदर अब्दुल मोतलीब अंसारी, रियासत अंसारी, रिजवान अंसारी आदि मौजूद थे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर जिले के 500 मंदिरों में होगा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ : विहिप



मेदिनीनगर। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल पलामू की टोली बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रांत के निर्देशानुसार हनुमान जन्मोत्सव पूरे जिला के 500 मंदिरों में मनेगा। नगर निगम और ग्रामीण मिलाकर 51 मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और हनुमान जी की आरती की योजना है। इसके अलावा सभी प्रखंडों में 31 मंदिरों में इस कार्यक्रम को अनिवार्य रूप से करने की तैयारी है। विहिप का केंद्रीय कार्यक्रम राम जन्मोत्सव जो 09 से प्रारंभ हुआ है जिला के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में लगभग 500 स्थान पर आयोजित करने का लक्ष्य है। बैठक में विहिप विभाग सह मंत्री महेंद्र नाथ, जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप गुप्ता, गोपाल तिवारी थे।

### पलामू की जनता ने परिवर्तन का मूड बना लिया है : संजय सिंह यादव



मेदिनीनगर। इंडिया गठबंधन की बैठक में इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न दलों के जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ता ने भाग लिया। मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने 24 अप्रैल को इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ममता भुइयां के नामांकन सफल बनाने व नामांकन के बाद आयोजित जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं से अपील की। कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र राजद का गढ़ रहा है। इस बार पलामू की जनता परिवर्तन का मूड बना लिया है इसलिए हम सभी लोगों को चुनाव में पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ लगकर पलामू सीट को जीतना है। प्रत्याशी ममता भुइयां ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान आमजनों का जो स्नेह व प्यार मिल रहा है। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, दीनानाथ तिवारी, विजय शंकर चौबे, पूर्णिमा पांडेय, सैयद सम्मी अहमद समेत कई अन्य भी थे।

### पृथ्वी दिवस पर प्रबुद्धजनों ने लिया वृक्ष लगाने-बचाने का संकल्प



मोहम्मदगंज, पलामू। विश्व पृथ्वी दिवस पर सोमवार को स्टेशन रोड में व्यावसायियों और प्रबुद्धजनों ने वृक्ष बचाने और लगाने के संकल्प को दोहराया। लोगों ने कहा कि पृथ्वी पर पर्यावरणीय ह्रास से इसके नष्ट होने का खतरा लगातार बढता जा रहा है। ऐसे में इसे बचाये रखने के लिए पर्यावरणीय संतुलन को कायम रखने को लेकर ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने और पहले से लगाये गये व खड़े को बचाना समय की जरूरत है स्टेशन रोड में अधिक पेड़ लगाने की दिशा में कुछ वर्ष पहले प्रयास किया गया। जिसमें गुलमोहर, नीम, करंज के पौधे पेड़ के रूप में खड़े हो गये हैं। वन विभाग को भी इस रोड में दोनों तरफ पेड़ लगाने के लिए साथ ही प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण सड़कों के किनारे राहगीरों को गर्मी के दिनों में छांव और गर्मी से राहत मिलेगी।

# पलामू भाजपा प्रत्याशी विष्णुदयाल राम पहुंचे छतरपुर, मांगा आशीर्वाद

- पलामू संसदीय क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा करेंगे : बीडी राम
- 24 अप्रैल को नामांकन कार्यक्रम में भाग लेने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

छतरपुर पलामू। पलामू संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सह सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम सोमवार को पाटन पड़वा होते हुए छतरपुर पहुंचे। छतरपुर पहुंचने पर समर्थको व पार्टी कार्यक्रतों ने श्री राम का जोरदार स्वागत किया। ज्ञात हो कि श्री राम 24 अप्रैल को उक्त संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगे। श्री राम ने नामांकन रैली में सभी कार्यकर्ता को पहुंचने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लठेया, नौडीहाबाजार आदि क्षेत्रों के सभी जनता से अपना आशीर्बाद और स्नेह मांगा ताकि अधूरे कार्य को पूर्ण कर सके और मोदी जी के हाथों को मजबूत करने में सहयोग करें।



**खास बातें :** उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र में विकास के कई कार्य किये गये हैं। जनता मुझे किये गये कार्यों के आधार आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सभी जाति, धर्म व वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है। भाजपा सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर कार्य करती है। जनता मौका दे अगली बार पलामू संसदीय क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा करेंगे। पलामू संसदीय क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, निःशुल्क गैस कनेक्शन, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड समेत कई बुनियादी सुविधाएं जनता के लिए उपलब्ध करायी गयी है। मुझे विश्वास है कि जनता मुझे समर्थन कर देश में पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायेगी। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता को भी अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर कार्यो की जानकारी लोगों तक पहुंचाने की अपील की। मौके पर क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, नप अध्यक्ष मोहन जायसवाल, ईश्वरी पांडेय, बैजू प्रसाद, सुरेश प्रसाद, अशोक सोनी, सुधीर सिन्हा, नवल प्रसाद, ओम प्रकाश समेत कई लोग मौजूद थे।

# राजतिलक की करो तैयारी : आनंद शंकर

›› ऐतिहासिक होगा बीडी राम का नॉमिनेशन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। शहर के व्यवसायियों ने जहां एक ओर शहरी क्षेत्र में वोट का प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है वहीं दूसरी ओर व्यवसाईयों ने बीजेपी कैंडिडेट बीडी राम को अपार बहुमत से जिताकर तीसरी बार लोकसभा में भेजने का फैसला कर लिया है। शहर के व्यवसाईयों के साथ बैठक करते हुए चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि जहां देश के विकास के लिए प्रधानमंत्री के रूप में एक बार फिर पूरा भारत देश नरेंद्र मोदी जी के हाथों अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा। वही उनके हाथों को मजबूत करने के लिए पूरे देशवासियों ने भाजपा के 400 सांसदों से भी ज्यादा जीताने का संकल्प ले लिया है। शहर वासी एवं व्यवसायियों ने भी हमारे क्षेत्र के विकास के लिए पढ़े लिखे अनुभवी प्रतिनिधि बीडी राम को हमारे क्षेत्र की अधूरे कार्य पूरे करने हेतु अपार मतों से जिताने का संकल्प लिया। चेंबर अध्यक्ष श्री शंकर ने कहा कि 24 अप्रैल को बीडी राम का नॉमिनेशन ऐतिहासिक होने जा रहा है जिसमें शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के व्यवसायी प्रमुखता से हिस्सा लेंगे। अंत में श्री शंकर ने कहा कि राजतिलक की करो तैयारी देश में आयेंगे भगवाधारी।

ग्रासिम ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत रेहला कन्या प्लस टू उवि में मना पृथ्वी दिवस, इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी बोले

# प्रकृति-प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से होंगे भयंकर परिणाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

विश्रामपुर पलामू। ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व रेहला ने कन्या +2 उच्च विद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया। मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि आज जिस तरह से पूरे धरती पर औद्योगीकरण एवं विकास के कार्य हो रहै हैं उसमें प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधनों का लगातार दोहन हो रहा है, धरती पर वृक्षों की संख्या दिन ब दिन कम होती जा रही है।





**खास बातें :** धरती का तापमान निरंतर रूप से बढ़ता चला जा रहा है जिससे जलवायु परिवर्तन हो रहा है। मौसम का चक्र बदल रहा है। पर्याप्त बारिश नहीं हो पा रही है। अगर हम सचेत नहीं हुए तो इसके परिणाम बहुत भयंकर होंगे और हमारे आने वाली पीढ़ी को इसकी सजा भुगतनी पड़ेगी। उन्होंने वहां उपस्थित छात्राओ एवं सभी लोगों से निवेदन किया कि अधिक से अधिक पौधे लगायें, ताकि पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सके, धरती को सुरक्षित किया जा सके। हम प्लास्टिक का आज से उपयोग कम करना शुरू करें, जब भी घर से निकले तो कपड़े के थैले लेकर निकले। वैसा प्लास्टिक का उपयोग कभी ना करें जो केवल एक बार इस्तेमाल किया जा सकने वाला हो। इस वर्ष की थीम जो उपग्रह परिणाम प्लास्टिक है उस पर हम सभी को साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो और हम अपने एकमात्र ऐसा उपग्रह जिस पर जीव, जंतु, पानी, जीवन सब कुछ है उसको सुरक्षित रख सके। साथ ही उन्होंने बताया कि जिस तरह जल संकट गहराता जा रहा है, इसके न्यूनतम इस्तेमाल एवं संरक्षण को विशेष बढ़ावा देना होगा, लोगों को इसके बारे में जागरूक करना पड़ेगा ताकि आने वाली पीढ़ियां को इसके संकट से बच सके। इकाई प्रमुख ने छात्राओं से कहा कि आप समाज का भविष्य हैं और इस मुहिम को आप अपने घरों, समाज मे आगे पहुंचाये ताकि धरती को सुरक्षित करने की मुहिम को सभी तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने सभी छात्राओं को पढ़ाई से संबंधित किसी भी जरूरत और सहायता हेतु मदद की बात की।

# भाजपा प्रत्याशी ने पाटन प्रखंड के कई गांवों में किया जनसंपर्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**

पाटन पलामू। भाजपा प्रत्याशी बिष्णुदयाल राम ने पाटन प्रखंड के ग्राम सिक्की, ब्रह्म मोरिया, हिसरा बरवाडीह, कारी आहर, सिरमा, कुडवा, सगुना, पाटन, निमिया, नगेसर, दुल्ही, बैदा समेत कई गांवों में कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर श्री राम ने जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से अपने पक्ष में पलामू संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए समर्थन मांगा। जनसंपर्क अभियान मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह के नेतृत्व में किया गया। कई जगहों पर श्री राम का स्वागत कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने किया। मौके पर श्री राम ने कहा कि जनसंपर्क के दौरान हर जगह क्षेत्र की जनता का अपार आशीर्वाद मिल रहा है। इस बार ग्रामीण अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मुझे आशीर्वाद देगी।



अपने पक्ष में मतदान की अपील करते भाजपा प्रत्याशी बीडी राम।

**खास बातें :** मौके पर मौजूद पूर्व सांसद मनोज कुमार व क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी ने भी लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आशीर्वाद देने की अपील की। कहा कि भाजपा प्रत्याशी बीडी राम द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र में कई विकास कार्य किये गये हैं। जनता इनके कार्यों से अवगत है। जनसंपर्क अभियान में अखिलेश पांडे, ईश्वरी पांडे, अशोक तिवारी, संतोष तिवारी, किशनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, सांसद प्रतिनिधि सुमन गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, जमुना प्रसाद, प्रेम प्रसाद, रिकी प्रसाद, अर्जुन तिवारी, राजेश्वर सिंह, पूनम देवी, रामस्वरूप सिंह, अजय सिंह, दिकू सिंह, आनंद सिंह, गुड्डू सिंह, धनपत राम, लाख दुबे, रमेश, लक्ष्मण कुमार, बबलू सिंह, विजय सिंह, अरविंद सिंह, पारस सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, रिकी प्रसाद साहू, गोपाल पासवान, राकेश दुबे, मुखिया शंकर पासवान, मुखिया आधार साहब, बिंदुसार, महेंद्र, सत्येंद्र सिंह, पशुपतिनाथ शर्मा थे।

### महागठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां ने किया पाटन प्रखंड के कई गांवों का सघन दौरा



पाटन पलामू। महागठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां ने पाटन प्रखंड के दर्जनों गांवों का दौरा किया। उन्होंने 24 अप्रैल को नामांकन में आने के लिए लोगों से अपील की। उनके इस दौरे में महागठबंधन के नेता उपस्थित थे। दौरा के क्रम में महागठबंधन के उम्मीदवार ममता भुईयां ने कहा कि क्षेत्र की जनता अबकी बार अपार मतों से वोट देकर केन्द्र में महागठबंधन की सरकार बनाये। उन्होंने कहा कि अबकी बार आपका महागठबंधन का प्रत्याशी आपके घर की बेटी आयी है आप सभी के आशीर्वाद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुर्व के जनप्रतिनधियों के द्वारा गरीबों व किसानों के लिए कोई काम नहीं किया गया। आप सभी एक बार हमें मौका दें क्षेत्र का तस्वीर व तकदीर बदल देंगे।

# पृथ्वी से सिर्फ लेने नहीं देने की परंपरा को विकसित करने की सख्त जरूरत : कौशल

- पृथ्वी दिवस पर हिन्डालको ने किया जागरूकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाते कौशल।

पंडवा पलामू। हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर कजरी मध्य विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षण अभियान के केन्द्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल, विशिष्ट अतिथि पाटन वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल राजु रजक, पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने भाग लिया। कार्यक्रम में पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि पृथ्वी दिवस पर हिंडालको ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम कर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से हमें सिर्फ लेने नहीं कुछ देने की परंपरा को विकसित करने की जरूरत है। मानवीय भूल के कारण बड़े पैमाने पर वनों को समाप्त कर दिया गया जिसका परिणाम यह है कि पूरा पर्यावरण प्रदुषित हो गया जिससे आज तापमान लगातार बढ़ रहा है और सुखाड़ अकाल की विभीषिका झेलना पड़ रहा है। इससे बचने के हम सभी को अपने घरों में होने वाले उत्सवों को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण कर उसे बचाने का संकल्प लेने की जरूरत है। प्रभारी वनपाल राजु रजक ने कहा कि आने वाले भविष्य के लोगों के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए पौधारोपण और वनों को बचाने की जरूरत है। पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने लोगों से पौधा लगाने के साथ साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

# राजधानी बिल्डिंग में लगी भीषण आग, लोगों में मची अफरा तफरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मेदिनीनगर। शहर थाना से सटे राजधानी बिल्डिंग में सोमवार की दोपहर आग लग गई। बिल्डिंग के पीछे वाले हिस्से में स्थित कंप्यूटर गोदाम से आग लगते ही पूरी बिल्डिंग में धुआं फैल गया, जिससे अफरा तफरी मच गयी। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से हुए नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है। राजधानी बिल्डिंग के पीछे वाले हिस्से से आग लगी और देखते-देखते पूरी बिल्डिंग में धुआं फैल गया। न्यू इंडिया इंश्योरेंस के कार्यालय में भी धुंआ भर गया। अपने कार्यालय में बैठे स्नेह रंजन श्रीवास्तव ने जब धुंआ देखा तो बाहर निकले और आसपास नजर दौड़ाई तो देखा की बिल्डिंग के पीछे वाले हिस्से से धुआं निकल रहा है। पीछे के हिस्से में गुरुसेव सिंह नामधारी उर्फ चन्नी का कंप्यूटर गोदाम है। घटना के वक्त गोदाम में ताला लगा हुआ था बंद हिस्से में आग लगी। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई गयी है। गोदाम से जब धुंआ निकला तो आसपास सटे दुकान ऑफिस आदि में भी फैल गया।

## बाइक और टेंपो की भीषण टक्कर, दर्जन लोग घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पाटन पलामू। प्रखंड के किशुनपुर पंचकेडिया मुख्य पथ के प्रसाहा गाव के समीप टेंपु एवं बाईक में भीषण टक्कर हो गयी। जिसमें दर्जनों लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि टेंपु चालक चुरादोहार से शादी समारोह से घर वापस नावाडीह उताकी जा रहा था। टेंपो चालक राजकुमार उताकी का रहनेवाला है। टेंपो में दर्जनों की संख्या में लोग सवार थे। इसी बीच नशे की हालत में तेज रफ्तार से बनासो की ओर से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसकी पहचान सतोवा बंजारी निवासी लखन पाल के 30 वर्षीय पुत्र रामाशीष पाल के रूप में की गई। इस घटना में दर्जन लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

### लोकसभा चुनाव : नामांकन के चौथे दिन लोकहित अधिकार के प्रत्याशी सनन ने भरा नामांकन परचा



मेदिनीनगर। पलामू लोकसभा निर्वाचन के नामांकन के चौथे दिन लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी सनन राम द्वारा नामांकन परचा दाखिल किया गया है। मालूम हो कि पलामू संसदीय क्षेत्र में चौथे चरण के दौरान 13 मई को मतदान होना है। इसे लेकर 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नामांकन फार्म बिक्री करने व भरने की तिथि प्रशासन द्वारा घोषित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर गाईड लाईन जारी किया गया है। जिसमें नामांकन फार्म भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल को है। 26 अप्रैल को स्क्रूटनी व 29 अपैल को नाम वापसी का तिथि निर्धारित किया गया है।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस आयोजित

# स्कूली विद्यार्थियों ने किया लघुनाट्य का प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ ए॰ के॰ सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस की शुरूआत की गयी। पश्चात पौधारोपण कर समारोह में उपस्थित छात्र एवं शिक्षकवृन्द को शुभकामनाएं दी गई। पूर्व माध्यमिक छात्रों द्वारा पृथ्वी, प्रदूषण, वृक्ष तथा विकास इत्यादि का स्वांग रचकर लघुनाट्य का प्रदर्शन किया गया। गीतों के माध्यम से नाट्य प्रदर्शनी देखते ही बनती थी। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस मनाई जाती है। 2024 का थीम है-प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक। पर्यावरण परिवर्तन से जुड़ी विभिन्न कठिनाइयाँ, जैसे समुद्र का लगातार बढ़ता स्तर, ओजोन परत का खतम होना और अंधाधुंध वनों की कटाई पर खुलकर चर्चा की जाती है। प्रत्येक देश अपने-अपने तरीके से इसमें योगदान देता है। लगातार बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग के जागरुकता बढ़ाने, दैनिक जीवन में पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को रोकने तथा जागरुकता हेतु यह आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वृक्ष, शुद्ध-वायु, एवं पृथ्वी के अभाव में मानव एवं किसी भी अन्य प्राणी की कल्पना निरर्थक है। सभी का कर्तव्य है कि हमें वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# मैट्रिक की परीक्षा में 471 अंक लाकर छत्तरपुर की कोमल बनीं प्रखंड टॉपर

- समाजसेवी अरविंद गुप्ता ने कोमल को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

छतरपुर पलामू। हौसला बुलंद हो तो मुट्ठी में हर मुकाम है, परेशानियां और बाधाएं तो जिंदगी में आम है। जी हां इस सूत्र को जिसने भी अपनी जिंदगी में उतारा वह सफलता की सीढ़ी चढ़ता गया है और यह कर दिखाया है छतरपुर के सुनार मुहला निवासी किशोर कुमार उर्फ डबलू चंद्रवंशी की पुत्री कोमल कुमारी ने। कोमल ने सिमित संसाधनों में भी पढ़कर प्रखंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। कोमल कवलबास बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा है। कोमल की सफलता से परिजन और पड़ोस के लोग बेहद खुश हैं। कोमल आईएएस अधिकारी बनना चाहती हैं और मैथ विषय के साथ आगे की पढ़ाई जारी रखना चाहती है ताकि इंजीनियर बनकर वह आईएएस क्वालीफाई कर पाये।



कोमल की सफलता की सूचना मिलते ही छत्तरपुर विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष सह नगर के समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन उनके घर पंहुचे और कोमल को मिठाई खिला कर शुभकामनाएं दी और सम्मानित किया। इस मौके पर अरविंद ने कहा कि शिक्षा वह हथियार है जिसके प्रयोग से कोई भी इंसान अपनी, अपने परिवार और अपने इलाके की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकता है। कोमल की सफलता उन छात्रों के लिए एक प्रेरणा है जो थोड़ी भी मुश्किलों से विचलित हो जाते है वैसे छात्रों को कोमल की सफलता से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ते और पढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो असफल हुए हैं या जिनके प्राप्तांक कम आए हैं, उन्हें जरा भी निराश होने की जरूरत नहीं है, बस थोड़ा परिश्रम और धैर्य रखने की आवश्यकता है। अरविंद ने कोमल के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दृढ़ निश्चय से किया गया हर परिश्रम आदमी को सफलता की ओर ले जाता है और कोमल ने जो आईएएस बनने का सपना देखा है वह सपना जरूर साकार होगा। मौके पर बबलू चंद्रवंशी, किशोर चंद्रवंशी, अग्रवाल कॉलेज के प्रोफेसर पंचम कुमार उपस्थित थे।

# पुलिस ने करीब 44 लीटर शराब किया बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**अररिया।** जिले में सोनामनी गोदाम ओपी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की देर रात सोनामनी गोदाम काली मंदिर के निकट 44.4 लीटर नेपाली देशी शराब बरामद किया। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने सोमवार को बताया कि सूचना मिली थी कि नेपाल तरफ से कुछ कारोबारी भारी मात्रा में शराब लेकर भारतीय क्षेत्र में आ रहा है। मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम के साथ उक्त स्थल पर पहुंचा तो देखा कि नेपाल तरफ से कुछ लोग सिर पर बोरा लेकर आता दिखा। लेकिन पुलिस वाहन को देखते ही बोरा फेंककर अंधेरा का लाभ उठाते हुए नेपाल तरफ भागने में सफल रहा। हालांकि एक तस्कर को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की। बरामद शराब को लेकर स्वलिखित बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# तबरेज हत्याकांड का आरोपित लोडेड देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले में हरसिद्धि थाना क्षेत्र के भादा पंचायत के झड़वा कब्रिस्तान के समीप हुई तबरेज आलम की हत्या मामले में पुलिस ने रविवार की रात सेवरहा बाजार के समीप छापेमारी करते हुए एक नामजद अभियुक्त को लोडेड देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि एक अपराधी स्कार्पियो के साथ भागने में सफल रहा। पकड़ा गया अपराधी हसुआंहा लालगंज के मोतीलाल साह का पुत्र अभिनंदन कुमार है। पकड़े गए आरोपित को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पूछताछ के दौरान अभिनंदन ने पुलिस को बताया है कि उसके पास से बरामद देशी पिस्टल व कारतूस उसने बहरामपुर के सुरेश शर्मा के पुत्र मुना कुमार से लिया था। पुलिस का कहना है कि अभिनंदन अपने साथियों के साथ मिलकर कोई आपराधिक घटना का अंजाम देने वाला था। उसके पहले पकड़ा गया। छापेमारी में अरेराज डीएसपी के अलावे थानाध्यक्ष नवीन कुमार,एसआई रविरंजन कुमार शामिल थे। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि 29 मार्च को झाडवा में तबरेज आलम को गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। मामले में अभिनंदन आरोपी है। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज कर पकड़े गए आरोपी को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जिला के 12 सदस्यीय टीम ने जीते 16 मेडल

## 6 गोल्ड, 5 सिल्वर व 5 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर रामगढ़ जिला का बढ़ाया मान, दी गई बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ जिला के 12 सदस्यों की कराटे टीम ने रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश राय टानाभगत इंडोर स्टेडियम में 20-21 अप्रैल को आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर 16 मेडल जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में शामिल टीम 6 गोल्ड, 5 सिल्वर एवं 5 ब्रांज मेडल पर कब्जा जमाया है। गोल्ड मेडल जीतने वालो में चंद्र प्रकाश उपाध्याय, आर्या अग्रवाल, प्रियंका कुमारी, रवि सोरेन, ऋषि राज एवं संजय कुमार शामिल हैं। वहीं सिल्वर मेडल प्राप्त करने वालो में चंद्र प्रकाश उपाध्याय, अनुष्का, चंदन कुमार, प्रमोद कुमार एवं रवि सोरेन और ब्रोंज मेडल पाने वालो में विधि कुमारी, प्रणय कुमार, ऋषि राज, अनुष्का कुमारी एवं प्रियंका कुमारी शामिल है। उक्त जानकारी देते हुए रामगढ़ जिला कराटे संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र सिन्हा ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा आयोजित किया गया था। यह प्रतियोगिता कैडेट, जूनियर, अंडर 21 एवं सीनियर ग्रुप के कता एवं कुमिते फॉर्मेट में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला के नेशनल जज विनय रंजन, मार्शल टुडू एवं नंदू साव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट आगामी 8 से 12 मई को देहरादून स्टेडियम में होने वाले (केआईओ) नेशनल कराटे प्रतियोगिता के में भाग लेंगे। खिलाड़ियों की सफलता पर रामगढ़ जिला कराटे संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, सचिव शशि पांडे, संजय सोनकर, सुमित कुमार, प्रदीप हांसदा, योगेंद्र गंझू, राशि सिन्हा, कमल नायक एवं बबलू करमाली ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।




प्रशिक्षकों के साथ मेडल जीतने वाले सफल कराटेकार

# उड़ान की महिलाओं ने रामनवमी जुलूस में किया सेवा कार्य

**नवादा।** जिले की सांस्कृतिक संस्था उड़ान की महिलाओं ने सोमवार को नवादा के प्रसिद्ध चौराहे पर सेवा शिविर का आयोजन कर रामनवमी जुलूस में निकले हजारों श्रद्धालुओं को शरबत पानी पिलाकर सेवा अर्पित की। उड़ान की सचिव प्रगति श्रीवास्तव, नूतन बिहारी ,तरुना कुमारी ने बताया कि धार्मिक तथा सामाजिक भावनाओं की प्रेरणा के उद्देश्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया है । प्रतिवर्ष रामनवमी जुलूस में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को ठंडा जल तथा शरबत पिलाने के उद्देश्य महिलाएं द्वारा सेवा शिविर का आयोजन की जाती है। ताकि हम सबों का योगदान भारत की संस्कृति के निर्माण में संभव हो सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समाज सेवा में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से उड़ान संस्था सदैव प्रथम शील है। इसी भावनाओं के तहत सेवा शिविर का आयोजन किया गया। रतन सिंह ने बताया कि बेहतर सेवा करने वाली महिला प्रतिनिधियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## खबर एक नजर में

# महायज्ञ में हो रहे मंत्रोच्चारण से पूरा क्षेत्र है गुंजायमान

**कुजू।** श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ, बड़की डूंडी में श्री श्री 1008 हनुमंत लला प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ में वैदिक विद्वान पंडितों द्वारा पूरे विधि- विधान से पूजा पाठ कराए जा रहे हैं। जिसमें श्रद्धालु अपनी सहभागिता लेकर अपने जीवन को आत्मसात करने में लगे हैं। इधर बोंगाबार के आयोजित यज्ञ के चौथे दिन कई धार्मिक अनुष्ठान कार्य पंडितों द्वारा संपन्न कराया गया। साथ ही फूल - मालाओं से सजी वाहन पर भगवान श्री राम के सेवक हनुमान जी की प्रतिमा को सवार कर गाजे - बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला - पुरुष श्रद्धालु शामिल होकर जय श्री राम का जयघोष करते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया।

# पृथ्वी दिवस के अवसर पर वृक्षा रोपण का आयोजन

**कोडरमा।** आरपी.मोदी इंटरनेशनल हाई स्कूल लाराबाद के प्रांगण में पृथ्वी दिवस के अवसर पर वृक्षा रोपण का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से दशवीं तक के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा इस कार्यक्रम में बच्चों ने चित्र एवं हस्त कला आदि प्रदर्शनों के द्वारा पृथ्वी दिवस की महत्ता को प्रदर्शित किया तथा इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीमः एक पेड़ लगाओ, एक भविष्य बनाओ रखा गया। इस थीम के आाार पर प्राचार्य विक्रम कुमार सिन्हा द्वारा बच्चों को पेड़-पौै तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव और प्रकृति पर पड़ने वाले मनुष्यों द्वारा नकारात्मक प्रभाव से बच्चों को अवगत कराया। वहीं निदेशक रामदेव मोदी तथा स्कूल के सभी शिक्षक एंव शिक्षकेतर कर्मियों ने विद्यालय स्थित मैदान में एक-एक फलदार पेड़-पौै लगाये। मौके पर अलोक कुमार, सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी शामिल थे।

# मतदान कर्मियों को 24 अप्रैल से दिया जायेगा प्रशिक्षण : उपायुक्त

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाािकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए मतदान कर्मियों का बेहतर प्रशिक्षण होना अति आवश्यक है। जितनी अच्छी प्रशिक्षण मतदान कर्मियों को दी जायेगी, त्रुटिरहित मतदान प्रक्रिया की संभावना उतनी ही आाक होगी। इस संदर्भ में पोलिंग पार्टी (मतदान पदाािकारी 01, मतदान पदाािकारी 02, मतदान पदाािकारी 03, पीठासीन पदाािकारी व सभी महिला मतदान पदाािकारी) का प्रशिक्षण की समय-सारणी निाारित की गई है ताकि मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण सुनिश्चित की जा सके।

# ग्रिजली कालेज में पृथ्वी दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी बचाओ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के बीएड.सत्र 2023-2025 के प्रशिक्षुओं के द्वारा अपनी कलात्मक कलाओं का शानदार प्रदर्शन करते हुए उक्त विषय पर पोस्टर बनाए गए। वहीं निदेशिका डॉ.संजीता कुमारी ने कहा कि आज हमारी पृथ्वी के वातावरण में बहुत आाक परिवर्तन आ गया है, जिसके लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। अतः हम सभी को अपनी पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो। वहीं प्राचार्य डॉ.मृदुला भगत ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिससे हम शुद्ध वातावरण में रह सके। मौके पर सौरभ शर्मा, मनीषा, विनीता, पूनम, शिफा नूरी, समीउल्लाह, रिंकी कुमारी समेत सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# पृथ्वी हमारी मां है जिसकी ममता के आंचल में नर-नारी के जीवन की रचना होती है : निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन (10+2) कॉन्वेंट स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेषक मदन प्रसाद केषरी ने दीप जलाकर किया। मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोाित करते हुए निदेशक श्री केषरी ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है, जिसे प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिक सीनेटर जेराल्ड नेल्सन के 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप में की थी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार और समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से 1992 में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 22 अप्रैल को आाकारिक तौर पर विश्व पृथ्वी दिवस घोषित किया। विश्व पृथ्वी दिवस एक ऐसा दिवस है जिस दिन दुनिया भर में पृथ्वी और उसके पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने पर जोर दिया जाता है।

पृथ्वी हमारी मां है, जिसकी ममता के आंचल में हर नर-नारी के जीवन की रचना होती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की समान रूप से जिम्मेदारी है। पृथ्वी जितनी ही समृद्ध रहेगी प्रति उतना ही प्रसन्न रहेगा। मानवीय क्रियाकलापों के कारण ारती के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। अभी समय है चेतने और सुारने का, नहीं तो संकट इतना गंभीर हो जाएग्गा कि उससे निबटना मुश्किल हो जाएगा। मौके पर उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, खुशीद आलम, मुकेश भारती, वीरेन्द्र कुमार, अभिषेक पाण्डेय, सुषमा तिवारी, रिजवाना शाहीन, संजीव कुमार, सरिता दुबे सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




संबोधित करते निदेशक मदन प्रसाद केशरी

# देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसडीपीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व भवनाथपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र के सिंदुरिया निवासी आलोक साव पिता स्व. बैजनाथ साव है। इसकी जानकारी श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने सोमवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि आसन लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं निष्पक्ष वातावरण में कराने को लेकर गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना पर रविवार की रात सिंदुरिया निवासी अलोक साव 30 वर्ष को दो देशी लोडेड कट्टा व कुल पांच राउंड जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। बताया कि उक्त अपराधी के विरुद्ध थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को गढ़वा जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में पुअनि परवेज आलम, पुटुल कुमार, विश्वजीत कुमार सिंह, चंद्रमणी राम, इंद्रकुमार मंडल शामिल थे। मौके पर पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार वीर, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मौजूद थे।

# घर में गैस सिलेंडर से लगी आग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** कर्पूरी चौक स्थित तालाब के समीप सोमवार की सुबह एक घर में गैस सिलेंडर से आग लग गई। इस अगलगी की घटना में घर में रखा हुआ फर्नीचर, नगदी एवं किराना का सामान सहित करीब एक लाख रूपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के संबंध में पीड़िता रेणु कुंअर पति स्व. अनिल साह ने बताया कि मेरा छोटा पुत्र सुबह गैस चूल्हा पर अंडा उबाल रहा था, उसी दौरान गैस सिलेंडर के पास बिक्री के लिए जरकिन में रखे पेट्रोल में आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गयी। आग से घर के अंदर रखा हुआ किराना का सामान, दो पलंग, कूलर, मोटर पंप, कुर्सी, 10 हजार रूपये नगद सहित करीब एक लाख रूपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

अगलगी की घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर पंसस चंदन ठाकुर पीड़िता के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा सीओ से मिलकर अगलगी की घटना की जांचोपरांत मुआवजा दिलाने की आश्वासन दिया।



जानकारी देती पीड़िता

# राजग गठबंधन की बैठक में बीडी राम को भारी बहुमत से जीताने का निर्णय



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सोमवार को राजग गठबंधन (एनडीए) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी बहुमत से जीताकर लोकसभा दिल्ली संसद में भेजने का निर्णय लिया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा कि राजग गठबंधन पूरे प्रदेश में मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है। राजग के कार्यकर्ता में भारी उत्साह है। अबकी बार 400 पार के नारा को साकार करने में गठबंधन मजबूती के साथ लगा हुआ है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि गढ़वा में राजग गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव में मिलजुल कर कार्य करेंगे। आजसू जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि गठबंधन में आजसू पूरे तन, मन से राजग के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को जीताने का निर्णय लिया है।

# खगड़िया संसदीय क्षेत्र से संबंधित व्यय प्रेक्षक ने कोषांग का निरीक्षण

**सहरसा।** लोक सभा आम निर्वाचन-2024 निमित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त 25-खगड़िया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित व्यय प्रेक्षक सुनील कुमार नायर द्वारा जिला जनसंपर्क कार्यालय में कार्यशील मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में व्यय प्रेक्षक महोदय ने मीडिया, एमसीएमसी कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यो के संबंध में प्रतिनियुक्त कर्मियों से पूछताछ की। निरीक्षण के क्रम में नोडल पदाधिकारी मीडिया एमसीएमसी कोषांग द्वारा व्यय प्रेक्षक महोदय को जानकारी दी गई की प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया का कोषांग में प्रति नियुक्त कर्मियों द्वारा निरंतर अवलोकन किया जा रहा है। एवं उक्त से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं का पंजी में समुचित संधारण भी किया जा रहा है।

# शस्त्र जमा नहीं करने वाले 35 लोगों का डीसी ने किया लाइसेंस रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शेखर जमुआर के आदेश का उल्लंघन करने वाले 35 अनुज्ञप्तिधारियों का शस्त्र का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। एसपी दीपक कुमार पांडेय के अनुशंसा पर डीसी ने यह कार्रवाई करते हुए 35 लोगों का लाइसेंस रद्द कर दिया है।

जानकारी देते हुए डीसी शेखर जमुआर ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत गढ़वा जिले में 16 मार्च 2024 से आदर्श आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत गढ़वा जिले में स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र निर्वाचन संपन्न करने के लिए निरंतर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले के सभी निर्गत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्रों को थाना अथवा गन हाउस में जमा करने का आदेश जारी किया गया था। आदेश के बावजूद कुछ अनुज्ञप्ति धारी द्वारा शस्त्र जमा नहीं किया गया। तत्पश्चात आर्म्स एक्ट 1959 तथा आर्म्स रूल 2016 का उल्लंघन के मामले में एसपी ने ऐसे अनुज्ञप्तिधारी का शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने की अनुशंसा की थी। उक्त अनुशंसा के आलोक में आर्म्स एक्ट की धारा 17 3(बी) के तहत ऐसे कुल 35 अनुज्ञप्तिधारियों का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। इनमें मुख्य रूप से सुनील कुमार उपाध्याय, विनय पांडेय, गोपाल कृष्ण चौबे, प्रदीप कुमार महतो, मो. रशिद खान, नागेंद्र प्रसाद केशरी, संजय कुमार उपाध्याय, जयप्रकाश गुप्ता, कामेश्वर विश्वकर्मा, केश्वर तिवारी, नागेन्द्र नाथ धर दुबे, जय किशोर शुक्ला, राजेश्वर तिवारी, द्वारिका प्रसाद केशरी, प्रभाकर चौबे, अनीता देवी, डॉ. जितेंद्र सिन्हा, मो.शरीफ, रंगनाथ पांडेय, चंद्रशेखर प्रसाद मेहता, सुनील पांडेय, बलेंद्र कुमार सिंह, जयराम महतो, राम विनय सिंह, राजेश्वर प्रसाद सिंह, नीलम प्रताप देव, राजमणि प्रताप देव, सुरेंद्र कुमार जायसवाल, सूरजमणी सिंह, कंचन मणी सिंह, अनिरुद्ध पांडेय, अजय कुमार चंद्रवंशी, बाबूराम शुभग सिंह, गिरिवर पांडे, मो. असलम अंसारी का नाम शामिल है।



# पेज एक का शेष

## जीता तो जनसेवा...

प्रदीप यादव ने कहा जो लोग संविधान बचाने की बात करते हैं वह सबसे पहले आरक्षण को खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने एक हजारों करोड़ का कर्जा आदनी-अम्बानी का माफ कर रही है। हमारे राहुल गांधी ने एलान किया है करोड़ों किसानों का कर्ज माफ करेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द हम सब फुरकान और अन्य घटक दलों के नेताओं भी मिलेंगे। उल लेखनीय है कि एक दिन ही कांग्रेस ने गोड्डा लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बदला है। पहले यहां से दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया गया था, अब यहां से प्रदीप यादव चुनाव लड़ेंगे।

## आज अर्जुन मुंडा...

उनके अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो समेत एनडीए के कई नेता मौजूद रहेंगे। नामांकन के बाद राजनाथ समेत भाजपा नेता सभा को भी संबोधित करेंगे। पहले फेज में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीट के लिए चुनाव होने हैं। इसमें पलामू सीट एससी के लिये जबकि बाकी तीन सीट एसटी के लिए आरक्षित है। दूसरे फेज में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग सीट के लिए वोटिंग होगी। तीसरे चरण में गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को मतदान होगा। चौथे फेज में राजमहल, दुमका और गोड्डा सीट के लिए 1 जून को मतदान होगा।

## दो साल में नक्सलवाद ...

लेकिन वे राम के दरबार में नहीं आये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि कश्मीर का बाकी राज्यों से क्या लेना देना, उन्हें पता नहीं है कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है।

**आज बंगाल में शाह की जनसभा :** नयी दिल ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक बार फिर पश्चिम बंगाल आ रहे हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, वह मंगलवार को उत्तर बंगाल में दो सभाएं कर सकते हैं। पहले उन्हें रविवार को आना था, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हेलिकॉप्टर उतर नहीं सका। श्री शाह का रायगंज और मालदह दक्षिण में सभा करने के साथ नेताओं के साथ बैठक करने का कार्यक्रम भी है। रायगंज लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान है।

## सरयू राय की...

दो मुकदमो में सजा हुई है। जो पार्टी अपने प्रत्याशी के खिलाफ खुद ऐसा कह रही है ऐसे में उनके देव तुल्य कार्यकर्ताओं को अपनी अंतरआत्मा की बात सुनने की जरूरत है।

**बाघमारा विधायक को तो छोड़ेंगे नहीं :** श्री राय ने कहा, 2022 में धनबाद से सीनियर एसपी ने बाघमारा विधायक के खिलाफ हाइकोर्ट में जो रिपोर्ट सौंपी थी उसके अनुसार विधायक को 4 मामलो में सजा होनी है। अब यह भाजपा को तय करना है कि 400 पार के नारे में धनबाद है या नहीं। यदि है तो क्या पार्टी धनबाद में मध्यावधि चुनाव कराना चाहती है। हमलोग तो छोड़ेंगे नहीं। हाईकोर्ट से स्पीडी ट्रायल चलाकर जल्द से जल्द सजा की मांग करेंगे। यह वहीं भाजपा है जिसने वर्ष 2014 में कहा था कि बाघमारा को विधायक के आतंक से मुक्त कराना है और आज उसी को टिकट देकर प्रत्याशी बना दिया।

वहीं सूत्रों की माने तो सरयू राय खुद धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। वह फिलहाल जमशेदपुर पश्चिमी सीट से विधायक हैं। यह सीट उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराकर जीता था। यदि सरयू राय धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं तो भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए परेशानी हो सकती है।

स्पीड न्यूज

## कतर के अमीर दो दिनों के नेपाल दौरे पर

**काठमांडू।** कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी का मंगलवार से दो दिनों के नेपाल भ्रमण पर आने का कार्यक्रम है। यहां उनके भ्रमण की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल के औपचारिक निमंत्रण पर कतर के अमीर राजकीय भ्रमण पर मंगलवार को काठमांडू पहुंचने वाले हैं। अपने निजी विमान से सुबह काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर पहुंचेंगे। विमानस्थल पर उनके स्वागत करने के लिए नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल खुद मौजूद रहने वाले हैं। कतर के अमीर के भ्रमण को देखते हुए सुरक्षा कारणों से काठमांडू में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। इस दौरान 9 समझौतों पर हस्ताक्षर होने की जानकारी दी गई है।

## एनआइए ने कश्मीर में नौ जगहों पर मारे छापे

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनकी शाखाओं से जुड़े एक आतंकवादी साजिश मामले में सोमवार को जम्मू-कश्मीर में नौ स्थानों पर छापे मारे। एनआइए के एक प्रवक्ता ने बताया कि लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेइएम), हिज्ब-उल-मुजाहिदीन (एचएम), अल-बद्र और अल-कायदा जैसे नवगठित शाखाओं और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सहयोगियों से जुड़े हाइब्रिड आतंकवादियों तथा ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के परिसरों पर छापे मारे गये। इस दौरान, बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डेटा और दस्तावेजों वाले कई डिजिटल उपकरण बरामद किए गए।

## गाजा में मृतकों की संख्या 34,151 हुई

**गाजा।** गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मृतकों की संख्या बढ़कर 34,151 हो गयी है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी।मंत्रालय ने कहा कि इजरायली सेना की पिछले 24 घंटों के दौरान की गयी कार्रवाई में 54 फिलिस्तीनियों मारे गए और 104 अन्य को घायल हो गए। इससे इजरायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 34,151 हो गई और 77,084 लोग घायल हो गए।

## चीन में भारी बारिश तीन की मौत, 11 लापता

**गुआंग्डोंग।** चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग प्रांत के कई हिस्सों में हाल के दिनों में लगातार भारी बारिश के बाद तीन लोगों की मौत हो गई और 11 लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। तीन मौतें झाओकिंग शहर में हुईं। तीन लोग बारिश के कारण फंस गए थे और घटनास्थल पर ही मृत पाए गए। खोज एवं बचाव अभियान अब भी जारी है।

## राष्ट्रपति दो दिन के लिये उत्तराखंड जाएंगी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल उत्तराखंड की दो दिन की यात्रा पर जायेंगी। राष्ट्रपति मंगलवार को एम्स ऋषिकेश के चौथे दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। शाम को वह ऋषिकेश में गंगा आरती में शामिल होंगी।

## मोदी के मंगलसूत्र वाले बयान पर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस, कहा

# पीएम मोदी के खिलाफ ऐक्शन लिया जाए

- कांग्रेस ने पीएम मोदी पर लगाया आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप
- कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को चुनाव आयोग को सौंपी अपनी शिकायत
- कहा- 17 शिकायतें दी, सभी देश के संविधान के मूल सिद्धांतों पर आघात से जुड़ी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे। कांग्रेस का कहना है कि पीएम मोदी ने 'विभाजनकारी एवं दुर्भावनापूर्ण' बयान देकर आचार संहिता का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया है। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी और कुछ अन्य विषयों पर शिकायतें कीं। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और गुरदीप सप्पल शामिल थे। सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा कि हमने कुल 17 शिकायतें की हैं। ये सभी शिकायतें गंभीर हैं और देश के संविधान के मूल सिद्धांतों पर आघात करने वाली हैं। हम आशा करते हैं कि जल्द से जल्द ठोस और स्पष्ट कदम उठाए जाएंगे।'

### निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता का सवाल



उन्होंने कहा कि भारत, संविधान, प्रधानमंत्री के पद और निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता का सवाल है...जो आम आदमी के विषय में करते हैं, वो प्रतिबंध लगाना पड़ेगा, चाहे कोई व्यक्ति कितना ही बड़ा है, क्योंकि यह संवैधानिक अस्मिता का सवाल है। कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में प्रधानमंत्री की टिप्पणी को विभाजनकारी और दुर्भावनापूर्ण बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को राजस्थान की एक चुनावी सभा में कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है, तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर 'पहला हक' अल्पसंख्यक समुदाय का है।

**सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन खारिज होने का मामला**

कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन खारिज होने और भाजपा के अतिरिक्त अन्य सभी उम्मीदवारों के नामांकन वापस लिए जाने का विषय भी निर्वाचन आयोग के समक्ष उठाया और चुनाव स्थगित करने की मांग की। सिंघवी ने कहा कि सूरत में चुनाव स्थगित कर नई तिथि की घोषणा की जाए। कांग्रेस ने भाजपा पर सोशल मीडिया हैंडल पर धार्मिक प्रतीकों का इस्तेमाल कर इसके आधार पर वोट मांगने का आरोप भी लगाया। पार्टी ने कहा कि इस मामले में भी निर्वाचन आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए।

## राहुल गांधी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग पहुंची भाजपा, कार्रवाई की मांग

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की शिकायत लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रतिनिधिमंडल मुख्य चुनाव आयोग पहुंचा। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में पार्टी महासचिव तरुण चुघ, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और वरिष्ठ नेता ओम पाठक शामिल थे। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसी) से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में भाजपा महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि राहुल गांधी जिस तरह से लोगों को भाषा और क्षेत्र के आधार पर लड़ाने की साजिश कर रहे हैं, हमने उसकी शिकायत की। हमने चुनाव आयोग को बताया कि वह एक सिलसिलेवार और आदतन अपराधी हैं, जो झूठ बोलते हैं, साजिश रचते हैं और लोगों का ध्यान भटकाते हैं। तरुण चुघ ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने देश में उत्तर और दक्षिण के बीच दरार पैदा करने कोशिश की है, वो बेहद शर्मनाक है। इससे पहले भी भाजपा ने इस विषय पर राहुल गांधी की शिकायत की थी लेकिन उन्होंने अपने भाषण में विभाजनकारी शब्दों का प्रयोग जारी रखा। उन्होंने अपने भाषणों में देश को बांटने का पूरा प्रयास किया है। देश को दोबारा 60-70 के दशक में पहुंचाने का प्रयास जारी रखा। चुनाव आयुक्त को राहुल गांधी की शिकायत के साथ उनके भाषणों के लिंक्स दिए गए हैं और उन पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## महबूबा सिर्फ सीट पाने की लालसा से इंडिया समूह में शामिल हुईं: उमर

एजेंसी



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को आरोप लगाया कि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती सिर्फ सीट पाने की लालसा के लिए इंडिया समूह में शामिल हुई हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के उम्मीदवार मियां अल्ताफ के लिए प्रचार कर रहे हैं जो अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट से महबूबा मुफ्ती, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के मोहम्मद सलीम और अपनी पार्टी के नेता जफर मन्हास के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में एक सार्वजनिक रैली के दौरान श्री उमर ने कहा, मुफ्ती ने स्वार्थी तौर पर पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन (पीएजीडी) और इंडिया समूह के दरवाजे से सीट पाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में लोगों के बीच नफरत पैदा करने और डर का माहौल फैलाने की कोशिश की जा रही है। नेकां उपाध्यक्ष ने कहा कि नेकां के लिए इंडिया समूह में शामिल होने या कांग्रेस और अन्य के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की कोई बाध्यता नहीं थी। यह वैसा ही था जैसे हम स्थिति और उन खतरों के बारे में जानते थे जिनका हम सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर हम स्वार्थी होते तो कांग्रेस और माकपा नेता तारागामी पीडीपी के साथ जा सकते थे। मुझे एक मिनट के लिए स्वीकार करने दीजिए कि मैं स्वार्थी हूं, क्या तारागामी भी स्वार्थी हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य कभी भी सीट हासिल करना नहीं था, लेकिन दुर्भाग्य से कुछ लोग हमारे साथ जुड़ गए थे, जिन्होंने सिर्फ सीट के लिए गठबंधन को महत्व देने का काम किया। श्री उमर ने सुश्री मुफ्ती पर मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उन लोगों की बजाय दूसरों की मदद करने का आरोप लगाया जिन्हें उनके प्रतिनिधित्व की सख्त जरूरत थी।

## मालदीव में पीपुल्स नेशनल कांग्रेस की जीत

एजेंसी

**माले।** मालदीव के संसदीय चुनावों में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने 93 में से 71 सीटें हासिल कर निर्णायक जीत हासिल कर ली हैं। स्थानीय मीडिया ने इस जीत को पर्यटन पर निर्भर राष्ट्र मालदीव में चीन-अनुकूल नेता के परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण राजनीतिक जनादेश करार दिया है। श्री मुइज्जू पिछले साल भारत विरोधी एजेंडे की वकालत करते हुये सत्ता में आए थे। जनवरी में उनकी चीन की राजकीय यात्रा और आर्थिक, व्यापार और बुनियादी ढांचे के मामलों पर आगामी समझौतों ने चीन के साथ संबंधों को और मजबूत किया है। दो एशियाई दिग्गजों चीन और भारत के साथ मालदीव का नाजुक संतुलन लंबे समय से इसकी राजनीति में एक केंद्रीय विषय रहा है।

## सूरत लोस सीट से भाजपा उम्मीदवार मुकेशभाई निर्विरोध विजेता घोषित

**सूरत।** गुजरात में सूरत लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मुकेशभाई दलाल को सोमवार को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया। सूरत जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर डॉ. सौरभ पारधी ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार मुकेशभाई दलाल को आज निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया है।

## योगी जैसा साथी मेरे लिए गर्व की बात : मोदी

एजेंसी

**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि योगी आदित्यनाथ जैसा साथी होना उन्हें गर्व की अनुभूति देता है। श्री मोदी ने यहां आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब हमारी बहन बेटियां घर से बाहर नहीं निकल पाती थीं। योगी की सरकार में अपराधियों में हिम्मत नहीं है कि वो नागरिकों का अमन चैन बिगाड़ें। प्रधानमंत्री ने कहा जो लोग योगी जी की पहचान केवल बुलडोजर से करते हैं उन्हें अपनी आंख खोल लेना चाहिए। यूपी में आजादी के बाद जितना औद्योगिक विकास हुआ, उतना अकेले योगी जी के कालखंड में हुआ है। ओडीओपी का उनका मिशन आज पूरे देश में नई इज्जत प्राप्त कर रहा है। उन्होने कहा यूपी में अगर विकास को नई ऊंचाइयों पर कोई ले गया है तो योगी जी की सरकार लेकर गई है। काशी का सांसद होने के नाते ये मेरे भी माननीय मुख्यमंत्री हैं। मैं गर्व की अनुभूति करता हूं कि मेरे पास ऐसे साथी हैं।

### पीएम मोदी का 24 अप्रैल को एमपी का दौरा प्रस्तावित

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार के उद्देश्य से बुधवार को राज्य की यात्रा पर आएंगे और इसके मद्देनजर सुरक्षा संबंधी आवश्यक तैयारियां भी की जा रही हैं। श्री मोदी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाएं और रोड शो कर सकते हैं। श्री मोदी का रोड शो राजधानी भोपाल में प्रस्तावित है और इसके लिए सुरक्षा संबंधी सख्त उपाय किए जा रहे हैं। इसके अलावा श्री मोदी सागर और हरदा जिले की यात्रा पर चुनावी सभाएं लेंगे।

## रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के रामभक्त

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान श्रीरामलला का दर्शन करने सोमवार को 30 देशों से 90 विदेशी श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं का नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड अंबेस्डर व दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं का स्वागत रामनामी अंगवस्त्र देकर व माथे पर चंदन का तिलक लगाकर किया गया। इससे पहले बीती शाम सभी श्रद्धालु सरयू घाट पर आरती में भी शामिल हुए। इस टोली ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचकर राम भक्त बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया।

## इंसुलिन न देने को लेकर अदालत को ईडी कर रही गुमराह: आप

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन न मिले इसलिए जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (इडी) और तिहाड़ प्रशासन अदालत को गुमराह कर रही है। आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि श्री केजरीवाल को इंसुलिन न मिले इसलिए इडी और तिहाड़ प्रशासन अदालत को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ईडी और जेल प्रशासन ने अदालत में कहा कि उन्होंने श्री केजरीवाल को एम्स के डॉक्टर को दिखाया जो सरासर झूठ है। इडी और तिहाड़ प्रशासन द्वारा अदालत में पेश होने तक श्री केजरीवाल का एम्स के किसी डायबटीज विशेषज्ञ से परामर्श नहीं लिया गया। सुश्री आतिशी ने कहा कि 30 साल से गंभीर डायबटीज के मरीज की इन्सुलिन रोकने के लिए एम्स के एक सामान्य से डाइट चार्ट को अदालत में आधार बनाया गया। उन्होंने ईडी-तिहाड़ प्रशासन अदालत और पूरे देश को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। श्री केजरीवाल अपने डॉक्टर से बात न कर सके, इन्सुलिन न ले सके इसलिए यह पूरा षड्यंत्र रच जा रहा है।

## नक्सलियों ने किया समर्पण, तीन महिला भी शामिल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कोंटा इलाके में हमेशा से सक्रिय रहे छह नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुकमा जिले के कोंटा इलाके में हमेशा से सक्रिय रहे छह नक्सलियों ने बस्तर जिले को छोड़कर आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में डीआईजी और एसपी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। समर्पण नक्सली बुकार्पाल और भेज्जी हमले में शामिल होने की बात कही जा रही है।

## सैनिकों के दृढ संकल्प का प्रतीक है सियाचिन: राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में तैनात सैनिकों की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा है कि यह कोई साधारण भूमि नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता तथा दृढ़ संकल्प का प्रतीक है और इसकी रक्षा करने वाले सैनिकों का गौरवशाली इतिहास युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। सोमवार को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन का दौरा करने के बाद श्री सिंह ने कहा कि जैसे दिल्ली भारत की राष्ट्रीय राजधानी है, मुंबई वित्तीय राजधानी है और बेंगलुरु प्रौद्योगिकी राजधानी है, वैसे ही सियाचिन साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की राजधानी है।

## ईरान के राष्ट्रपति इस्लामाबाद पहुंचे यात्रा पर अमेरिका की नजर

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी पाकिस्तान की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे। इस दौरे के मद्देनजर राजधानी में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। यह जानकारी पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी का विमान से उतरते हुए फोटो जारी किया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मुमताज जहरा ने एक बयान में कहा कि ईरान के राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी और विदेश मंत्री तथा उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि इस यात्रा का समापन बुधवार होगा। इस दौरान दोनों मुस्लिम पड़ोसी इस साल अभूतपूर्व सैन्य हमलों के बाद संबंधों को सुधारने की कोशिश करेंगे। बयान में कहा गया है कि रायसी पूर्वी शहर लाहौर और दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची का दौरा करेंगे और प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और अन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। रायसी के आगमन के दौरान सुरक्षा उपायों के तहत इस्लामाबाद में प्रमुख राजमार्गों को सामान्य यातायात के लिए बंद कर दिया गया। सरकार ने कराची में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।

## बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का टीजर जारी, 'अश्वत्थामा' का पहला लुक सामने आया

एजेंसी




**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' से 'अश्वत्थामा' का पहला लुक सामने आ गया है। फिल्म का लुक पोस्टर और एक टीजर जारी किया जा चुका है। इसमें 'अश्वत्थामा' के किरदार में महानायक अमिताभ बच्चन का दमदार लुक नजर आ रहा है। फिल्म का लुक पोस्टर खुद बिग बी ने शेयर किया था, जिसके बाद टीजर रिलीज किया गया। इस साल की सबसे बड़ी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' पिछले कुछ दिनों से काफी चर्चा में है। एक के बाद एक एक्टर्स का फर्स्ट लुक सामने आ रहा है। अब इस फिल्म में अमिताभ बच्चन का लुक भी सामने आ गया है। फोटो खुद अमिताभ बच्चन ने शेयर की है। इस फिल्म के टीजर में अमिताभ बच्चन और एक छोटे बच्चे के बीच का डायलॉग सुना जा सकता है। वीडियो में अमिताभ बच्चन का पूरा शरीर सफेद कपड़े से ढका हुआ है और सिर्फ उनकी आंखें नजर आ रही हैं। जब वे शिव लिंग की पूजा कर रहे थे, तभी एक लड़का उनके पास आता है और कहता है, हाय...मैं राया हूं। इसके बाद वह अश्वत्थामा से कई प्रश्न पूछते हैं। तभी अश्वत्थामा के माथे से खून निकलता है और बालक कहता है, क्या आप भगवान हैं? इस पर वह कहते हैं, समय आ गया है, मेरी आखिरी लड़ाई का समय आ गया है। इसके बाद वह अश्वत्थामा की पहचान बताते हैं। इसमें छोटा बच्चा तेलुगु में बोलता नजर आ रहा है, जबकि अमिताभ बच्चन हिंदी में बोलते हैं। यह टीजर इस समय खूब चर्चा में है। फिल्म में प्रभास और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अमिताभ बच्चन की विशेष भूमिका है।



भारत में इजराइल के राजदूत विश्व पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण अभियान में शामिल हुए।

# रिलायंस जियो का मुनाफा चौथी तिमाही में 13 फीसदी बढ़कर 5,337 करोड़ रु. हुए

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** देश और निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में रिलायंस जियो का मुनाफा सालाना आधार पर 13 फसदी बढ़कर 5,337 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में यह 4,716 करोड़ रुपये रहा था। रिलायंस जियो ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 13.16 फीसदी बढ़कर 5,337 करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 4,716 करोड़ रुपये था। इसके साथ ही कंपनी की परिचालन आय चौथी तिमाही में 11 फीसदी बढ़कर 25,959 करोड़ रुपये रही है। कंपनी के मुताबिक पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में रिलायंस जियो का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के मुकाबले 12.4 फीसदी बढ़कर 20,466 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 में रिलायंस जियो की आय सालभर पहले की तुलना में 10.2 फीसदी बढ़कर 1,00,119 करोड़ रुपये हो गई है।

## हांगकांग ने भी एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सिंगापुर के बाद हांगकांग की सरकार ने भी भारत के मशहूर मसाला ब्रांड्स एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। हालांकि, इन दोनों कंपनियों की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र सरकार के खाद्य सुरक्षा केंद्र ने जारी बयान में कहा है कि जांच में इन दोनों मसालों में कीटनाशक पाया गया है, जो सेहत के लिए खतरनाक है। इसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद हांगकांग की सरकार ने इन मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। बयान में कहा गया है कि एमडीएच समूह के मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में जांच में एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी थी। इससे पहले सिंगापुर ने पिछले हफ्ते एवरेस्ट के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की थी, जिसमें एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा अनुमेय सीमा से अधिक होने का आरोप लगाया गया था। इससे पहले 2023 में अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने साल्मोनेला की मौजूदगी के चलते एवरेस्ट के उत्पादों को हटाने का आदेश दिया था।

## आसमान की रानी बोइंग 747 ने आखिरी उड़ान भरी

**नयी दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने अपने दिग्गज 747 बोइंग विमान को रिटायर कर दिया है। एयरलाइंस के आखिरी बोइंग 747 विमान ने सोमवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी। इसे कभी 'आसमान की रानी' भी कहा जाता था। एयर इंडिया ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि आज हम मुंबई से प्रस्थान करने वाली अपनी आखिरी 'आसमान की रानी', बी747 को अलविदा कहते हैं। शानदार उड़ानों के युग के लिए धन्यवाद। हम आपकी प्रतिष्ठित उपस्थिति को याद करेंगे। एयर इंडिया ने मुंबई हवाई अड्डे से विमान के प्रस्थान की तस्वीरें भी साझा की हैं।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !